राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...



11 ▶ ऑफ शोल्डर ड्रेस में साउथ की हसीना...



भारत के युवाओं का 'एकलव्य' जैसा ... ◀ 12

गाजियाबाद, शनिवार 04 जनवरी 2025 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्षः 11 अंकः 303, मूल्यः 2 रुपये, पृष्ठ -12

## न्यूज डायरी

### मुंबई के धारावी में भीषण हादसा, टैंकर ने मारी जोरदार टक्कर, 6 गाड़ियां खाई में गिरीं

**मुंबई (आरएनएस)।** मुंबई के धारावी इलाके में आज सुबह एक भीषण सड़क हादसा हुआ है। तेज रफ्तार एक टैंकर ने सड़क किनारे खड़ी छह गाड़ियों को जोरदार टक्कर मारी, जिससे सभी गाड़ियां पास के नाले में गिर गईं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, यह हादसा सुबह करीब 6 बजे हुआ जब गाड़ियों के मालिक उन्हें रात में सड़क किनारे पार्क करके गए थे। बेकाबू टैंकर ने इन गाड़ियों को टक्कर मारते हुए नाले में धकेल दिया।

हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और टैंकर चालक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस



मामले की जांच कर रही है और हादसे के कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। सौभाग्यवश, इस हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। क्योंकि हादसे के समय सभी गाड़ियां खाली थीं। फायर ब्रिगेड की टीम भी मौके पर पहुंची है और नाले में गिरी गाड़ियों को निकालने का काम जारी है। पुलिस ने इस संबंध में एक मामला दर्ज कर लिया है और आगे की कार्रवाई कर रही है। पुलिस अभी तक इस बात का पता लगाने की कोशिश कर रही है कि आखिर टैंकर चालक क्यों इतनी तेजी से गाड़ी चला रहा था और वह हादसे के समय नशे में था या नहीं।

धारावी में हाल के दिनों में सड़क हादसों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। इसका मुख्य कारण तेज रफ्तार और लापरवाही से गाड़ी चलाना है। इस हादसे के बाद एक बार फिर सड़क सुरक्षा पर सवाल उठ रहे हैं। प्रशासन को चाहिए कि वह सड़क हादसों को रोकने के लिए कड़े कदम उठाए।

### घर छोड़कर भागने वाले प्रेमियों के लिए हाई कोर्ट का बड़ा फैसला, जारी की गाइडलाइंस

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट में हर दिन करीब 90 से अधिक याचिकाएं ऐसी आ रही है, जिसमें घर छोड़कर भागने वाले प्रेमी जोड़े सुरक्षा की मांग करते हैं। जिसकों देखते हुए अब उच्च न्यायालय ने 12 गाइडलाइंस जारी की है। बेंच ने कहा कि ऐसा करने से हमारे हर दिन करीब 4 घंटे बच जाएंगे, जो इस तरह की याचिकाओं की सुनवाई में बर्बाद होते हैं। जस्टिस संदीप मुद्गिल की बेंच ने कहा कि यह पुलिस और प्रशासन की जिम्मेदारी है कि वह कपल को शेल्टर और जरूरी सुरक्षा प्रदान करे। अदालत ने कहा कि पुलिस को ऐसे मामलों में तत्काल प्रभाव से ऐक्शन लेना चाहिए। अदालत तो आखिरी विकल्प है, जहां तभी पहुंचना चाहिए, जब कहीं कोई सुनवाई न हो रही हो। जस्टिस मुद्गिल ने कहा कि संवैधानिक अदालतों का तो



काम ही है कि वे नागरिकों सुरक्षा प्रदान करें। वे जब भी खतरे में हों तो उनकी सुरक्षा के लिए मौजूद रहें। लेकिन हर दिन ऐसे मामले बड़ी संख्या में अदालत पहुंचे तो वह भी सही नहीं है। इसमें भी अदालत का 4 घंटे का वक्त डेली बर्बाद होता है। इसलिए हम एक मेकेनिज्म तैयार करते हैं, जिसके आधार पर पुलिस ऐक्शन ले सकती है। उन्होंने कहा, 'ऐसे मामलों में पहला ऐक्शन पुलिस और प्रशासन की तरफ से होना चाहिए। यह तभी हो, जब उन्हें किसी की ओर से खतरे की सूचना प्राप्त हो। लेकिन ऐसे मामले यदि अदालत में आते हैं तो वक्त की बबार्दी होती है। पहले ही अदालत पर तमाम केसों का बोझ है। ऐसे में एक मेकेनिज्म के तहत काम होना चाहिए। बेंच ने कहा कि ऐसे मामलों के निपटारे के लिए हर जिला मुख्यालय में एक नोडल अधिकारी की तैनाती होनी चाहिए। यह अधिकारी एएसआई से नीचे की रैंक का नहीं होना चाहिए। यह आदेश हरियाणा, पंजाब और चंडीगढ़ के लिए लागू होता है। बेंच ने कहा कि यदि नियमों का पालन कर लिया जाए तो फिर अदालत का हर दिन 4 घंटे का समय बचेगा। बेंच ने कहा कि हमारे पास इस समय में पुराने केसों को निपटाने की सुविधा रहेगी, जो लंबे समय से अटके हैं। जस्टिस मुद्गिल ने कहा कि संविधान का आर्टिकल 21 किसी भी व्यक्ति को जीवन और व्यक्तिगत आजादी देता है। ऐसे में यदि प्रेम विवाह करने या उसका फैसला करने के कारण किसी की जान को खतरा है तो फिर प्रशासन की यह जिम्मेदारी है कि संबंधित लोगों को सुरक्षा प्रदान की जाए।

# सर्दी का सितमः हिमाचल में पारा माइनस14डिग्री तक पहुंचा,कोहरे के कारण एयरपोर्ट बंद,ट्रेनें भी लेट

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** देश के उत्तरी राज्यों में तेज सर्दी का असर लगातार बना हुआ है। हिमाचल में बर्फबारी के बाद से प्रदेश के 5 क्षेत्रों का पारा माइनस में पहुंच गया है। हिमाचल के ताबो का न्यूनतम तापमान -14.7 डिग्री, समदो का -9.3 डिग्री, कुकुमसैरी -6.9 डिग्री, कल्पा का -2 और मनाली का 2.8 डिग्री दर्ज किया गया।

सर्दी के अलावा देश के 14 राज्यों में घने कोहरे का भी असर देखने को मिल रहा है। अमृतसर में जीरो विजिबिलिटी के कारण एयरपोर्ट बंद कर दिया गया। यहां फ्लाइट्स के ऑपरेशन रुक गए हैं। इसके अलावा दिल्ली एयरपोर्ट पर भी विजिबिलिटी 50 मीटर दर्ज की गई। इससे स्पाइसजेट, इंडिगो और एअर इंडिया की फ्लाइट्स प्रभावित हुईं। उत्तर प्रदेश




में भी 30 शहरों में घना कोहरा देखने को मिला। आगरा रेलवे स्टेशन पर ट्रेनें 7 घंटे तक लेट रहीं। बुलंदशहर में विजिबिलिटी 5 मीटर तक रह गई। वहीं, मध्य प्रदेश में कोहरे के कारण कई जगहों पर 100 मीटर तक देखना भी मुश्किल हो रहा था। तेज सर्दी और कोहरे के कारण उत्तर प्रदेश के नोएडा में स्कूलों की छुट्टी कर दी गई। पटना में स्कूलों की टाइमिंग बदली गई है।

जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा, कुपवाड़ा, बारामूला और अनंतनाग के कुछ हिस्सों में गुरुवार को भारी बर्फबारी हुई। जबकि श्रीनगर और गांदरबल के मैदानी इलाकों में हल्की बर्फबारी हुई। गुलमर्ग, सोनमर्ग, पहलगाम और जोजिला में भी ताजा बर्फबारी हुई। मौसम विभाग का अनुमान है कि कुछ इलाकों में शुक्रवार को भी बर्फबारी हो सकती है। जम्मू-कश्मीर में 4 से 6 जनवरी के बीच वेस्टर्न डिस्टर्बेंस आ सकता है। इससे चलते बर्फबारी जारी रह सकती है।

## चीन में एक और महामारी की एंट्री, सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो ने बढ़ाई चिंता

**बीजिंग ।** चीन, जहां से कोरोना महामारी की शुरूआत हुई थी, एक बार फिर एक नई महामारी की आशंकाओं से घिरा हुआ है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो और पोस्ट्स के अनुसार, चीन में ह्यूमन मेटापनेयूमो वायरस, इन्फ्लूएंजा, मायकोप्लाज्मा न्यूमोनिया और कोविड-19 के मामलों में वृद्धि देखी जा रही है, जिससे अस्पतालों और श्मशान घाटों में भीड़ बढ़ गई है। इन दावों ने एक नए महामारी के फैलने की आशंका को जन्म दिया है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में अस्पतालों के वेटिंग हॉल मरीजों से भरे हुए दिखाए जा रहे हैं, जहाँ कई लोग मास्क पहने हुए हैं और कुछ खांस रहे हैं। एक वीडियो, जिसे एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर शेयर किया गया है, को 1 करोड़ 20 लाख से अधिक बार देखा जा चुका है, जिसमें दावा किया गया है कि यह चीन के एक अस्पताल का दृश्य है।

हालांकि, इन दावों की अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। न तो चीनी स्वास्थ्य अधिकारियों और न ही विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इस बात की पुष्टि की है कि चीन में कोई नई महामारी फैल रही है। एचएमपीवी एक श्वसन संबंधी वायरस है जो आमतौर पर सर्दी जैसे लक्षणों का कारण बनता है, जैसे खांसी, बुखार और नाक बहना। यह वायरस विशेष रूप से छोटे बच्चों, बुजुर्गों और कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले लोगों के लिए अधिक खतरनाक हो सकता है।

# सुप्रीम कोर्ट ने ईडी को लगाई फटकार

**नई दिल्ली ।** सुप्रीम कोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग मामलों की जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय को पूछताछ के तरीकों को लेकर कड़ी फटकार लगाई है। कोर्ट ने एक मामले में आधी रात के बाद तक लगभग 15 घंटे तक पूछताछ को 'अहंकारी और 'अमानवीय करार दिया है। जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा

### शख्स से 15 घंटे तक पूछताछ करने पर बताया अमानवीय व्यवहार

कि इस तरह की पूछताछ से स्पष्ट है कि एजेंसी व्यक्ति को बयान देने के लिए मजबूर कर रही थी, जो कि बेहद चौंकाने वाला है।

यह मामला हरियाणा के पूर्व कांग्रेस विधायक सुरेंद्र पंवार की गिरफ्तारी से जुड़ा है, जिन्हें श्वष्ठ ने अवैध खनन से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया था। श्वष्ठ ने पंवार से लगभग 15 घंटे तक पूछताछ करने के बाद उन्हें रात 1.40 बजे गिरफ्तार किया था। हालांकि, पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने बाद में उनकी गिरफ्तारी को रद्द कर दिया था, जिसके खिलाफ श्वष्ठ ने सुप्रीम



कोर्ट में अपील की थी। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले को बरकरार रखते हुए श्वष्ठ की अपील खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा कि यह मामला आतंकवादी गतिविधि का नहीं, बल्कि अवैध रेत खनन का था, और इस तरह के मामले में लोगों के साथ इस तरह का व्यवहार नहीं किया जा सकता। सुनवाई के दौरान श्वष्ठ के वकील जोहेब हुसैन ने सफाई देते हुए कहा कि हाईकोर्ट ने अपने आदेश में गलत तरीके से यह दर्ज किया है कि पंवार से 14 घंटे 40 मिनट तक लगातार पूछताछ की गई। उन्होंने कहा कि पूछताछ के दौरान पंवार को डिनर ब्रेक दिया गया था। हालांकि, कोर्ट ने श्वष्ठ की इस दलील को खारिज करते हुए पूछा कि एजेंसी बिना ब्रेक के इतने लंबे समय तक पूछताछ करके किसी व्यक्ति को कैसे प्रताड़ित कर सकती है। हाईकोर्ट ने अपने आदेश में कहा था कि पंवार सुबह 11 बजे श्वष्ठ कार्यालय पहुंचे थे और उनसे रात 1.40 बजे तक लगातार पूछताछ की गई, जो कि अमानवीय है। सुप्रीम कोर्ट ने भी इस बात पर सहमति जताई कि इस तरह की पूछताछ व्यक्ति को बयान देने के लिए मजबूर करने के समान है।

## बीपीएससी कैंडिडेट्स के समर्थन में उतरे पप्पू यादव, समर्थकों ने रोकी ट्रेन; प्रशांत किशोर भी आमरण अनशन पर डटे

**पटना (आरएनएस)।** बिहार में बीपीएससी परीक्षा को लेकर शुरू हुआ विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। बापू परीक्षा केंद्र पर 13 दिसंबर को आयोजित परीक्षा में जमकर हंगामा हुआ, जिसके बाद बापू परीक्षा केंद्र पर परीक्षा रद कर दी गई। ये विवाद यहीं नहीं थमा, बापू परीक्षा केंद्र पर हंगामे के बाद अभ्यर्थियों द्वारा पेपर लीक की शिकायत करते हुए परीक्षा रद करने की मांग की जा रही है।

अपनी मांग को लेकर अभ्यर्थियों द्वारा प्रदर्शन भी किया जा रहा है। वहीं अभ्यर्थियों के प्रदर्शन को राजनीतिक दलों का भी साथ मिल रहा है। पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव ने आज बिहार बंद का ऐलान किया है, जिसके बाद वे सुबह 9 बजे सचिवालय हाल्ट रेलवे स्टेशन पहुंचे। इस दौरान उनके समर्थकों ने ट्रेन रोककर जमकर नारेबाजी की। पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव के समर्थक बीपीएससी के खिलाफ छात्रों के विरोध प्रदर्शन के समर्थन में सचिवालय हॉल्ट रेलवे स्टेशन पर रेलवे ट्रैक पर बैठे। पुलिस ने पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव के समर्थकों को तितर-बितर कर दिया, जिन्होंने बीपीएससी के खिलाफ छात्रों के विरोध प्रदर्शन के समर्थन में सचिवालय हॉल्ट रेलवे स्टेशन पर 'रेल रोको का आयोजन किया था।






**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया. साथ में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर और धर्मेंद्र प्रधान, दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना और अन्य लोग भी मौजूद थे।

## सावित्रीबाई फुले की जयंती : पीएम मोदी, अमित शाह, नड्डा और खड़गे ने दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** देश की पहली महिला शिक्षिका और महान समाजसेविका सावित्रीबाई फुले की जयंती पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे समेत कई नेताओं ने श्रद्धांजलि दी।

पीएम मोदी ने एक्स पर वीडियो शेयर करते हुए लिखा, सावित्रीबाई फुले की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि। वह महिला सशक्तिकरण की एक मिसाल हैं और शिक्षा तथा सामाजिक सुधार के क्षेत्र में अग्रणी हैं। लोगों के लिए बेहतर जीवन सुनिश्चित करने के लिए उनके प्रयास हमें प्रेरित करते रहते हैं।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स पोस्ट में लिखा, देश में जब भी नारी शिक्षा और सामाजिक समानता की बात होती है, सावित्रीबाई फुले का नाम गर्व से लिया जाता है। सावित्रीबाई फुले ने एक ओर जहां महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया, वहीं शिक्षा को समाज सुधार का सशक्त माध्यम बनाया। महिला विरोधी कुरीतियों को समाप्त कर नारी सम्मान की नई परिभाषा गढ़ने वाली महान समाज सुधारक सावित्रीबाई फुले की जयंती पर उन्हें नमन।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी



सावित्रीबाई फुले को याद किया। उन्होंने एक्स पर लिखा, स्वाभिमान से जीने के लिए पढ़ाई करो, पाठशाला ही इंसानों का सच्चा गहना है। क्रान्तिज्योति, महान शिक्षाविद व कवयित्री एवं देश की प्रथम महिला शिक्षिका व हमारी प्रेरणास्त्रोत, सावित्रीबाई फुले की जयंती पर विनम्र श्रद्धांजलि। उन्होंने महिलाओं की शिक्षा के लिए दरवाजे खोले और समाज के वंचित, दलित, पीड़ित और शोषितों के अधिकारों के लिये पुरजोर लड़ाई लड़ी व सामाजिक न्याय में अपना अभूतपूर्व योगदान दिया।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने नमन करते हुए कहा, देश की पहली महिला अध्यापिका, नारी मुक्ति आंदोलन की प्रणेता एवं महान समाजसेविका सावित्रीबाई फुले की जयंती पर उन्हें शत-शत नमन करता हूं। सावित्रीबाई फुले ने न केवल महिला शिक्षा को नई दिशा प्रदान की, अपितु समाज में व्याप्त जातिगत भेदभाव के विरुद्ध भी निरंतर संघर्ष किया। उनका जीवन समता, न्याय और सामाजिक परिवर्तन के लिए समर्पित था। महिला हितों के उनके अभिनव कार्य और विचार हम सभी को सदैव प्रेरित करते रहेंगे।

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सावित्रीबाई फुले को याद करते हुए कहा, शिक्षा को महिलाओं का अधिकार बनाने वालीं महान शिक्षिका एवं समाजसेविका सावित्रीबाई फुले की जयंती पर उन्हें सादर नमन। उनका योगदान हमारे समाज को हमेशा प्रेरणा देता रहेगा।

**बड़ा ऐलान** शंकराचार्य का जिक्र, सिल्क रूट, हेमिष मठ से साबित होता है, कश्मीर में ही भारत के संस्कृति की नीव पड़ी थी

# कश्मीर का नाम ऋषि कश्यप के नाम से हो सकता है, अमित शाह का बड़ा ऐलान

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को जम्मू-कश्मीर और लद्दाख थ्रू द एजेस पुस्तक के विमोचन के अवसर पर कहा कि कश्मीर का नाम कश्यप के नाम से हो सकता है। उन्होंने कहा कि शंकराचार्य का जिक्र, सिल्क रूट, हेमिष मठ से साबित होता है, कश्मीर में ही भारत के संस्कृति की नीव पड़ी थी। सूफी, बौध और शैल मठ सबने कश्मीर में बहुत अच्छी तरीके से विकास किया। उन्होंने कहा कि कश्मीरी, डोगरी, बालटी और झंस्कारी भाषा को शासन की स्वीकृति दी गई। इसके लिए पीएम मोदी को धन्यवाद देता हूं। पीएम का आग्रह था कि यूटी बनने के बाद कि कश्मीर की छोटी से छोटी स्थानीय भाषा को जीवित रखना है। ये दिखाता है कि पीएम कितना कश्मीर के बारे में सोचते हैं।

शाह ने कहा कि शासकों को खुश करने के लिए लिखे इतिहास से छुटकारा पाने का समय है। उन्होंने आगे बताया कि अगर भारत को समझना है तो इस देश को जोड़ने वाले तथ्यों को समझना होगा। भारत का इतिहास हजारों वर्ष पुराना है और निर्भरता के समय में कोशिशें की गईं कि हम इसे भुला दें। एक झूठ फैलाया गया कि यह देश कभी एकजुट नहीं हो सकता और लोगों ने इसे मान लिया था। गृह मंत्री ने कहा, हमारे देश का इतिहास हजारों साल पुराना है। हर कोने से दुनिया भर की सभ्यता को कुछ न कुछ देने के लिए कई गतिविधियां हुईं, लेकिन हमारी गुलामी के कालखंड में हमारा प्रजातीय आत्मविश्वास तोड़ने के क्रम में इसको विस्मृत कराने के कई प्रयास किए गए। एक झूठ फैलाया गया कि देश कभी एक था ही नहीं। देश की आजादी की कल्पना ही बेईमानी है, क्योंकि यह देश कभी था ही नहीं। ढेर सारे लोगों ने इस झूठ को स्वीकार कर लिया। जब इसके मूल में जाते हैं तो हमें मालूम पड़ता है कि अंग्रेजों के समय में लिखे गए इतिहास में कोई खराब इरादा नहीं होगा। लेकिन इनके अल्पज्ञान के कारण उनकी देश की व्याख्या ही गलत थी। एक



प्रकार से देखे तो दुनिया भर के अधिकांश देशों का अस्तित्व जियो पॉलिटिकल अस्तित्व है। सीमाओं से बने हुए देश हैं,या तो किसी युद्ध से जन्मे हैं।

अनुच्छेद 370 और 35ए को हटाने पर भी बात की अमित शाह ने अनुच्छेद 370 और 35ए हटाने पर भी बात की। उन्होंने कहा, अनुच्छेद 370 और 35ए ये हमारे देश को एक प्रकार से हमारे देश के साथ कश्मीर को एकरूप होने से रोकने वाले योगदान थे। उस वक्त भी जनता यह नहीं चाहती थी। संविधान सभा में भी बहुमत नहीं चाहता था, कि धारा 370 संविधान का हिस्सा बनें। पीएम मोदी के मजबूत संकल्प ने इसे कश्मीर से हटाया, जिसके बाद से कश्मीर और पूरे देश में विकास शुरू हुआ। अनुच्छेद ने 370 ने घाटी में अलगाववाद के बीज बोये जो बाद में आतंकवाद में बदल गए। अनुच्छेद 370 ने यह झूठ फैलाया कि कश्मीर और पूरे देश के बीच संबंध अस्थाई है।

उन्होंने आगे कहा, कश्मीर में दशकों तक आतंकवाद रहा और देश इसे देखता रहा। अनुच्छेद 370 हटने के बाद आतंकवाद 70 प्रतिशत कम हुआ। कांग्रेस हम पर जो चाहे आरोप लगा सकती है। पीएम मोदी ने 80,000 करोड़ रुपये का पैकेज जारी किया। हमने न सिर्फ आतंकवाद पर काबू पाया, बल्कि पीएम मोदी सरकार ने आतंकी इको-सिस्टम को भी ध्वस्त कर दिया। केंद्रीय मंत्री ने कहा, भारत की सभी क्षेत्रों में फैली 10,000 साल पुरानी संस्कृति कश्मीर में भी मौजूद है। जब 8000 साल पुरानी किताबों में कश्मीर और झेलम का जिक्र होता है तो कश्मीर किसका है, इस पर कोई टिप्पणी नहीं करता। कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है और हमेशा रहेगा। इसे कोई भी अलग नहीं कर सकता। कानून का उपयोग कर-के इसे अलग करने का प्रयास किया गया लेकिन समय के साथ उन अनुच्छेदों को भी निरस्त कर दी गईं।

# महिला सशक्तिकरण की प्रतीक सावित्रीबाई फुले की जयंती मनाई

गुलन्द संदेश ब्यूरो

**गुलावठी।** नगर के होली पार्क के निकट परमानंद सैनी के आवास पर देश की पहली महिला शिक्षिका महान समाजसेविका तथा शोषितों व वंचितों के उत्थान के लिए आजीवन समर्पित रहीं माता सावित्रीबाई फुले जी की जयंती बालिका दिवस के रूप में मनाई गई। लोगो ने माता सावित्रीबाई फुले के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें शत शत नमन करते हुए विनम्र श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर राजीव सैनी ने कहा कि सावित्रीबाई फुले को समाज सेविका, नारी मुक्ति आंदोलन में हिस्सा लेने वाली और देश की पहली अध्यापिका के रूप में जाना जाता है। सावित्रीबाई फुले ने महिलाओं के लिए भी लम्बी लड़ाई लड़ी और उनकी स्थिति में सुधार के लिए बहुत योगदान दिया। परमानंद सैनी ने कहा कि माता सावित्रीबाई फुले की जयंती हर साल 3 जनवरी को मनाई जाती है। सावित्रीबाई फुले भारत की पहली महिला शिक्षिका थीं। उनका जन्म 3 जनवरी, 1831 को महाराष्ट्र के सतारा जिले के एक गांव में हुआ था। सावित्रीबाई फुले को सम्मानित करने के लिए ही हर साल इस दिन को मनाया जाता है। रजनीश सैनी ने कहा कि माता



सावित्रीबाई फुले कठिनाइयों को पार कर देश की पहली शिक्षिका बनीं। सावित्रीबाई फुले का जन्म एक दलित परिवार में हुआ था। पहले के समय में दलितों को शिक्षा आदि से वंचित रखा जाता था लेकिन सावित्रीबाई फुले ने इन सब कुरीतियों से लड़कर अपनी पढ़ाई जारी रखी। उनके समाज में छुआ-छूत का सामना करना पड़ा लेकिन उन्होंने इन सबसे हार न मानकर अपनी शिक्षा जारी रखी। इसके बाद उन्होंने अहमदनगर और पुणे में अध्यापक बनने की ट्रेनिंग पूरी की और बाद में अध्यापिका बनीं। हरीश सैनी ने कहा कि सावित्रीबाई फुले ने अपने पति ज्योतिबा फुले के साथ मिलकर कई आंदोलनों में भाग लिया। जिसमें से एक सती प्रथा भी था। उन्होंने विधवा होने पर महिलाओं का मुंडन किया जाता था जिसके खिलाफ उन्होंने मुखर होकर नाइयों के खिलाफ आंदोलन किया था। इस मौके पर परमनानंद सैनी, राजीव सैनी, रजनीश सैनी, हेम सैनी, बबली सैनी, गोपाल सैनी, मूलचंद सैनी, दीपक सैनी, धीरज सैनी, दिवाकर सैनी, विजय सैनी, विपुल सैनी, संदीप सैनी आदि लोग मौजूद रहे।

# वाहन चोर आबिद गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की 01 बाइक व अवैध असलहा बरामद

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गुलावठी।** थाना पुलिस द्वारा एक अभिसूचना के आधार पर सिरोंधन की पुलिया के पास से 01 वाहन चोर को चोरी की 01 बाइक व अवैध असलहा कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना गुलावठी पर मुअसं- 07/25 धारा 317(2) बीएनएस व 3/25 शस्त्र अधि0 पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

**बरामदगी का विवरण-**

01 बाइक स्पलैन्डर प्लस नं0- UP-13W-6960, 01 तमंचा 315 बोर मय 01 जिंदा कारतूस



गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा बरामद मोटरसाइकिल स्पलैन्डर प्लस नं0- UP-13W-6960 को वर्ष- 2012 में थाना कोतवाली देहात क्षेत्र से चोरी किया गया था जिसके संबंध में थाना कोतवाली देहात पर मुअसं- 375/12 धारा 379 भादवि पंजीकृत है।

# एलडीएवी इंटर कॉलेज में छात्र-छात्राओं को ठंड से बचाव के लिए जर्सी जूता एवं यूनिफॉर्म का वितरण किया गया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अनूपशहर (राकेश वार्ष्णेय)।** नगर के एलडीएवी इंटर कॉलेज में एक कार्यक्रम का आयोजन कर एक सौ अस्सी छात्र-छात्राओं को ठण्ड से बचाव के लिए निःशुल्क जर्सी,जूते एवं यूनिफॉर्म का वितरण किया गया। नव वर्ष के अवसर पर विद्यालय में हवन पूजन भी किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्या शशि वाला पंत ने कहा कि छात्र-छात्राओं को विद्यालय में अध्ययन के लिए उनकी आर्थिक तंगी को आड़े नहीं आने दिया जाएगा।आर्थिक रूप से कमजोर छात्र छात्राओं को विद्यालय द्वारा किताब, कॉपियां, जर्सी, जूते यूनिफॉर्म आदि को



निःशुल्क रूप से हमेशा उपलब्ध कराया जाता है। शुल्क में भी छात्रों को आर्थिक मदद प्रदान की जाती है। जिससे उनके पढ़ाई में किसी तरह की परेशानी ना हो ।प्रबंध समिति के अध्यक्ष अजय गर्ग ने कहा कि विद्यालय की प्रबंध समिति विद्यार्थियों की मदद के लिए हमेशा तत्पर है। छात्र-छात्राओं को मन लगाकर अपने पढ़ाई का कार्य करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता अखण्ड प्रताप सिंह ने किया।इस अवसर पर प्रबंधक संजय कुमार अग्रवाल, अभय सिन्हा, अखण्ड प्रताप सिंह, मंजिलकांत, भालचंद्र मिश्रा, धर्मेंद्र कुमार, उत्तम सिंह, गौरव गौड़, गजनेश सिंह, भुवनेश कुमार, धीरज कुमार, संजय सैनी, गंगा मौर्या, राधिका भारद्वाज आदि लोग उपस्थित रहे।

# निर्धन सेवा संस्थान एवं सेवा भारती के तत्वाधान में मनाई गई माता सावित्रीबाई फुले की जयंती

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अनूपशहर। (राकेश वार्ष्णेय )।** माता सावित्रीबाई फुले की 194 वीं जयंती का आयोजन श्री कांति प्रकाश सरस्वती शिशु मंदिर अनूपशहर के प्रांगण में निर्धन सेवा

**राष्ट्रीय विधिक अन्वेषण आयोग के नवनियुक्त डिप्टी चेयरमैन उत्तर प्रदेश राज्य एडवोकेट पीयूष गोयल को किया गया सम्मानित**

संस्थान एवं सेवा भारती के तत्वाधान में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सभासद एवं समाजसेवी टेकचंद सैनी ने, तथा संचालन संस्था के सचिव प्रसून वार्ष्णेय ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीकृष्ण अग्रवाल वरिष्ठ सलाहकार एवं संजीव गुप्ता जिलाध्यक्ष सेवा भारती, विशिष्ठ अतिथि डॉ मुकेश गुप्ता पूर्व प्राचार्य डी पी बी एस डिग्री कॉलेज एवं राजू सैनी पूर्व सभासद



रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ माता सावित्रीबाई फुले जी के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया गया तत्पश्चात पुष्पांजलि अर्पित की गई। मुख्य वक्ता राजेश शर्मा जी प्रधानाचार्य श्री कांति प्रकाश सरस्वती शिशु मंदिर एवं श्री कृष्ण अग्रवाल रहे। तथा सभी ने अपने विचार प्रकट किए। तत्पश्चात उपस्थित जनों ने युवा समाजसेवी एडवोकेट पीयूष गोयल के राष्ट्रीय विधिक अन्वेषण आयोग के डिप्टी चेयरमैन उत्तर प्रदेश राज्य एवं गौरव सैनी को डिप्टी चेयरमैन जिला बुलंदशहर मनोनीत किए जाने पर उनका माला पहनाकर एवं पुष्पगुच्छ देकर स्वागत सम्मान कर शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर गोविंद अग्रवाल, कौशल सैनी, तारा चंद अग्रवाल, योगेश सैनी, मुकेश सैनी, भरत अग्रवाल, दिवाकर गौड़, पिंगाश सैनी, गौरव कुमार सैनी, पराग गर्ग, दाता राम आचार्य, रामकिशन आचार्य, राजकुमार सैनी, राधिका गोयल, दीपांश गर्ग, राहुल बाल्मीकि, अंकुर सरदार, नवनीत, गुड्डू सैनी, चंचल शर्मा आदि अनेकों लोग उपस्थित रहे।

# इंस्पेक्टर के पद से सेवानिवृत्त होने के बाद पैतृक गांव पहुंचने पर किया गया जोरदार स्वागत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** अहमदगढ़ थाना क्षेत्र के गांव बाद निवासी रमेश चंद्र मीणा



पुत्र बाल किशोर मीणा राजस्थान के गंगानगर में बीएसएफ में इंस्पेक्टर के पद पर तैनात थे। इंस्पेक्टर के पद से सेवानिवृत्त होने के बाद शुक्रवार शाम करीब 4 बजे अपने पैतृक गांव बाद पहुंचे। वहां स्वजनों व ग्रामीणों ने डीजे के साथ उन्हें फूल माला पहनाकर उनका जोरदार स्वागत किया। उसके बाद सेवानिवृत्त रमेशचंद्र मीणा ने सभी को धन्यवाद दिया। और गांव में रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर ग्राम प्रधान रामकुमार मीणा, राजकुमार मीणा, रामवीर सिंह मीणा, नागेन्द्र कुमार मीणा आदि लोग मौजूद रहे।

# सावित्रीबाई फुले की जयंती पर अर्पित किए श्रद्धा सुमन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** देश की प्रथम महिला शिक्षिका व समाज सुधारक सावित्रीबाई फुले को जयंती पर शुक्रवार को याद किया गया। इस दौरान जगह-जगह कार्यक्रमों का

**सावित्रीबाई फुले के आदर्श अपना कर जीवन सफल बनाने का आह्वान**

आयोजन कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। लोगों ने उनके दिखाई मार्ग पर चलने और शिक्षा ग्रहण करने का संकल्प लिया। अशोका बौद्ध विहार भीम नगर में शुक्रवार को नानक चंद बौद्ध उर्फ राहुल बोधि के मार्गदर्शन में भारत की



प्रथम शिक्षिका माता सावित्रीबाई फुले का जन्मदिन बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर पूर्व चेयरमैन पति विचित्र कुमार द्वारा माता सावित्री फुले के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने अपने-अपने विचार रखें कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण वीर बहादुर सिंह जालौन टीम का सांस्कृतिक प्रोग्राम बहुत ही सराहनीय रहा। इस अवसर पर नानक चंद बौद्ध/राहुल बोधि द्वारा सभी अतिथियों का पुस्तक भेंट कर सम्मान किया गया। इस मौके पर पूर्व चेयरपर्सन पति विचित्र कुमार, नानक चंद बौद्ध, मोतीलाल बोधि, कन्हैया कुमार, राम सिंह, मलखान ससिंह, विजेंद्र सिंह, सोनू कुमार, हरि गोपाल, हर्ति, ओमपाल गौतम हापुड़, राजकुमार गौतम, दिनेश भारती, पन्ना लाल, मुकेश कुमार वाल्मीकि, वीर बहादुर सिंह जालौन, अमित सैनी तथा सोमलता राज, महेश कुमार राज, कालू एवं सैकड़ो बुद्ध विचारधारा के लोग उपस्थित रहे।

# खाटू श्याम बाबा की तस्वीर भेंटकर प्रभारी निरीक्षक को किया सम्मानित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**खानपुर ।** थाना परिसर में प्रभारी निरीक्षक को भारतीय किसान संघ



ने खाटू श्याम बाबा की तस्वीर भेंट कर सम्मानित किया। थाना प्रभारी निरीक्षक यज्ञदत्त शर्मा ने अपना कार्य बेहद ईमानदारी एवं लगन से करने को लेकर भारतीय किसान संघ की टीम थाना पहुंचे, और प्रभारी निरीक्षक को खाटू श्याम बाबा की तस्वीर बैठकर सम्मानित किया। प्रभारी निरीक्षक ने बुजुर्गों को माला पहनकर सम्मान करते हुए सभी को बड़ों का आदर करने को लेकर प्रेरित किया। इस अवसर पर भारतीय किसान संघ के जिला मंत्री वीरेंद्र सिंह गुर्जर, समाजसेवी अनुज शर्मा, हितेश शर्मा, कालीचरण सिंह, तेजवीर सिंह, चंद्रप्रकाश, राजपाल सिंह, गजेंद्र शर्मा, जगदीश कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# प्रथम शिक्षिका सावित्रीबाई फुले का जन्मदिन शिकारपुर में धूमधाम से बनाया गया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** शुक्रवार अशोका बौद्ध विहार भीम नगर में नानक चंद बौद्ध उर्फ राहुल बोधि के मार्गदर्शन में भारत की प्रथम शिक्षिका माता सावित्रीबाई फुले का जन्मदिन बड़ी धूमधाम से मनाया गया। पूर्व चेयरमैन पति विचित्र कुमार द्वारा माता सावित्री फुले के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने अपने-अपने विचार रखें ।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण वीर बहादुर सिंह जालौन टीम का सांस्कृतिक प्रोग्राम बहुत ही सराहनीय रहा।

इस मौके पर नानक चंद बौद्ध/राहुल बोधि द्वारा सभी अतिथियों का पुस्तक भेंट कर सम्मान किया गया। इस मौके पर पूर्व चेयरपर्सन शिकारपुर पति विचित्र कुमार नानक चंद बौद्ध मोतीलाल बोधि कन्हैया कुमार राम सिंह मलखान सिंह डॉ विजेंद्र




सिंह सोनू कुमार हरि गोपाल हर्ति ओमपाल गौतम हापुड़ राजकुमार गौतम दिनेश भारती पन्नालाल मुकेश कुमार वाल्मीकि वीर बहादुर सिंह जालौन अमित सैनी तथा सोमलता राज महेश कुमार राज कालू एवं सैकड़ो बुद्ध विचारधारा के लोग उपस्थित रहे।

# नये साल की मस्ती में डीजे पर खूब झूमे ज़िले भर के सीए

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टेड अकाउंटेंट की बुलंदशहर ब्रांच द्वारा आज नव वर्ष की पारिवारिक पार्टी का आयोजन बड़ी धूमधाम से खुर्जा रोड स्थित होटल हाईगार्डन में किया गया।

**केक काटकर साल 2025 का किया स्वागत। कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष सीए मुकुल शर्मा एवम संचालन सचिव सीए तुषार अग्रवाल ने किया।**

केक काटकर साल 2025 का किया स्वागत। कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष सीए मुकुल शर्मा एवम् संचालन सचिव सीए तुषार अग्रवाल ने किया। ब्रांच के सभी मेम्बरों , उनके परिवारों ने इस अवसर पर जमकर मस्ती करते हुए नृत्य कर धमाल मचाया। कार्यक्रम में सभी ने स्वादिष्ट स्नेक और भोजन का आनंद लिया और अंत में कार्यक्रम में उपस्थित प्रत्येक परिवार को एक शानदार गिफ्ट दिया गए।तीन घंटे से भी अधिक चले कार्यक्रम में सभी ने विभिन्न प्रकार के गेम भी खेले ,विजयी मेम्बरों को पुरस्कृत किया गया।

उक्त जानकारी देते हुए कोषाध्यक्ष सीए स्पर्श गोयल ने बताया कि आज




के कार्यक्रम में 50 से अधिक सीए और उनके परिवारों की सहभागिता रही।कार्यक्रम में सीए प्रमोद जैन,अवकाश शर्मा,आशीष गोयल,अरुण बंसल,सौरभ मित्तल,विवेक अग्रवाल,ज्योति पोद्दार,शुभांकर मांगलिक,विभोर भारद्वाज,शिखर भ्रमभट्ट,आयुष बंसल,प्रकति ठाकुर,ज्ञान पोद्दार,प्रतीक गर्ग,उदित गोयल,अभय गर्ग,अमित शर्मा आदि की उपस्थिति रही।

## मौसम
## बढता कोहरा और गिरता पारा ढा रहा सितम


# कोहरे ने लगाया वाहनों की रफ्तार पर ब्रेक,घरों में दुबके रहे लोग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी मैदानी इलाकों में जमकर कहर बरपा रही है। शुक्रवार को लोगों की आंख खुली तो पूरे जनपद को कोहरे ने अपनी चपेट में ले रखा था। कोहरे और शीतलहर के चलते क्षेत्र में सर्दी से ठिठुरता हुआ नजर आया। नए साल की शुरूआत के साथ साथ घने कोहरे ने भी दस्तक दे दिए हैं। घने कोहरे और शीतलहर के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त दिखाई दे रहा है, उधर हाईवे पर वाहनों की रफ्तार धीमी । हो गई। कोहरे के कारण ट्रेनों और बसों के संचालन पर भी असर पड़ा। न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस रहा, वहीं अधिकतम तापमान 20 डिग्री दर्ज किया गया।

सुबह जब लोग उठे तो घना कोहरा देख घरों





से बाहर निकलने की हिम्मत नहीं जुटा पाए। सर्द हवा और कोहरे के कारण वाहन चालकों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी। हाईवे पर वाहन लाइट जलाकर रेंगते नजर आए। सुबह 8 बजे हाईवे पर दृश्य 20 मीटर के आसपास रही। यही हाल जिले के अन्य हिस्सों में भी रहा। शीतलहर से बचाव के लिए लोग ऊनी कपड़ों में लिपटे नजर आए, सर्दी के कारण लोग जरूरी काम होने पर ही बाहर निकले। घने कोहरे के कारण हाईवे पर वाहनों की संख्या घट गई है, वहीं कोहरे के कारण कई ट्रेनें खुर्जा जंक्शन पर देरी से पहुंचीं। जिसकी वजह से यात्रियों को कड़ाके की ठंड में परेशानी का करना पड़ रहा है।

# पहासू में 20 घण्टे से बिजली गुल,लोगों में रोष

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पहासू।** पहासू तथा क्षेत्र के लगभग 40 गांवों में पिछले 20 घंटों से बिजली की आपूर्ति नहीं होने से स्थानीय लोगों में रोष व्याप्त है। बिजली गुल होने से लोग पानी के लिए परेशान हो रहे हैं। पावर कारपोरेशन से जिम्मेदार लाइन में फाल्ट होने का रोना रो रहे हैं।बार बार कस्बे की आपूर्ति लड़खड़ाने से लोगों को दिनचर्या के काम निपटाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

लाइन मे फाल्ट होने से पहासू फीडर से जुड़े बनैल, दीघी, अटेरना, फजलपुर, सोही, अलीपुर, महुआखेड़ा सहित दर्जनों गांवों में अंधेरा छाया हुआ है। उधर पावर कारपोरेशन के सहायक अभियंता सुनील राम का कहना है कि सुबह से ही कर्मी लाइन में फाल्ट की खोज में लगे हैं,जल्द ही समस्या का समाधान कर दिया जाएगा।

# अवैध रूप से चल रहे गैस गोदाम पर आपूर्ति विभाग ने मारा छापा 109 सिलेंडर जब्त

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर (वसीम सिददीकी)।** खुर्जा देहात क्षेत्र के हसनगढ़ गांव में बिना अनुमति के भारत गैस सिलेंडर का अवैध गोदाम बना हुआ था। जहां पर आपूर्ति विभाग की ओर से छापेमारी की गई। इस दौरान घरेलू एलपीजी०सिलेंडर से व्यावसायिक सिलेंडरों में रिफिलिंग करते हुए पाया गया। इसमें मौके से विभाग ने 14.2 और 47 किलोग्राम के करीब 109 सिलेंडर बरामद किए। विभाग ने कोतवाली में आरोपियों के खिलाफ शिकायत दी।

खुर्जा आपूर्ति विभाग निरीक्षक प्रीति सिंह ने बताया कि क्षेत्र में गैस रिफिलिंग कर ज्यादा दाम में सिलेंडर देने के मामले में शिकायत मिल रही थी। इसमें गैस कंपनी की ओर से कनेक्शन और गैस की खपत में अंतर की जानकारी मिली। इसी के आधार पर विभाग की ओर से समय-समय पर कार्रवाई की जा रही है। ऐसे में जानकारी मिली थी कि देहात क्षेत्र में कुछ लोग



छिपकर गैस रिफिलिंग का अवैध कार्य कर रहे हैं। सूचना के आधार पर टीम तैयार की गई जिसके बाद गोपनीय रूप से हसनगढ़ गांव में बने एक गोदाम में छापेमारी की। इसमें भारी मात्रा में घरेलू व व्यावसायिक सिलेंडर रखे हुए थे। मौके पर देखा गया कि छह सिलेंडरों में रिफिलिंग का कार्य चल रहा था। वहां पर मौजूद गोदाम संचालक रेहान और उसके पिता इसहाक से पूछताछ की गई जिनके पास कोई वैध लाइसेंस नहीं मिला। उनके पास भारत गैस कंपनी के डीलर का प्रमाण पत्र भी नहीं मिला। ऐसे में मौके से 14.20 किलोग्राम के घरेलू कनेक्शन वाले 65 खाली व आठ सिलेंडर, 47 किलोग्राम के व्यावसायिक कनेक्शन वाले 22 खाली व आठ भरे हुए सिलेंडर और छह में रिफलिंग होते हुए पास गए। इसके अलावा नौ रिफिलिंग पिन और एक इलेक्ट्रॉनिक तराजू भी मिला। सभी सिलेंडरों को जब्त कर लिया गया है। गोदाम मालिक चांदबाबू का कहना है कि करीब डेढ़ साल पहले आरोपियों ने उनसे किराये पर जगह ली थी। इस संबंध में ग्रामीणों को भी कोई जानकारी नहीं थी।

एसडीएम०दुर्गेश सिंह ने बताया कि आपूर्ति विभाग की ओर से हसनगढ़ में छापेमारी कर अवैध रूप से गैस रिफिलिंग करते हुए लोगों को पकड़ा गया। मौके से खाली व भरे सिलेंडर भी बरामद किए गए हैं। इसमें आरोपियों के खिलाफ उचित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। कंपनी की ओर से आरोपियों के पास सिलेंडर किस प्रकार पहुंचते थे। इसकी जानकारी की जा रही है।

# अलग अलग सड़को हादसों मे दो घायल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जेवर (इनामुलहक)।** जेवर एरिया मे शुक्रवार को दो अलग अलग सड़क हादसों मे दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को कस्बे के एक निजी अस्पताल मे भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार जारी है।

शुक्रवार को अलीगढ के गांव वैना निवासी उधम तलान बाइक पर सवार होकर किसी काम से जेवर आ रहे थे, जब वह चौरोली मोड़ पर पहुंचे, तभी सामने से एक वेगनार कार ने उनकी बाइक मे टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार उधम सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए, उनको कस्बे के एक निजी अस्पताल मे भर्ती कराया गया है। वहीं दूसरे हादसे मे बुलंदशहर के गांव नेजपुर निवासी दिनेश (29) किसी काम से बाइक से जेवर की ओर आ रहे थे, जब वह गांव नीमका के पास पहुंचे, तो किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक मे टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए, उनको भी कस्बे के एक निजी अस्पताल मे भर्ती कराया गया है, जहां दोनों का उपचार जारी है।

# जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए गए

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** अमुवि के बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विभाग (डीबीए) ने दवाखाना तिब्बिया कॉलेज (डीटीसी) के सहयोग से फिरदौस नगर इलाके में कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया और गरीबों और जरूरतमंदों को 100 कंबल वितरित किए। यह पहल बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विभाग द्वारा छात्रों, कर्मचारियों, शोध विद्वानों और विश्वविद्यालय के शिक्षकों के योगदान से शुरू की गई ह्यस्पॉन्सर ए ब्लैंकेट स्कीमह्न का हिस्सा थी।अध्यक्ष प्रो. सलमा अहमद ने योजना में योगदान देने वाले लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया और



डीबीए के आउटरीच कमेटी के समन्वयक प्रो. एम. नवेद खान, डॉ. अहमद फराज खान व दवाखाना तिब्बिया कालिज के प्रबंधक मोहम्मद शारिक आजम और कार्यालय कर्मचारियों को अभियान के दौरान उनके सहयोग और सहायता के लिए धन्यवाद दिया।

# भाकियू लोकशक्ति ने की यीडा कार्यालय में अधिकारियों से वार्ता

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा (उपेन्द्र भाटी)।** शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति के पदाधिकारियों ने एक बैठक छेत्र के किसानों को हो रही विभिन्न समस्याओं को लेकर यमुना विकास प्राधिकरण में किया। जिसमे राष्ट्रीय

**राष्ट्रीय अध्यक्ष मास्टर श्योराज के नेतृत्व में ओएसडी को सौंपा 23 मांगो का ज्ञापन**

अध्यक्ष मास्टर श्योराज सिंह ने छेत्र के किसानों की समस्याओं व मांगो को लेकर प्राधिकरण अधिकारियों को बताया कि यीडा छेत्र का प्रत्येक किसान पुश्तैनी माना जाए, यीडा छेत्र में मूल मुआवजा एयरपोर्ट के समान हो, मुर्दा मवेशी प्लांट बनाया जाए, इंडस्ट्रियल कंपनियों में किसानों के बच्चों को रोजगार दिया जाए, प्रत्येक गांव में ओपन जिम हो, खेल कूद के लिए मिनी स्टेडियम की व्यवस्था हो, एक स्किल यूनिवर्सिटी व




ईएसआई अस्पताल हो, गावों में घरोनी की व्यवस्था शुरू की जाए, 7 प्रतिशत प्लॉट की व्यवस्था की जाए, छेत्र के सभी गांवों की आबादियों की निस्तारण किया जाए, गावों का लाल डोरा निश्चित किया जाए, ट्रामा सेंटर के काम में तेजी लाई जाए, जेवर टप्पल तक सर्विस रोड, रबूपुरा जेवर मार्ग पर काम शुरू किया जाए, जेवर कस्बे में बाईपास का निर्माण हो, यीडा छेत्र के किसानों के लिए आवासीय कमर्शियल योजना लाई जाएं,11.1,12 1, अन्तर धनराशि पास की जाए, आवासीय प्लॉट में पेमेंट राशि में कम से कम 1 से 2 वर्ष का समय दिया जाए, बस अड्डा प्रस्तावित है संबंधित विभाग से पत्राचार कर काम में तेजी लाई जाए, पशुओं के लिए डेयरी फार्म योजना लाई जाए, तालाबों से अतिक्रमण हटाकर सौंदर्य करण किया जाए, शमशान घाटों में पानी टीन शेड की व्यवस्था की जाए, आर एंड आर की कमियों को पूरा किया जाए, इन सभी मांगो का ज्ञापन यीडा प्राधिकरण के ओएसडी शैलेन्द्र सिंह को सौंपा। इस दौरान भाकियू लोकशक्ति के नरसिंहपाल मीणा, अहमद खान, दीपक, विश्वास नागर, धनेश मीणा, आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

# शिक्षिका माता सावित्रीबाई फुले शिक्षा व समानता के अधिकार के लिए आज भी महानायक हैं: एसडीएम हीरालाल सैनी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर (वसीम सिददीकी)।** अनूपशहर क्षेत्र के गांव रोरा में माता सावित्रीबाई फुले की जयंती समारोह का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि एसडीएम हीरालाल सैनी रहे प्रथम शिक्षिका व 1848 में विद्यालय की स्थापना करने वाली माता सावित्रीबाई फुले के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया गया।

जयंती समारोह को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसडीएम हीरालाल सैनी समाजसेवी ज्ञानेंद्र सिंह राघव व चौधरी श्रीपाल सिंह भगत जी ने शिक्षा की देवी बताते हुए तथा आजादी से पूर्व ही प्रथम





शिक्षिका के रूप में महिलाओं की शिक्षा व छुआछूत व समानता विधवाओं के पुनर्विवाह व 1848 विद्यालय की स्थापना कर अपने संघर्ष में ग्रामीण आँचल में कैंप लगाकर बच्चों के कुपोषण में समानता के लिए अपने संघर्ष में महिलाओं के लिए शिक्षा का रास्ता दिखाकर उनके जीवन में अंधकार से प्रकाश लाने वाली शिक्षाविद माता सावित्रीबाई फुले के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया जयंती समारोह में रायसिंह प्रधान,मनोज शर्मा, सुनील सैनी, दिनेश सैनी चन्दरवीर कश्यप, सुरेश कश्यप, राधेलाल सेन,लाला सैनी,अनूप पाल, राजकुमार शर्मा, किरनपाल शर्मा, सहित आदि लोग उपस्थित रहें।

# वसुधा वधावन ने बनाए स्ट्रीट डॉग्स के लिए रैनबसेरे, रंग ला रही जानवरों के प्रति संवेदनशील बनाने की मुहिम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**दनकौर।** यमुना विकास प्राधिकरण क्षेत्र 22 डी में आठ हजार फ्लैट बनाए गए हैं। जहां वर्षों से सैकड़ों परिवार निवास कर रहे हैं। यहां के निवासीगण लगातार सफाई व्यवस्था के साथ सुरक्षा पानी आदि मूलभूत सुविधाओं को लेकर प्राधिकरण से मांग करते चल आ रहे हैं। पानी की टंकियां टूटी हुई है। कूड़ेदान से समय से कूड़े नहीं उठाए जाने पर गंदगी का अंबार लगा रहता है। आस-पास झाड़ियों से विषैले कीड़े


**यमुना विकास प्राधिकरण सेक्टर 22 डी में ठंड के मौसम में घर के इन रखवालों के लिए घर बना रहे हैं। इस मुहिम का मकसद लोगों को जानवरों के प्रति संवेदनशील बनाना है**

मकोड़ों निकल कर आवास में घुस जाते हैं। आवारा पशुओं से परेशानी होती है। जिनके खाने-पीने रहने के लिए सेक्टर वासियों को इंतजाम करना पड़ रहा है।

**कुत्तों के लिए रैन बसेरा**

पुरानी मेज के नीचे बोरियां बिछाईं। उसके ऊपर पुरानी चादर इस तरह से डाली कि नीचे तक पूरी तरह से ढक जाए। चादर उड़े नहीं... इसके लिए टेबल पर चारों तरफ कील ठोंक दी और उसके ऊपर डाल दी पॉलीथीन। बस इतना करके स्ट्रीट डॉग्स और पपीज के रहने का इंतजाम हो गया। इन मामूली तरीकों का इस्तेमाल कर वसुधा वधावन ठंड के मौसम में घर के इन रखवालों के लिए घर बना रही हैं।

अभियान की संचालिका वसुधा वधावन के मुताबिक, इसका मकसद सेक्टर 22 डी वासियों को संवेदनशील बनाना भी है। सेक्टर वाले आसपास के जीव-जंतुओं के प्रति प्रेम रखेंगे तो वे समाज के प्रति भी संवेदनशील होंगे और डॉग्स की वजह से घर भी सुरक्षित रहेंगे। समाजसेविका वसुधा वधावन बताती हैं कि







वह अब तक सेक्टर के 40 लोगों को डॉग्स और पपीज के लिए घर बनाने का प्रशिक्षण दे चुकी हैं। उन्होंने बताया, 'बड़ी बात यह है कि 100 से ज्यादा लोग अपने मोहल्लों में डॉग्स के लिए जुगाड़ से घर बना चुके हैं। लोगों द्वारा इन घरों की तस्वीरें भी वसुधा वधावन को भेज रहे हैं। कुछ लोग ने प्लास्टिक, तो कुछ ने बांस की डंडियों और कुछ ने तो प्रचार होर्डिंग्स को तोड़कर ऐसे-ऐसे घरौंदे बनाए हैं, जिन्हें देखकर बड़े-बड़ों को हैरानी होती है।' वसुधा वधावन के मुताबिक, लोगों को कबाड़ से घरौंदा बनाने की ट्रेनिंग देने के साथ हर मौसम के लिहाज से स्ट्रीट डॉग्स की जरूरत के बारे में भी बताया जाता है।

" यमुना विकास प्राधिकरण 22 डी सेक्टर में



वन बीएचके 55 सौ फ्लैट बने हुए हैं। इसके पास टू बीएचके मिलाकर करीब आठ हजार फ्लैट हैं। सैकड़ों परिवार निवास कर रहे हैं। सुविधाओं का अभाव है। आवारा पशुओं की भरमार है। गंदगी, जलाभाव व शेल्टर होम नहीं होने के कारण पशु-पक्षियों को भीषण ठंड में परेशानी को देखते हुए। शेल्टर होम बनाने की जरूरत है। जिसके तहत लगातार यमुना विकास प्राधिकरण से मांग की जा रही है। जनसहयोग से पशु-पक्षियों खाने-पीने व रहने की कोशिश की जा रही है।

**वसुधा वधावन सेक्टर 22 डी 92**
**यमुना विकास प्राधिकरण।**

# पथरी व हर्निया के ऑपरेशन के बाद युवक की हुई मौत, परिजनों ने अस्पताल में किया हंगामा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर (वसीम सिददीकी)।** अनूपशहर के बाईपास रोड स्थित एक अस्पताल में गांव भोपतपुर निवासी युवक रामेश्वर की ऑपरेशन के बाद मौत हो गई। परिजनों ने गलत ऑपरेशन करने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। विगत रात्रि 12 बजे तक हाई वोल्टेज ड्रामा चला। परिजनों के हंगामा करने की सूचना पर पहुंची ट्रेनी सीओ०आयुषी सिंह ने परिजनों को समझा-बुझाकर शांत किया। परिजनों ने अस्पताल संचालक के खिलाफ कार्रवाई के लिए कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। प्राप्त विवरणनुसार संभल जनपद के थाना रजपुरा के गांव भोपतपुर निवासी राधेश्याम ने बताया कि 10 दिसंबर को



उन्होंने अपने भाई रामेश्वर को अनूपशहर बाईपास स्थित एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया था। 12 दिसंबर को चिकित्सकों ने उनके भाई का हर्निया और पथरी दोनों का ऑपरेशन किया। 20 दिसंबर तक डॉक्टर ने उन्हें अपने पास रखा। 21 दिसंबर को डॉक्टर ने उनके भाई को डिस्चार्ज कर घर वापस भेज दिया। घर जाने के दो से तीन दिन बाद उनके भाई को उल्टी होने लगी जिसके बाद वह 26 दिसंबर को अपने भाई को अस्पताल ले आए। जहां डॉक्टर ने खाने वाली नली में इंफेक्शन बताया और बाहर जांच कराने के लिए कहा। इसके बाद वह अपने भाई को मेरठ ले गए और वहां जांच कराई। 27 दिसंबर को वह वापस अपने भाई को अनूपशहर स्थित उक्त प्राइवेट अस्पताल में ले आए। वहां चिकित्सक ने मरीज को भर्ती कर लिया। जहां उन्हें उल्टी होने लगी। जिसके बाद चिकित्सक ने रामेश्वर की गंभीर स्थिति को देखते हुए 28 दिसंबर को अलीगढ़ के लिए रेफर कर दिया। जहां एक प्राइवेट अस्पताल में उनका इलाज कराया गया। 2 जनवरी की देर शाम करीब आठ बजे अलीगढ़ मे उपचार के दौरान उनके भाई की मौत हो गई। बृहस्पतिवार देर रात मृतक के परिजन शव को लेकर अनूपशहर बाईपास स्थित अस्पताल पहुंचे जहां मृतक का हर्निया और पथरी का ऑपरेशन हुआ था। वहां परिजनों ने गलत ऑपरेशन करने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को समझा-बुझाकर शांत कराया। ट्रेनी सीओ०व कोतवाली प्रभारी आयुषी सिंह ने बताया कि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। परिजनों की ओर से चिकित्सक के खिलाफ तहरीर दी गई है। इस पूरे मामले की जांच के लिए सीएमओ०बुलंदशहर को पत्र लिखा जा रहा है। सीएमओ०की जांच के बाद अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

खुलासा

## आइवरी के व्यापार पर रोक जरूरी : डॉ रंजन तोमर


# हर साल जब्त हो रहा हाथीदांत,सैंकड़ो गिरफ्तार: आरटीआई


बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नॉएडा ।** शहर के समाजसेवी एवं पर्यावरणविद श्री रंजन तोमर ने आरटीआई के माध्यम से कुछ चौंकाने वाले खुलासे किये हैं , हाथियों के शिकार के एक प्रमुख कारण उनका हाथी दांत अर्थात आइवरी है , जिसके दस साल का ब्यौरा श्री तोमर को वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो द्वारा दिया गया है , कितने शिकारियों को गिरफ्तार किया गया इसकी जानकारी भी ब्यूरो द्वारा साझा की गई है।

**यह है 2014 से 2024 तक का ब्यौरा**

2014 में देश भर में कुल मिलाकर 50 हाथीदांत जब्त हुए और 52 शिकारियों को गिरफ्तार किया गया , ,2015 में 42 आइवरी जब्त हुई और 37 गिरफ्तारियां हुई , 2016 में क्रमशः 26 और 47 रहा , 2017 में 39 हाथीदांत जब्त हुए और 40 शिकारी गिरफ्तार हुए , 2018 में क्रमशः 44 और 46 का आंकड़ा रहा , 2019 में हाथीदांत का आंकड़ा 68 हो गया और 41 शिकारी गिरफ्तार हुए , 2020 में 39 हाथीदांत जब्त हुए और 47 गिरफ़्तारी हुई , जबकि 2021 में भी 73 तक हाथीदाँतों का आंकड़ा पहुँच गया , इस वर्ष 64 गिरफ्तार हुए , 2022 में यह आंकड़ा क्रमशः 60 और 65 का रहा , जबकि 2023 में 43 हाथीदांत पकडे गए और 48 शिकारी गिरफ्तार हुए , 2024 में यह आंकड़ा घटकर हाथीदांत





का 16 और गिरफ्तारियों का 19 पर आगया।

**पश्चिम बंगाल एवं असम में सबसे ज्यादा शिकार**

2014 में सबसे ज्यादा आइवरी नागालैंड में बरामद हुई जहाँ 14 और दूसरे पर तमिल नाडु जहाँ 10 बरामदगी हुई , 2015 में पश्चिम बंगाल में रिकॉर्ड 21 आइवरी बरामद हुई , 2016 में कर्नाटक में 7 आइवरी बरामदगी हुई , 2017 में कर्णाटक में 13 जब्ती हुई , 2018 में पश्चिम बंगाल में फिरसे 22 हाथीदांत पकडे गए , 2019 में तमिल नाडु में 16 और पश्चिम बंगाल और मेघालय में 13 -13 हाथीदांत बदामद हुए , 2020 में असम में 11 और उत्तराखंड में 9 हाथीदांत पकडे गए , 2021 में असम में 13 और बिहार में 11 हाथीदांत बरामद हुए , 2022 में यह आकंड़ा सबसे ज्यादा मेघालय और झारखण्ड रहा जहाँ 10 -10 हाथीदांत बरामद हुए , 2023 में फिर असम हाथीदांत देश भर में सबसे ज्यादा बरामद हुए। 2024 में पश्चिम बंगाल में 6 हाथीदांत बरामद हुए।

डॉक्टर रंजन तोमर ने संवाददाताओं से बात करते हुए कहा की यह बेहद दुखद है की आज के परिवेश में भी हाथियों का शिकार जारी है और हाथीदांत की बरामदगी लगातार हो रही है , वह इस विषय में केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय एवं राज्यों को भी लिखेंगे ताकि आवश्यक कार्यवाही की जा सके और हाथियों के बचाव हेतु कड़े कानून बन सकें।

# बंदर के हमले में घायल हुई वृद्धा की इलाज के दौरान मौत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर (वसीम सिददीकी)।** बंदर के हमले में घायल हुई वृद्ध महिला ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मृतका के पति ने बैंक अफसर पर आर्थिक मदद की धनराशि हड़पने का आरोप लगाया है। कहा कि इलाज के लिए डीएम० ने रेडक्रॉस सोसायटी से 10 हजार रुपये की धनराशि का चेक सौंपा। इसकी धनराशि खाते में पहुंचने के बाद बैंक ने रुपये देने से इन्कार कर दिया। समय से इलाज न कराने पर पत्नी की मौत हो गई।

गुलावठी क्षेत्र के गांव कुरली निवासी छिद्दा सिंह की 87 वर्षीय पत्नी परसंदी देवी सात मई को बंदरों के हमले में घायल हो गई।


बुजुर्ग महिला के पैर में फ्रेक्चर हो गया। छिद्दा सिंह ने बताया कि परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक न होने पर 11 मई को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने हायर सेंटर ले जाने की बात कही। इलाज कराने में असमर्थ होने पर जिलाधिकारी से आर्थिक सहायता की मांग की। दो जुलाई को डीएम ने 10 हजार रुपये की धनराशि का चेक दिया जो खाते में लगा दिया।

# डॉ.सुरेंद्रानंद गिरि महाराज महामंडलेश्वर की प्रयागराज में आकर्षण शोभायात्रा निकाली गई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामघाट(बुलंदशहर)।** रामघाट निवासी गंगा धाम के संचालक श्री श्री 108 सुरेंद्रानंद गिरि महाराज महा पंचायत अखाड़ा के महामंडलेश्वर को प्रयागराज इलाहाबाद महाकुंभ शिविर में प्रवेश होने पर उनका फूल माला पहनाकर मालाओं से स्वागत किया गया। यही नहीं उनकी आकर्षक झांकियां के साथ शोभायात्रा निकाली गई जिनका पुष्पों की वर्षा कर सम्मानित किया गया।

इस मौके पर डॉक्टर सुरेंद्रानंद गिरि महाराज ने अपने शिष्यों से आम जनता से शिवर में सम्मिलित होने का न्यौता दिया है। और खुशी जाहिर करते हुए कहा कि 144 साल बाद शुभ मुहूर्त का दिन आया है यह बहुत खुशी का दिन है। इस मौके पर पंचायत अखाड़े के लाखों साधु संत अपने शिविर में सम्मिलित हुए।





# ऑपरेशन कन्विक्शन"अभियान के क्रम में लूट के आरोपी को 07 वर्ष, 10 माह व 04 दिन का कारावास व 1,000 रुपये के अर्थदण्ड की सजा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** अभियुक्त जितेन्द्र उर्फ जीतू पुत्र वीरपाल निवासी ग्राम पापडी थाना अहमदगढ जनपद बुलन्दशहर द्वारा वर्ष-2016 में लूट करने की दुस्साहसिक घटना कारित की गयी थी जिसके सम्बन्ध में थाना सलेमपुर पर मुअसंझ498/16 धारा 392,411 भादवि पंजीकृत किया गया तथा दिनांक 17.03.2017 को पुलिस द्वारा मा0 न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया गया। इस अभियोग को पुलिस महानिदेशक , उ0प्र0 द्वारा चलाये जा रहे अभियान "ऑपरेशन कन्विक्शन"के अन्तर्गत चिन्हित करते हुए मॉनीटरिंग सैल बुलन्दशहर द्वारा मा0 न्यायालय में सशक्त, प्रभावी पैरवी कर अभियोजन की कार्यवाही सम्पन्न करायी गई



जिसमें अभियुक्त के विरुद्ध 01 गवाह परिक्षित हुआ, जिसके परिणामस्वरुप न्यायाधीश अर्जुन डबास (मा0 न्यायालय एसीजे/एसडी-02 जनपद बुलन्दशहर) द्वारा दोष सिद्ध पाये जाने पर अभियुक्त जितेन्द्र उर्फ जीतू को 07 वर्ष, 10 माह व 04 दिन का कारावास व 1,000/-रुपये अर्थदण्ड की सजा से दण्डित किया गया। अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी करने वाले अभियोजक श्री मृत्युंजय सिंह का योगदान सराहनीय रहा है। प्रभावी पैरवी कर अभियुक्त को सजा दिलाना बुलन्दशहर पुलिस की बड़ी सफलता है।

# डॉ.विकास वीरवाल द्वारा चलाये जारहे निशुल्क जाँच अभियान के तहत श्रेया आई सेंटर पर आंखो से संबंधित सभी प्रकार की जांच सम्बन्धी सेवाएं निशुल्क प्रदान की जा रही आंखें हैं अनमोल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** डॉ विकास वीरवाल प्रथम तल, जयपुरिया माल, इंदिरा पुरम,गाजियाबाद में आंखों के बेहतर स्वास्थ्य सम्बन्धी सेवायें प्रदान करने के लिए "श्रेया आई सेंटर की स्थापना की।

बढ़ते स्क्रीन टाइम, प्रदूषण और अस्वास्थकर जीवन-शैली के कारण आंखों का खराब स्वास्थ्य एक आम समस्या बन गई है। अतः आज कम उम्र के बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी में अच्छी द्रष्टि बनाए रखना एक चुनौती है। ऐसे में आपको सूचित करते हुए हर्ष हो रहा है कि मेरे पुत्र डॉ विकास वीरवाल ने प्रथम तल,जयपुरिया माल ,इंदिरा पुरम,गाजियाबाद में आंखों के बेहतर स्वास्थ्य सम्बन्धी सेवायें प्रदान करने के लिए "श्रेया आई सेंटर" की स्थापना की है जहाँ पर आँखों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए उच्च गुणवत्ता की सभी प्रकार की सेवाऐं उपलब्ध हैं। डॉ विकास वीरवाल ने भारत के सर्वश्रेष्ठ संस्थानों से प्रशिक्षण प्राप्त कर विभिन्न जाने-माने अस्पतालों में कार्यरत रहकर अनुभव प्राप्त करने के उपरांत अपना आई सेंटर स्थापित किया है। डॉ विकास वीरवाल द्वारा किए गए आंखों के 10000 से अधिक सफल आप्रेशन तथा पुतली बदलने के 750 से अधिक ऑपरेशन का अनुभव उनकी विशेष उपलब्धि है । डॉ विकास वीरवाल अपने पेशे के प्रति बहुत ही ईमानदार, पारदर्शी, नैतिक एवं परिश्रमी होने के साथ-साथ व्यवहार कुशल,आदर्शवादी एवं सेवाभावी हैं। निशुल्क जाँच अभियान वर्तमान में श्रेया आई सेंटर पर आंखो से संबंधित सभी प्रकार की जांच सम्बन्धी सेवाएं निशुल्क प्रदान की जा रही हैं'श्रेया आई सेंटर उत्क्लर, एउल्र से अनुमोदित तथा अधिकांश अन्य सभी मुख्य हॉस्पिटल्स के पैनल्स एवं सभी प्रकार की बीमा योजनाओं से कवर्ड है।अतः आप स्वयं,अपने बच्चों व अन्य सभी परिवार जनों,दोस्तों एवं रिश्तेदारों आदि की निशुल्क जांच करवाकर इन उच्च कोटि की सेवाओं का लाभ उठाएं और स्वस्थ आंखों के साथ एक बेहतर जीवन व्यतीत करें।

ओमबीर सिंह वीरवाल सेवानिवृत्त अतिरिक्त सचिव भारत सरकार निवास-सेक्टर-61,नोयडा।


डॉ विकास वीरवाल


# जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने जिले में साप्ताहिक बंदी के नए आदेश जारी किए

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** 1 जनवरी 2025 से प्रभावी होंगे। इस आदेश के तहत जिले के सभी वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों और बाजारों के लिए सप्ताह में एक दिन बंदी सुनिश्चित की गई है। इन नियमों का उल्लंघन करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी, और यदि कोई प्रतिष्ठान पूरे सातों दिन खुलता है, तो उसे 50% अतिरिक्त शुल्क जमा करना होगा।

क्षेत्रवार साप्ताहिक बंदी के नियम मंगलवार को बंद रहने वाले क्षेत्र गाजियाबाद नगर निगम और खोडा नगर पालिका के तहत आने वाले प्रमुख बाजार जैसेः

राजनगर, आरडीसी, संजयनगर, गोविंदपुरम्, शास्त्रीनगर, नेहरूनगरकविनगर, नवयुग मार्केट, घंटाघर, तुराबनगर, रमतेराम रोड मोहननगर, वैशाली, इंदिरापुरम, कौशांबी इसके अलावा गाजियाबाद के सभी नाई और केश प्रसाधन की दुकानें ज्वेलरी और आभूषण की दुकानें रविवार को बंद रहने वाले क्षेत्र नवयुग मार्केट स्थित थोक विक्रेता और लोहा व्यापारी मैन्युफैक्चरिंग इंडस्ट्रीज किराना मंडी, रामनगर पालिका बाजार, जीटी रोड मोहननगर स्थित बाटा इंडिया लिमिटेड डाबर इंडिया लिमिटेड, कौशांबी शुक्रवार को बंद रहने वाले क्षेत्र लोनी की सभी दुकानें और वाणिज्य प्रतिष्ठान मोदीनगर के गोविंदपुरी और हरमुखपुरी क्षेत्र शनिवार को बंद रहने वाले क्षेत्रः लोनी में लोहे का कारोबार करने वाली सभी दुकानें गुरुवार को बंद रहने वाले क्षेत्र मुरादनगर की सामान्य दुकानें पतला निवाड़ी में सभी दुकानें साप्ताहिक बंदी का उद्देश्य यह साप्ताहिक बंदी व्यापारियों और दुकानदारों को एक निश्चित दिन के आराम और रखरखाव का अवसर प्रदान करती है। साथ ही, बाजार की गतिविधियों को सुचारू बनाए रखने और शहर में भीड़ प्रबंधन में भी मदद करती है। सख्त कार्रवाई का प्रावधान साप्ताहिक बंदी का पालन न करने वाले दुकानदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यदि कोई प्रतिष्ठान बिना अनुमति के सातों दिन खुलता है, तो उसे 50% अतिरिक्त शुल्क जमा करना होगा। व्यापारियों की प्रतिक्रिया इस नए नियम को लेकर व्यापारियों के बीच मिली-जुली प्रतिक्रिया है। कुछ व्यापारी इसे राहत की तरह देख रहे हैं, जबकि अन्य इसे व्यापार पर प्रभाव डालने वाला मान रहे हैं। जिले में साप्ताहिक बंदी का यह नया नियम व्यवस्थित बाजार संचालन सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। यह व्यापारियों और ग्राहकों दोनों के लिए सुविधाजनक साबित होगा। गाजियाबाद के निवासियों को अब यह सुनिश्चित करना होगा कि उनके क्षेत्र में कौन से दिन दुकानें बंद रहेंगी। यह लेख आपके पाठकों को साप्ताहिक बंदी के नए नियमों के बारे में विस्तृत और स्पष्ट जानकारी देगा।



# युग परिवर्तन सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील त्यागी ने गरीब झुग्गी झोपड़ी वालो के लिए मुख्यालय पर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौपा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** युग परिवर्तन सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील त्यागी महामंत्री छोटेलाल कनौजिया के नेतृत्व में जिला मुख्यालय पर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौपा। इस मौके पर झुग्गी झोपडी निवासी सैकड़ो की संख्या में उपस्थित रहे जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री जी के नाम ज्ञापन दिया झुग्गी झोपड़ी मे रहने वाले लगभग 1500 परिवार से अधिक निवास करने वाले को प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास दिलाने हेतु प्रार्थना पत्र दिया औद्योगिक क्षेत्र बुलंदशहर रोड साइड 1 गाजियाबाद में लगभग पिछले 30 वर्षों से अधिक1500 परिवार से अधिक विधिवत रूप निवास करते है निर्माण खंड प्रथम उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण गाज़ियाबाद द्वारा उन्हें वहां से उजाडा जा रहा है अतः जिलाधिकारी से गुहार लगाई की झुग्गी झोपडी तोडी ना जाए सर्दी के मौसम में उन्हें घर से बेघर ना किया जाए और उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास दिया जाये प्रशासन को जांच करा कर आवास दिलाये जाये झुग्गी झोपड़ी की वजह से किसी भी प्रकार की ट्रैफिक व अन्य कोई परेशानी नहीं होती है और ना ही इन्होंने सड़क पर कोई कब्जा किया हुआ है .इनके रहने के लिए व्यवस्था सुनिश्चित किया जाने का आदेश प्रशासन द्वारा द्वारा किया जाए शीतलहर के चढ़ते छोटे मासूम बच्चों को भी परेशानियों का सामना न झेलना पड़े राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञापन के माध्यम से सरकार से विनती की ।



# लोहा मंडी में भव्य रूप से मनाया गया नववर्ष, हास्य कवियों ने खूब हंसाया, सभी को नववर्ष की मंगल कामनाएंः डॉ.अतुल जैन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी )।** लोहा विक्रेता मंडल के तत्वावधान में नव वर्ष के भव्य समारोह का आयोजन लोहा मंडी स्थित तारा स्टील चौक पर किया गया जिसमें विधायक संजीव शर्मा विधान परिषद सदस्य दिनेश गोयल एडिशनल कमिश्नर जीएसटी भूपेंद्र शुक्ला पूर्व मंत्री रामकिशोर अग्रवाल के साथ-साथ जनपद गाजियाबाद के पुलिस विभाग के अधिकारी गण उद्योग और व्यापार जगत के विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी गण और भारी संख्या में लोहा व्यापारी गण उपस्थित रहे। दिल्ली से पधारे सुप्रसिद्ध कवि एवं संचालक राजेश चेतन, उदयपुर से पधारे हास्य कवि अजात शत्रु और हाथरस के हास्य कवि सुनहरी लाल तुरंत ने पधार कर लोहा विक्रेता मंडल के इस नव वर्ष कार्यक्रम में सभी को अपनी कविताओं से हंसाया संदेश दिया और देश प्रेम की बात की व्यंग्यों के द्वारा इशारे में राजनीतिक पहलुओं के बारे में भी कविताएं सुनाईं।इससे पूर्व जीएसटी के संबंध में बारीकियां के बारे में नियम कानून से संबंधित व्यापारियों के ज्ञानवर्धन हेतु मंडल द्वारा आमंत्रित एडवोकेट मुकुल गुप्ता और प्रतीक गुप्ता ने व्यापारियों को संबोधित करते हुए विभिन्न पहलुओं के बारे में बताया और व्यापारियों द्वारा उठाए गए सवालों के जवाब दिए । साथ ही छोटी-छोटी गलतियां पर व्यापारियों को विभाग की ओर से होने वाली परेशानियों के संबंध में नियम कानून में संशोधन हेतु भी विचार रखें। गाजियाबाद लोहा विक्रेता मंडल के अध्यक्ष डॉ.अतुल कुमार जैन और अन्य पदाधिकारीयों ने चेयरमैन जयकुमार गुप्ता वाइस चेयरमैन महेश गुप्ता वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुबोध गुप्ता महामंत्री अंबरीश जैन उपाध्यक्ष मोहनलाल अग्रवाल कोषाध्यक्ष सतीश बंसल वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजीव मंगल वरिष्ठ उपाध्यक्ष दीपक सिंघल और सभी अन्य पदाधिकारीयों ने कार्यक्रम में पधारे हुए सम्मानित अतिथि गणों का स्वागत किया और विधायक संजीव शर्मा का हाल ही में हुई प्रचंड जीत के लिए बहुत ही जोर-शोर से कार्यकारिणी के सभी सदस्यों ने शाल उढा कर ,माल्यार्पण करके और बुके भेंट करके उनका स्वागत किया बधाई दी और नववर्ष की शुभकामनाएं प्रेषित की । डॉ.अतुल कुमार जैन,ने संजीव शर्मा विधायक की कार्य प्रणाली की प्रशंसा करते हुए अवगत कराया की विधायक बनने के तुरंत बाद ही वह पूर्ण रूप से क्षेत्र हित और समाज हित के कार्यों में संलग्न हो गए हैं और विभिन्न प्रकार की समस्याओं के समाधान हेतु अधिकारियों और अपने वरिष्ठ नेताओं से मिलकर पत्र लिखकर,लगातार प्रयास में जुट गए हैं। विधान परिषद सदस्य दिनेश गोयल का भी उपरोक्त के साथ-साथ अन्य सभी पदाधिकारीयों ने उनका स्वागत किया सम्मान किया और अतुल जैन ने दिनेश गोयल एमएलसी द्वारा समाज हित में विधान परिषद में उठाए गए मुद्दों के बारे





में प्रशंसा की। दोनों ही अतिथियों ने सभी लोहा व्यापारियों और उपस्थित अन्य संगठनों के पदाधिकारीयों को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए आश्वस्त किया कि उनकी सरकार विकास और सेवा के कार्यों में सदैव साथ है।

जीएसटी विभाग उत्तर प्रदेश के एडिशनल कमिश्नर ग्रेड 1 भूपेंद्र शुक्ला का भी मंचासीन गाजियाबाद लोहा विक्रेता मंडल के जयकुमार गुप्ता वाइस चेयरमैन महेश गुप्ता उपाध्यक्ष मोहनलाल अग्रवाल महामंत्री अमरीश जैन वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुबोध गुप्ता ने अध्यक्ष डॉ.अतुल जैन के साथ मिलकर स्वागत सम्मान किया और हाल ही में कार्यभार संभालने के लिए उनको शुभकामनाएं दी, काफी देर मंच की शोभा बढ़ाते हुए भूपेंद्र शुक्ला ने कार्यक्रम का और सभी कवियों के काव्य पाठ का भरपूर आनंद लिया। गाजियाबाद लोहा विक्रेता मंडल के आमंत्रण पर सुप्रसिद्ध कवि और शायर और सफल मंच संचालक राज कौशिक का भी स्वागत सम्मान किया गया और उन्होंने भी अपने प्रचलित और प्रसिद्ध कुछ शेर पढ़कर खूब वाहवाही लूटी ।

रामकिशोर अग्रवाल के साथ-साथ जनपद गाजियाबाद के औद्योगिक और व्यापारिक संगठनों के पधारे हुए सभी पदाधिकारीयों का गाजियाबाद लोहा विक्रेता मंडल के पदाधिकारीयों द्वारा स्वागत,सम्मान किया गया। नव वर्ष के अवसर पर गाजियाबाद लोहा विक्रेता मंडल द्वारा आयोजित किए गए इस भव्य समारोह में कवि सम्मेलन का मंच संचालन दिल्ली के राजेश चेतन द्वारा किया गया उन्होंने देशभक्ति की और हास्य व्यंग द्वारा सभी को खूब हंसाया और सफल संचालन किया था, उदयपुर के राव अजात शत्रु की कविताओं पर भी सभी ने बहुत आनंद लिया और उनकी कविताओं पर खूब तालियां बजाईं, सुनहरी लाल तुरंत ने प्रारंभ में काव्य पाठ करके सभी को लोटपोट कर दिया।

इस अवसर पर थाना कवि नगर के थाना प्रभारी योगेंद्र मलिक और चौकी इंचार्ज लोहा मंडी अमित कुमार चौकी इंचार्ज बुलंदशहर रोड इंडस्ट्रियल एरिया मानवेंद्र सिंह चौकी इंचार्ज कवि नगर रोहित गुप्ता का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम में गाजियाबाद लोहा विक्रेता मंडल और से अतुल कुमार जैन जयकुमार गुप्ता महेश गुप्ता बृजनंदन गुप्ता भूपेंद्र बंसल आनंद प्रकाश सुभाष गर्ग सुबोध गुप्ता राजीव मंगल अविनाश चंद्र दीपक सिंघल राजकुमार अग्रवाल इंद्र मोहन कुमार सुधीर जैन अनिल कुमार संजय गोयल सुरेश गुप्ता मोहनलाल अग्रवाल अनुराग अग्रवाल प्रदीप बंसल संजय मित्तल कपिल जैन सौरभ गोयल गौरव मिगलानी गिरीश मेहंदी रत्ता विकास जैन वीरेश मित्तल राजीव खन्ना राजीव अग्रवाल सतीश चंद्र बंसल विनीत अग्रवाल मुकेश कुमार जेवर प्रवीण गुप्ता संजय बंसल संजय गुप्ता मुकेश मित्तल मुकेश अरोड़ा इत्यादि के साथ सैकड़ो की संख्या में लोहा व्यापारी गण उपस्थित रहे ।जनपद ,गाजियाबाद के विभिन्न औद्योगिक और व्यापारिक संगठनों की ओर से रामकिशोर अग्रवाल, राज कौशिक पत्रकार एवं साहित्यकार,हरिओम चौहान, नीरज सिंघल, प्रदीप गुप्ता, संजय अग्रवाल,मनोज कुमार,सुशील अरोड़ा संजीव सचदेवा, उपेंद्र गोयल, राजू छाबड़ा,गोपीचंद ,अशोक चावला ,सुनील गोयल,राजदेव त्यागी ,प्रदीप चौधरी, मनोज गुप्ता,आशुतोष भारद्वाज,अजीत सिंह नंदा, अनिल सांवरिया,आशुतोष बिंदल,तिलक राज अरोड़ा इत्यादि ने गाजियाबाद लोहा विक्रेता मंडल के आमंत्रण को स्वीकार करके और उपस्थित रहकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

# वर्ष 2024-25 हेतु जनपद का कुल लक्ष्य 1434 लाभार्थियों को लाभान्वित कराये जाने का निर्धारित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** दिनांक 18.06.2024 के माध्यम से चल वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु जनपद का कुल लक्ष्य 1434 लाभार्थियों को लाभान्वित कराये जाने का निर्धारित किया गया है।

इस योजनान्तर्गत रू0 2.00 लाख की वार्षिक आय सीमा वाले परिवार की कन्या की आयु 18 वर्ष व वर की आयु 21 वर्ष हो, द्वारा वेबसाइट https://cmsvy.upsdc.gov.in/ पर स्वयं अथवा जन सुविधा केन्द्र के माध्यम से आवेदन किया जा सकता है। आवेदन पत्र के साथ कन्या व वर का फोटो तथा आधार कार्ड लगाना अनिवार्य है। नगरीय क्षेत्र में आवेदन पत्र संलग्नकों सहित नगर निगम,नगर निकाय के कार्यालय में जमा किया जायेगा व ग्रामीण क्षेत्र में आवेदन पत्र संलग्नकों सहित सम्बन्धित विकास खण्ड कार्यालय में जमा किया जायेगा। योजनान्तर्गत रू0 10,000/- की उपहार सामग्री (वर-वधु के कपडे, चाँदी की बिछिया व पायल, स्टील डिनर सेट, प्रेशर कूकर, ट्राली बैग, वैनिटी किट एवं दीवार घड़ी इत्यादि) विवाहित जोड़े को दिया जाता है।

नगर निगम/नगर निकाय/विकास खण्ड स्तर से जाँचोपरान्त पात्र पाये गये आवेदकों की पुत्री के सामूहिक विवाह उपरान्त कन्या के बैंक खाते में रू0 35,000/- की धनराशि भुगतान किये जाने का प्राविधान है।

सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत निर्धारित पात्रता की श्रेणी में आने वाले अभिभावकों से अनुरोध है कि अधिकाधिक संख्या में आवेदन करते हुये योजना का लाभ लेना सुनिश्चित करें।

# अवाम विकास मंच अराजनेतिक कार्यालय पर संगठन के कोर कमेटी की बैठक हुई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर ।** अवाम विकास मंच अराजनीतिक के कार्यालय पर संगठन के कोर कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें निर्णय लिया गया की तहसील डिबाई शिकारपुर अनूपशहर को मिलकर डीवाई को जिला कल्याण सिंह नगर बनाने व कमिश्नरी अलीगढ़ से जोड़ने के लिए गांव-गांव जाकर जागरूकता अभियान चलाया जाए और 5 जनवरी को श्रद्धेय श्री बाबूजी कल्याण सिंह जी की जन्म जयंती चौंधेरा पंचायत घर घर पर मनाई जाएगी और 26 जनवरी से 10 फरवरी के बीच शहीद सम्मान दिवस मनाने का निर्णय लिया गया जिसमें मुख्य रूप से उपस्थित रहे विजेंद्र सिंह धनगर संगठन अध्यक्ष हरपाल सिंह लोधी संगठन उपाध्यक्ष राव मुहिब्बुर रहमान खा संगठन महासचिव अनिल कुमार तोमर संगठन कोषाध्यक्ष वीपी सिंह शंकर सिंह लोधी , हिम्मत सिंह लोधी न्याय पंचायत अध्यक्ष रूप सिंह बघेल न्याय पंचायत उपाध्यक्ष राजकुमार सिंह आदि।



**आयोजन**

## खाओ पियो मस्त रहो क्लींज करो स्वस्थ रहो : डा पीयूष सक्सैना

# फ्री सेमिनार 4 जनवरी कोप्तदवा मुक्त जीवन कैसे जिएं ?

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद।** हॉलिस्टिक जीवन धारा फाउंडेशन गाजियाबाद द्वारा किलींजिंग थैरेपी द्वारा दवामुक्त जीवन की संकल्पना पर आधारित निःशुल्क सेमिनार का आयोजन होटल वेस्ट व्यू 106, मैन जीटी रोड,नजदीक आपुलेंट माल में डॉ पीयूष सक्सेना पी.एच डी. (नेचुरोपैथी) अमेरिका, प्रणेता किलीजिंग थेरेपी,सीनियर वाइस प्रेसिडेंट (रिलायंस इंडस्ट्रीज) के सानिध्य में एवं सूत्रधार डॉ.यशपाल गुप्ता विशेषज्ञ किलींजिंग थेरेपी व (कोर्डिनेटर उ.भारत) के नेतृत्व में शनिवार,04=01=2024 को सायं 3 से 5 बजे तक किया जाएगा।जिसमें आप सपरिवार सादर आमंत्रित हैं।

डॉ. यशपाल गुप्ता (विशेषज्ञ क्लींजिंग थैरेपी) ने प्रेस को जानकारी देते हुए बताया कि क्या आप छुटकारा चाहते हैं? ड्ड हार्ट अटैक/हृदय रोग से, ड्ड गॉलब्लेडरप्तकिडनी स्टोन से बिना ऑपरेशन,ड्डजोड़ों के दर्द से ड्ड बी.पी./डायबिटीज से रिवर्स कर-के,ड्डलिवर व किडनी संबंधित असाध्य रोंगो आदि से,यह सब संभव है नैचुरोपैथी क्लींजिंग थेरेपी से जिसे अपनाने से मनुष्य की इम्यूनिटी में आश्चर्यजनक वृद्धि होती है फलस्वरूप विश्व में ज्ञात 90% बीमारियों का 100% समाधान स्वतः होता है।इस बेमिसाल "क्लींजिंग थेरेपी" द्वारा आप अपना इलाज अपने आप भी कर सकते हैं। विशेष बात यह है कि इसका कोई दुष्प्रभाव भी नहीं होता। ऐसी अदभुत चिकित्सा पद्धति की जानकारी प्रदान करने हेतु एक निःशुल्क सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। डा पीयूष सक्सैना ने बताया कि जिस तरह हम टू व्हीलर,फॉर व्हीलर की सर्विस कराते हैं और सर्विस के बाद व्हीकल नए की तरह चलता है उसी सिद्धांथ पर हम शरीर पर कार्य कर रहे हैं।जीवन में यदि हम आंतरिक अंगों को क्लीन करते हैं तो 90% बीमारी से बचे रहते हैं।इससे एनर्जी लेवल बढ़ेगा,नींद अच्छी आएगी,आंखों के नीचे झाइयां चली जाएंगी,हिमोग्लोबिन का लेवल ठीक होगा,कमर दर्द, गुर्दे की पथरी गल कर निकल जाएगी,महिलाओं की पीसीओएस आदि समस्याएं ठीक होंगी। इस अवसर पर डा यश पाल गुप्ता,डा राजन आदर्श,योग मर्मज्ञ देवेन्द्र हितकारी, बीपी गौतम आदि क्लींजिंग थैरेपी पर मार्ग दर्शन देंगे। देवेन्द्र हितकारी ने बताया कि क्लींजिंग थेरेपी स्वस्थ राष्ट्र की दिशा में एक सार्थक कदम है।



# शातिर चोर टीटू उर्फ चमकी गिरफ्तार, कब्जे से चोरी किये गये 48,000/- रुपये व घटना में प्रयुक्त ई-रिक्शा बरामद

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सिकन्द्राबाद।** वादी सरजीत सिंह निवासी ग्राम अंधैल थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर ने थाना सिकन्द्राबाद पर तहरीर दी कि वह दिनांक 30.12.2024 को किसी काम से जोखाबाद में जा रहा था तो रास्ते में उसके रुपये गिर गये तभी एक ई-रिक्शा वाला उसके रुपये उठाकर भाग गया। इस सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना सिकन्द्राबाद पर मुअसं-09/25 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया। उक्त के क्रम में आज दिनांक 03.01.2025 को घटना में संलिप्त एक अभियुक्त को चोरी किये गये 48,000/- रुपये सहित गिरफ्तार किया गया है अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना सिकन्द्राबाद पर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है ।



# निदेशक एससी,एसटी आयोग ने उत्पीडन के पंजीकृत प्रकरणों की स्थलीय जांच की, अधिकारियों के साथ की बैठक कर दिये दिशा निर्देश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** निदेशक राष्ट्रीय अनुसूचित जाति,जनजाति आयोग ने एससी,एसटी उत्पीडन के पंजीकृत प्रकरणों की स्थलीय जांच की। साथ ही मेरठ रोड स्थित सिंचाई विभाग के गेस्ट हाउस में अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। गत गुरुवार को वीके सिंह निदेशक राष्ट्रीय अनुसूचित जाति,जनजाति आयोग एससी,एसटी उत्पीडन के पंजीकृत प्रकरणों की स्थलीय जांच करने पीड़ितों के पास पहुंचे। वह थाना बाबूगढ़ क्षेत्र की गीता कालोनी,ग्राम जरौठी,ग्राम कंदौला में प्रकरण की जांच करने पीड़ितों के आवास पर पीड़ितों के परिजनों से मिलकर गहनता से जांच की। परिजन पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही से संतुष्टि प्रकट की।



मेरठ रोड स्थित सिंचाई विभाग के गेस्ट हाउस में निदेशक ने आठ प्रकरणों की आईओ से विवेचना के सम्बंध में जानकारी ली। साथ ही अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी संदीप कुमार,एसडीएम लवी त्रिपाठी,समाज कल्याण अधिकारी शिव कुमार आदि मौजूद रहे।

# सुन्दर दीप (एस.डी.जी.आई.) ग्लोबल यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों को एस.पी.एम. मेडिकेयर प्राइवेट लिमिटेड मे मिला प्लेसमेंट





बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा (गजेन्द्रराठी)।** एस.डी.जी.आई. ग्लोबल यूनिवर्सिटी में प्रसिद्ध एस.पी.एम. मेडिकेयर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया। इस ड्राइव में बी. फार्मा., डी. फार्मा. के विद्यार्थियों ने भाग लिया। ड्राइव का आरंभ कंपनी प्रोफाईल अथवा जॉब डिस्क्रिप्शन के बारे में कंपनी के अधिकारीयों द्वारा बताकर किया गया। इस ड्राइव मे पर्सनल इंटरव्यू के माध्यम से 42 विद्यार्थियों का चयन कंपनी द्वारा किया गया। इस अवसर पर सुन्दर दीप ग्रुप के चेयरमैन महेंद्र अग्रवाल, उपाध्यक्ष सुंदर दीप समूह, अखिल अग्रवाल, एस.डी.जी.आई. ग्लोबल यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रो० (डॉ०) प्रसेंनजीत कुमार, प्रो० वाइस चांसलर पीयूष श्रीवास्तव, आई.जी. पुलिस (से०नि०), रजिस्ट्रार डॉ० राजीव रतन, अमित भारद्वाज, निदेशक (ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट), प्रिंसिपल निखिल निगम, अंजलि कावत्रा (निदेशक) आर्किटेक्चर, प्रो. (डॉ०) हरीश तलूजा, निदेशक इंजिनियरिंग तथा सभी कॉलेजों के निदेशक, विभागाध्यक्ष, और फैकल्टी सदस्यों द्वारा चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी गई और उनके उज्वल भविष्य की कामना की गई।

# श्रीमद्भागवत कथा श्रवण से सदैव होता है कल्याण:डॉ शैल बिहारी दास

## नगर के मोहल्ला जवाहर गज में चल रही है, श्रीमद्भागवत कथा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** श्रीधाम वृन्दावन के प्रमुख व कथा वाचक श्रद्धेय डॉ शैल बिहारी दास महाराज ने कहा कि भगवत कथा के समय स्वयं श्रीकृष्ण आपसे मिलने आए हैं। जो भी इस भागवत के तट पर आकर विराजमान हो जाता है,भागवन उसका सदैव कल्याण करती है।





शुक्रवार को श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन डॉ शैल बिहारी दास महाराज प्रवचन कर रहे थे। उन्होंने बताया कि आप सब पर ठाकुर जी की कृपा है। जिसकी वजह से आप आज कथा का आनंद ले रहे है। श्रीमद भगवत कथा का रसपान कर पा रहें हैं क्योंकि जिन्हें गोविन्द प्रदान करते है जितना प्रदान करते है उसे उतना ही मिलता है। कथा में यह भी बताया की अगर आप भागवत कथा सुनकर कुछ पाना चाहते हैं, कुछ सीखना चाहते है तो कथा में प्यासे बन कर आए, कुछ सीखने के उद्देश्य से, कुछ पाने के उद्देश्य से आएं, तो ये भागवत कथा जरूर आपको कुछ नहीं बल्कि बहुत कुछ देगी। उन्होंने बताया कि मनुष्य जीवन विषय वस्तु को भोगने के लिए नहीं मिला है, लेकिन आज का मानव भगवान की भक्ति को छोड़ विषय वस्तु को भोगने में लगा हुआ है। उसका सारा ध्यान संसारिक विषयों को भोगने में ही लगा हुआ है। मानव जीवन का उद्देश्य कृष्ण प्राप्ति शाश्वत है। उन्होंने कहा कि हमारे जीवन का उद्देश्य कृष्ण को पाकर ही जीवन छोड ?ा है और अगर हम ये दृढ़ निश्चय कर लेंगे कि हमें जीवन में कृष्ण को पाना ही है तो हमारे लिए इससे प्रभु से बढ़कर कोई और सुख, संपत्ति या सम्पदा नहीं है। मंच का संचालन डॉ.राकेश अग्रवाल ने किया।

इस मौके पर आचार्य अतुल पांडेय, आचार्य अनुज मिश्रा, आकाश पांडेय, अलका कौशिक, भावना अग्रवाल, डॉ सुमन अग्रवाल, विशाल अग्रवाल एडवोकेट, रीना अग्रवाल, गौशाला के मंत्री सुरेश गुप्ता, अंकित गुप्ता, सरिता गुप्ता, करन, संजीव, बिट्टू, यर्थाथ, वैभव, नेहुल, प्रतिष्ठा आदि मौजूद थे।

# जिले की जनता टीबी मुक्त अभियान बनाने में सहयोग करें: धर्मेश तोमर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** जिले को टीवी मुक्त करने के लिए 100 दिवसीय अभियान गत 7 दिसंबर 2024 से आगामी 24 मार्च 2025 तक चलाया जा रहा है। इसमें टीवी रोगियों की जांच और इलाज सभी सरकारी अस्पतालों में मुफ्त किया जा रहा है। मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम के निर्देश अनुसार सीएमओ डॉ सुनील कुमार त्यागी द्वारा आशा,एएनएम व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को रोगियों की पहचान करने की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसमें जांच के लिए नेट मशीनों का पूरा प्रयोग होगा। प्रशिक्षण भी दिया गया हैं।

- **आशा,एएनएम व आंगनबाड़ी करेगी टीबी रोगियों की पहचान**
- **जिले में 100 दिवसीय सघन टीवी मुक्त अभियान चलाया जा रहा**

केन्द्र सरकार राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम चला रही है। जिसके तहत टीबी रोगियों को चिन्हित कर दवा उपलब्ध कराई जाती है। लेकिन अब सरकार ने उसको पूरी तरह समाप्त,करने का फैसला लिया है। इसके लिए प्रत्येक जनपद में 100 दिन का अभियान चलाया जा रहा है।



सीडीओ हिमांशु गौतम ने विशेष अभियान चलाने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही न बरतने की हिदायत अधिकारियों को दी गई है। मुख्यमंत्री ने भी अधिकारियों से वीडियो कांफ्रेसिंग के जरिए बातचीत कर टीबी को समाप्त करने के लिए बड़े पैमाने पर अभियान चलाने को कहा था। जिस पर जनपद में अमल शुरू हो गया है। अभियान के अंतर्गत टीबी रोगियों को घर-घर जाकर चिह्नित किया जाएगा। इस काम को आशा, एएनएम व आंगनबाड़ी के कर्मचारियों द्वारा किया जा रहा है। जनपद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 सुनील कुमार त्यागी द्वारा अपील की गई है कि शासन द्वारा संचालित 100 दिवसीय टीवी मुक्त अभियान को सफल बनाने में सभी जनपदवासी सहयोग करें,जिससे हमारा जनपद टीवी मुक्त बन सके।

वहीं जिला क्षय रोग अधिकारी ने विधायक धर्मेश सिंह तोमर से मिलकर उनसे अभियान का सफल बनाने के लिए जिले वासियों से अपील करने का अनुरोध किया,जिसे स्वीकार करते हुए विधायक ने जनता से टीबी मुक्ति अभियान को सफल बनाने में सहयोग करने की अपील की।

# भारत की प्रथम महिला शिक्षिका थी,सावित्रीबाई फुले: सैनी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** सैनी महासभा उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में भारत की प्रथम महिला शिक्षिका और समाज सुधारिका सावित्रीबाई फुले की जयंती पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। साथ ही समाज की प्रगति में योगदान देने वाले अधिवक्ताओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सावित्रीबाई फुले के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

- **सावित्रीबाई फुले जयंती एवं अधिवक्ता सम्मान समारोह आयोजित**
- **महात्मा ज्योतिबा फुले व सावित्रीबाई फुले को भारत रत्न देने की मांग उठाई**



महासभा के प्रदेश अध्यक्ष राकेश सैनी ने अपने संबोधन में सावित्रीबाई फुले के योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका जीवन महिलाओं की शिक्षा और समाज सुधार के लिए प्रेरणा स्रोत है। हमें उनके आदर्शों पर चलकर समाज को और सशक्त बनाना है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉक्टर मुकेश सैनी ने कहा कि माता सावित्रीबाई फुले और महात्मा ज्योतिबा फुले के प्रयासों के लिए हम भारत सरकार से माता सावित्रीबाई फुले और महात्मा ज्योतिबा फुले को भारत रत्न की मांग करते हैं। कार्यक्रम में सैनी समाज समाज के प्रख्यात अधिवक्ता हापुड़ बार एसोसिएशन के सचिव वीरेंद्र सैनी बबलू सैनी,कनिष्ठ उपाध्यक्ष हापुड़ बार एसोसिएशन एडवोकेट शिवचरण सैनी,पवन सैनी,राकेश सैनी,अजय सैनी,एडवोकेट सीमा सैनी,नंदकिशोर सैनी,शंकर सैनी,कुलदीप सैनी,अजय सैनी,राजीव सैनी,सोनू सैनी कुलदीप सैनी,सेवाराम सैनी,पंकज सैनी,लोकेश सैनी अधिवक्ताओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम समापन पर नंदकिशोर सैनी ने सबका धन्यवाद किया। इस अवसर पर किशोरी लाल सैनी,मुकेश सैनी, कौशल सैनी,मूलचंद सैनी,सुरेंद्र सैनी,अनिल सैनी,गौरव सैनी,डॉ मुकेश सैनी गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# नववर्ष पर 1.25 करोड़ की शराब डकार गये लोग : प्रकाश सिंह

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** नववर्ष 2025 के आगमन पर जनपदवासी एक करोड़ 37 लाख की शराब डकार गये है। जिसका जानकारी जिला आबकारी अधिकारी ने दी है। शराब ही अधिक बिक्री होने के कारण जनपद हापुड़ की गिनती संपन्न जनपदों में होने लगी है। आपको बता दें,कि जनपद में विभिन्न स्थानों पर अंग्रेजी,देशी,बीयर व मॉडल शॉप की 280 दुकानें संचालित है। जहां सामान्य दिनों में प्रतिदिन एक करोड़ 25 लाख की शराब की बिक्री होती है। नववर्ष 2025 के आगमन पर खाने पीने की वस्तुओं के साथ-साथ सबसे अधिक अंग्रेजी,देशी शराब के साथ बीयर की बिक्री भी होती है। इस बार जनपद में नववर्ष पर शराब की काफी बिक्री हुई है। इसकी जानकारी स्वयं जिला आबकारी अधिकारी ने दी है।

- **आबकारी विभाग द्वारा चार लाइसेंस भी किये थे जारी**
- **जिले में 280 अंग्रेजी,देशी,बीयर व मॉडल शॉप संचालित**





जिला आबकारी अधिकारी प्रकाश सिंह ने बताया कि नववर्ष पर जनपद निवासी एक करोड़ 25 लाख की शराब पी गये है। आबकारी विभाग द्वारा शराब परोसने के लिए चार लाइसेंस भी जारी किये गये थे। जिले में शराब की बिक्री अधिक होने के कारण जनपद हापुड़ की गिनती उत्तर प्रदेश के संपन्न जिलों में होने लगी है।

**मौसम**

## ठंड से बचाव को लोगों ने दिन भी लिया अलाव का सहारा, सड़कों पर वाहन हुए रेंगने पर मजबूर,ट्रेनें हुई लेट यात्री परेशान

# ठंड के तेवर देख कोहरे ने भी पसारे पैर,लोग घरों में कैद होने को मजबूर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** नववर्ष आगमन के बाद से पड़ रही कड़ाके की ठंड को देखकर शुक्रवार को कोहरे ने पैर भी पसार दिये है। बढ़ती ठंड के कारण लोग घरों में दुबकने को मजबूर हो गये है। घने कोहरे के कारण सड़कों पर वाहन भी रेंगने पर मजबूर हो गये है। कोहरे के कारण ट्रेनें भी घंटों देरी से चल रही है। ठंड से बचाव के लिए अधिकारियों द्वारा गरीब व निराश्रित लोगों में गर्म कंबलों को वितरण किया जा रहा है।

- **अधिकारियों ने गरीब,निराश्रित लोगों में कंबल वितरित किये**
- **गर्म,ऊनी व विद्युत हीटरों की बढ़ी मांग,लोगों ने की खरीददारी**









आपको बता दें,कि नववर्ष 2024 शुरू होने के बाद से तापमान में गिरावट आती जा रही है। रात्रि में तापमान दो डिग्री के करीब पहुंच रहा है। शुक्रवार की तड़के से ही ठंड ने भी अपने तेवर दिखाने शुरू दिये। ठंड को बढ़ती देख कोहरे ने भी ठंड के रंग में रंग मिलाना शुरू कर दिया है। घने कोहरे से जनजीवन बुरी प्रभावित होने लगा है। दिन चढ? के बाद सूर्य देवता ने अपने कुछ देर के लिए दर्शन दिये। जिस कारण तापमान भी अन्य दिनों की भांति नीचे खिसक करीब 6 डिग्री तक पहुंच गया है। घना कोहरा होने के कारण कई प्रमुख ट्रेनें के लेट होने के यात्रियों को अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए बसों का सहारा लेना पड़ा है।

**सड़कों पर वाहन रेंगने पर मजबूर**

रोजाना पड़ रहे घने कोहरे के कारण चंद कदम की दूरी पर वाहन चालकों को आसानी से दिखाई नहीं दे रहा है। जिस कारण वाहनों से मिनटों का सफल वाहनों से घंटों में तय हो रहा है। जिससे लोगों का समय के साथ धन की भी बबार्दी हो रही है।

**कंबलों का वितरण किया**

शासन ने गरीब व निराश्रित लोगों को ठंड से बचाव के लिए जिले की तीनों तहसील क्षेत्र में कंबल वितरण करने के लिए 15 लाख की धनराशि भेजी थी। जिससे जिला प्रशासन द्वारा कंबल क्रय किये गये। जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों द्वारा रात्रि में रैन बसेरों का निरीक्षण किया जा रहा है। साथ गरीब लोगों में कंबलों का वितरण किया जा रहा है।

**ठंड से बचाव को अलाव का सहारा लिया**

शुक्रवार को सूर्य देव के कुछ देर के लिए दर्शन देने के बाद भी ठंड अपना असली रूप दिखा रही है। दुकानदार ठंड से बचाव के लिए अलाव के पास बैठे नजर आये। घरों में ठंड से बचाव के लिए हीटर व अंगीठी का सहारा लिया जा रहा है।

**गर्म कपड़ों व हीटर की बढ़ी मांग**

नववर्ष आगमन के बाद से पड़ रही कड़ाके की सर्दी के बचा हेतु गर्म व ऊनी कपड़ों की मांग बढ़ गयी है।

लोग मार्केट में गर्म व ऊनी कपड़ों की खरीददारी कर रही है। वहीं विद्युत से संचालित हीटरों की मांग बढ़ गयी है। मार्केट में विभिन्न प्रकार के हीटरों की वैरायटी भी उपलब्ध है।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com

दैनिक बुलन्द संदेश

## सम्पादकीय

# मध्यप्रदेश को मूर्त रूप देने उठाये गए सशक्त कदम



अब्दुल सलाम सैफी

संपादक

मध्यप्रदेश सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और उनकी गुणवत्ता में सुधार के लिए निरंतर प्रयासरत है। स्वस्थ मध्यप्रदेश की संकल्पना को साकार करने के लिए सरकार ने कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इससे प्रदेश के हर नागरिक को सुलभ, निःशुल्क और उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो रही हैं। प्रदेश सरकार का संकल्प है कि हर नागरिक को उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं मिलें और प्रदेश एक आदर्श स्वास्थ्य मॉडल के रूप में स्थापित हो। आत्मनिर्भर और समृद्ध मध्यप्रदेश के निर्माण के लिये प्रदेश सरकार निरंतर अपने प्रयासों को आगे बढ़ा रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग और चिकित्सा शिक्षा विभाग का एकीकरण किया गया है। इस कदम से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और मेडिकल कॉलेजों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित हुआ है। साथ ही मरीजों को समय पर और बेहतर इलाज मिलना सुनिश्चित हुआ है।

0-46 हजार 491 नए पदों का सृजन:स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने के लिए मानव संसाधनों में भी उल्लेखनीय वृद्धि की गई है। मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है, जिसने 'पब्लिक हैल्थ कैडर' की शुरुआत की है। इसमें 46,491 नए पदों का सृजन किया गया है, जिन्हें अगले दो वर्षों में भरा जाएगा। इस पहल से प्रदेश के अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में कर्मचारियों की कमी दूर होगी और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार आएगा। प्रदेश में निःशुल्क दवाएं और जांच सेवाएं भी व्यापक स्तर पर उपलब्ध कराई जा रही हैं। जिला अस्पतालों में अब 530 प्रकार की दवाएं और 132 प्रकार की जांच सेवाएं उपलब्ध हैं।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में भी 80 प्रकार की जांच सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। इन प्रयासों से गरीब और जरूरतमंद मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल रही हैं। प्रदेश में 11,789 हैल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स सक्रिय किए गए हैं, जहां नागरिकों को घर के पास उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही हैं। इन सेन्टर्स से अब तक 3.62 करोड़ से अधिक दवाइयाँ वितरित की जा चुकी हैं और 2.91 करोड़ से अधिक जांचें की जा चुकी हैं। इसके अलावा, टेलीमेडिसिन सेवाओं के अंतर्गत 20.47 लाख से अधिक कॉल्स के जरिए ग्रामीण इलाकों के मरीजों को विशेषज्ञ डॉक्टरों की सलाह उपलब्ध कराई गई है। आयुष्मान भारत योजना के क्रियान्वयन में मध्यप्रदेश अग्रणी है। अब तक प्रदेश में 4 करोड़ से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं, जिनमें 99% कार्डों का आधार द्र-वह्वष्ट सत्यापन हो चुका है। 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के 9 लाख वरिष्ठ नागरिकों के कार्ड बनाए गए हैं। यह योजना गरीब और जरूरतमंद परिवारों के लिए स्वास्थ्य सुरक्षा की एक मजबूत गारंटी बन चुकी है।

70 वर्ष से अधिक उम्र के नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाने में मध्यप्रदेश शीर्ष पर है। प्रदेश में पीएमश्री एयर एम्बुलेंस सेवा की शुरूआत की गई है। इससे दूर-दराज के क्षेत्रों से गंभीर मरीजों को तत्काल बड़े अस्पतालों में पहुंचाकर जीवनरक्षक उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है। यह सेवा स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और सुधार में एक महत्वपूर्ण कदम है। चिकित्सा शिक्षा को मजबूत करने के लिए प्रदेश में मेडिकल कॉलेजों का विस्तार किया गया है। वर्ष-2003 तक प्रदेश में केवल 5 शासकीय मेडिकल कॉलेज थे, जो अब बढ़कर 17 हो गए हैं। एमबीबीएस सीटों की संख्या 720 से बढ़कर 2,575 हो गई है। आगामी 2 वर्षों में 8 और शासकीय मेडिकल कॉलेज बनाये जाएंगे। इसके अलावा, 12 जिलों में सार्वजनिक-निजी भागीदारी के तहत मेडिकल कॉलेजों की स्थापना की प्रक्रिया जारी है। प्रदेश में नर्सिंग और पैरामेडिकल शिक्षा संबंधी सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिये सभी आवश्यक प्रबंध किये जा रहे हैं। वर्तमान में 24 शासकीय नर्सिंग कॉलेज संचालित हैं, 14 और मेडिकल कॉलेजों में नर्सिंग कॉलेज स्थापित किए जा रहे हैं। इससे प्रदेश में जल्द ही 38 नर्सिंग कॉलेज हो जाएंगे। 250 पैरामेडिकल कॉलेजों में लगभग 25,000 छात्र शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। 0-मेडिकल टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए मेडिकल सिटी:मेडिकल टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए मेडिकल सिटी की स्थापना उज्जैन में की जा रही है। यह मेडिकल सिटी प्रदेश के नागरिकों और देश-विदेश से आने वाले मरीजों के लिए विश्वस्तरीय चिकित्सा सुविधाएं प्राप्त करने का हब बनेगी।

# सिर्फ कैलेंडर के बदलने से नहीं बदलेंगे हालात



बादल सरोज

नववर्ष की शुभकामनायें, और जैसा कि कहे जाने का रिवाज है उसके साथ कि, यह नया साल झ 2025 झ आपके लिए पिछले सभी वर्षों की अपेक्षा बेहतर हो, आप और आपके परिजन स्वस्थ और सानंद रहें और उत्तरोत्तर प्रगति करें। सभी शंकाएं, कुशंकाएं, आशंकाएं दूर रहें ; यकीन संभावनाओं में बदलें, उम्मीदें असलियत बनें और वह दुनिया, जिसमे रहना अभिशाप-सा लगता है, एक अच्छी दुनिया बने। इसी के साथ यह भी कि सामाजिक रूप से उपयोगी बनें रहें, आदमी/औरत से इंसान बनने की ओर अग्रसर होते रहें!! भवानी प्रसाद मिश्र की कविता कुछ लिखकर सो, कुछ पढ़कर सो, जिस जगह सवेरे जागा तू, उससे कुछ आगे बढ़कर सो के अंदाज में हर दिन जीते रहें ।



जाती हुई बरस धूल, गुबार के बादल, मलबे के पहाड़ और गजा से लेकर सीरिया होते हुए उधर यूक्रेन तक चीखों के कोहराम और इधर बाराबंकी से अजमेर होते हुए संभल और लोकतंत्र से संविधान की तरफ बढ़ती लपटों की तपिश और गड़े मुर्दों के उखाड़े जाने से उड़ती गर्द छोड़कर गयी है। ट्रम्प जैसे अशुभ अमंगलकारियों के सर पर ताज रख कर गयी है। पिछली 9-10 हजार वर्षों में काफी हद तक सजी, संवरी, सुसंस्कृत और मानवीय बनी सभ्यता पिछली सदी की एक दहाई के फासीवादी अपवाद को छोड़कर कभी इतनी मुश्किल में नहीं रही जितनी 21वीं सदी की इस दूसरी दहाई में, उसमें भी विशेष तौर से पिछले बरस में हुई है।

हालात दक्षिण एशिया के मकबूल शायर अहमद फराज के कहे ह्लन शब ओ रोज ही बदले हैं न हाल अच्छा है/ किस बरहमन ने कहा था कि ये साल अच्छा हैह्व की जिज्ञासा से काफी आगे बढ़कर कतील शिफाई के शेर जिस बरहमन ने कहा है कि ये साल अच्छा है/ उस को दफनाओ मिरे हाथ की रेखाओं मेंह्व की झुंझलाहट तक आ गयी लगती है। तरक्कियां ही धुंधलके में नहीं आई हैं, पिछाहटें भी सुर्खरू होती दिखने लगी है। अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय पूँजी के भस्मासुरी अवतार तक पहुंच चुके साम्राज्यवाद के श्वदंत - कैनाइन टीथ - न सिर्फ और नुकीले और पैने हुए हैं, बल्कि नख से शिख तक बड़े-बड़े नाखून भी उग आये हैं।

इतिहास गवाह है कि साम्राज्यवाद अपनी जीवनी शक्ति बढाने के लिए समाज में युद्धों, गृहयुद्धों के अलावा नस्लवाद, रंगभेदवाद, इधर मनुवाद, तो उधर कबीला और क्षेत्रवाद की खरपतवार रोपता है, उसे खाद-पानी देता है। इसे विडम्बना ही कहा जाएगा कि जिन यहूदियों को नाजी दुष्ट अडोल्फ हिटलर ने अकल्पनीय नृशंसता का शिकार बनाकर दुनिया और उसकी इंसानियत को दहला दिया था, आज उन्हीं यहूदियों के नाम पर साम्राज्यवादी अमरीका और उसके लगुओं-भगुओं की गोद में बैठकर यहूदीवाद झ जिओनिज्म झ दुनिया के लिए खतरा बनकर उभर रहा है। दहशत और बर्बरता का वैश्वीकरण किया जा रहा है। ज्ञान और विकासोन्मुखी चेतना के प्रकाश स्तम्भ - लाइट हाउस - गिराए जा रहे हैं।

बांग्ला कविता के जनक माने जाने वाले चंडीदास ने जिसे ह्लसाबार ऊपर मानुष सत्य, ताबार ऊपर नाहीह्व कहकर जिस मनुष्य को सबसे बड़ा सत्य बताया था और उसके ऊपर कुछ भी नहीं है, तक कहा था, आज वही मनुष्य विपदा में है। उत्तर, दक्षिण में बंटी मानी जाने वाली दुनिया में आठों दिशाओं की इंसानियत जिन्दा रहने की फिक्र में जकड़ी हुई ये जीना भी कोई जीना है के व्यामोह में फँसी है। जिन्दगी मुहाल हुई पड़ी है और जिस पूंजीवाद को निर्विकल्प और अब तो यही चलेगा वाली व्यवस्था करार दिया जाता है, उसके बाजे बजे हुए हैं। सदियों तक कभी सीधे, तो कभी टेढ़े पूरे विश्व की लूट करके, अमीर बने कथित विकसित देशों की आबादी का कहीं तिहाई, कहीं चौथाई हिस्सा कराह रहा है। जब रोशनियों के नीचे इतना अंधेरा है, तो पहले से ही मोमबत्तियों और लालटेनों और जुगनुओं पर गुजर करने वाले देशों में घटाटोप कितना घुप्प होगा, समझा जा सकता है। दुःख और वंचनाओं के भूमंडलीकरण की मुख्य वजह मुनाफे की हवस है और अब तो इसने पृथ्वी के अस्तित्व तक को खतरे में डाल दिया है।

इधर, मजदूर वर्ग से सारे हक अधिकार छीन उसे 1886 से पहले की दशा में पहुंचाने की साजिशें रची जा रही हैं। किसानों और उनके गाँवों की हालत जिस दिशा में धकेली जा रही है, वह वारेन हेस्टिंग्स की इंग्लैंड की संसद को दी उस रिपोर्ट की याद दिलाती है, जो वर्ष 1770 के बंगाल, बिहार, ओडिसा के अकाल में 1 करोड़ लोगों के मारे जाने के बाद उसने भेजी, तो उसमें लिखा था कि ह्लएक तिहाई जमीन जंगल बन गयी है, जहां जंगली जानवर रहने लगे हैं। इसके बाद भी मालगुजारी पिछले वर्षों की तुलना में अधिक वसूल की गयी थी। कारिंदों की लूट इसके अलावा थी। यह वही दौर था, जिसमें यूरोप और आस्ट्रेलिया के लिए नील पैदा करने के नाम पर किसान और खेती दोनों को और बर्बाद किया गया था।खेती का वही कम्पनीकरण अब कार्पोरेटीकरण का नाम धरकर आ गया है। इस पर प्रमुदित और बेगानी शादी में दीवाने अब्दुल्ला बने मध्यमवर्ग की हालत ह्यहलुआ मिला न माड़े, दोऊ दीन से गए पांड़े जैसी होती जा रही है। अच्छे दिन आने के मंत्रोच्चार में गाफिल हुआ यह पढ़ा-लिखा हिस्सा फैज लुधियानवी का साहब का शेर तू नया है तो दिखा सुब्ह नई शाम नई/ वर्ना इन आँखों ने देखे हैं नए साल कई दोहराते-दोहराते बेजार हो गया है, इतना थक हार गया है कि हैडलेस चिकन बना हुआ है, कुछ सूझे नहीं सूझ रहा।

इस वर्ष 1 जनवरी से शुरू होने वाली नई साल में भारत के संविधान के 75 वर्ष पूरे हो रहे हैं। आजादी भले 15 अगस्त 1947 को मिल गयी थी, मगर स्वतंत्रता को यथार्थ में उतारने के नक़्शे ने 26 जनवरी 1950 को ही सूरज की पहली किरण देखी थी। अपनी अनेक सीमाओं और सुधार की कई गुंजाइशों के बावजूद धरती के इस हिस्से के अनगिनत ग्रंथों में यही एकमात्र किताब है, जिसने सबको एक किया, थोड़ा-बहुत नेक किया और आज तक किये हुए है। नए साल की आमद से पहले ही इस संविधान के द्वारा दिए गए लोकतंत्र का चीरहरण किया जा रहा है, इसमें लिखे मानवाधिकारों और मूलभूत अधिकारों का अपहरण किया जा रहा है। समता, समानता और धर्मनिरपेक्षता की धज्जियां पहले ही उडाई जा चुकी हैं। इरादा संविधान में लिखे शब्दों को अक्षर-अक्षर चींथकर उनकी जगह मनुस्मृति की कालिख पोतने का है।

मगर ऐसा और ऊपर लिखे सब कुछ जैसा करने के लिए सत्ता और सामर्थ्य के गुरूर में चूर इधर और उधर के हुक्मरान जानते हैं कि मनुष्य से ज्यादा शक्तिशाली और कोई नहीं होता ; उसके लिए जीवन के मायने जनकवि मुकुट बिहारी सरोज के मुक्तक जिंदगी केवल न जीने का बहाना/ जिंदगी केवल न साँसों का खजाना/ जिंदगी सिन्दूर है पूरब दिशा का/ जिदगी का काम है सूरज उगाना। की तरह होते हैं। देश-दुनिया में हो रहे आंदोलन और संघर्ष इसके गवाह हैं। ये संघर्ष अब रुपए-पैसे की लड़ाई से आगे बढ़ते हुए श्रीलंका जैसे राजनीतिक बदलाव की कामयाबियों में भी रूपांतरित हो रहे हैं। नया वर्ष इसी तरह के उभारों को और ऊंचाईयां देने का वर्ष होना चाहिए ; इन्हें तेज करके ही बचाई जा सकती है मनुष्यता, यहीं हैं जो बचा सकते हैं इस मनुष्यता को पनाह देने वाली पृथ्वी को!!, क्योंकि सिर्फ कैलेंडर के बदलने से नहीं बदलेगा/ यूँ अपने आप तो बिलकुल भी नहीं बदलेगा!!

## मां प्रकृति

विशाल वसुंधरा का ये सुंदर आंगन,
पर्वत ऊंचे, खनिज लवण रतन धन,
नदियां, झरने, झीलें, कहीं रेगिस्तान,
कहीं गहरे समुद्र कहीं सघन मधुबन ।

विस्तीर्ण गगन क्षितिज के आर-पार,
बिखेरता खुशियों का निराला संसार,
छाई सौम्यता चहुं दिस अनन्य अपार,
सातों लोकों में सुख समृद्धि अपरंपार ।

ईश संरचना ये लौकिक परा लौकिक,
रमणीयता भी अद्भुत और अलौकिक,
मनमोहित करती है छटाएं प्राकृतिक,
"आनंद" प्रवाह सुखद तन मन आत्मिक ।

भांति-भांति के जीव जंतु यहां कलपते,
मां प्रकृति की गोद में सारे वृहद पनपते,
सूरज, चांद, सितारे, औ नक्षत्र चमकते,
समयानुसार अपना रंग रूप भी बदलते ।

ईश्वर की सब जड़-चेतन अनुपम कृति,
धरा पर जीवन चक्र की सृजित आकृति,
दूर हो वसुधा से प्रदूषण की छाई विकृति,
पर्यावरण संरक्षण के प्रति हो जन जागृति ।



मोनिका डागा "आनंद", चेन्नई, तमिलनाडु

अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।
bulandsandesh@ gmail.Com

### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

# सर्दियों के दौरान बच्चों में न हो पानी की कमी



डॉ सत्यवान सौरभ

सर्दी भले ही गर्मियों जैसी तीखी गर्मी न लेकर आए, लेकिन ठंड के मौसम में बच्चों को हाइड्रेटेड रखने की जरूरत उतनी ही जरूरी है। तापमान गिरने पर बच्चों को शायद उतनी प्यास न लगे, लेकिन उनके शरीर को ऊर्जा के स्तर को बनाए रखने, उनकी प्रतिरक्षा प्रणाली को सहारा देने और समग्र स्वास्थ्य सुनिश्चित करने के लिए अभी भी पर्याप्त पानी की जरूरत होती है। सर्दियों के दौरान निर्जलीकरण एक आम चिंता है, जिसे अक्सर अनदेखा कर दिया जाता है क्योंकि पसीना कम दिखाई देता है। माता-पिता को यह सुनिश्चित करने में मदद करने के लिए कि उनके बच्चे हाइड्रेटेड और स्वस्थ रहें, यहाँ सर्दियों में हाइड्रेशन के लिए कुछ व्यावहारिक और रचनात्मक रणनीतियाँ दी गई हैं। सर्दियों के दौरान बच्चों के लिए हाइड्रेशन क्यों जरूरी है शरीर के तापमान को नियंत्रित करने, पाचन का समर्थन करने और प्रतिरक्षा को बढ़ाने जैसे शारीरिक कार्यों को बनाए रखने के लिए उचित हाइड्रेशन जरूरी है। सर्दियों के दौरान, ठंडी हवा शुष्क त्वचा और श्वसन सूखापन पैदा कर सकती है, जिससे हाइड्रेशन और भी जरूरी हो जाता है। इसके अलावा, बच्चे अक्सर ठंड के मौसम में पानी पीने के लिए कम इच्छुक होते हैं, जिससे निर्जलीकरण का खतरा बढ़ जाता है। माता-पिता को अपने बच्चों को ठंड के महीनों में स्वस्थ रखने के लिए स्वस्थ हाइड्रेशन की आदतों को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है।

1. गर्म पेय पदार्थ दें गर्म पानी, हर्बल चाय (कैमोमाइल जैसे बच्चों के लिए सुरक्षित विकल्प) या पतला गर्म फलों का रस जैसे गर्म पेय ठंडे पानी के बेहतरीन विकल्प हैं। ये पेय पदार्थ न केवल हाइड्रेट करते हैं बल्कि गर्मी और आराम भी देते हैं।

2. हाइड्रेटिंग खाद्य पदार्थ शामिल करें संतरे, खीरे, तरबूज और टमाटर जैसे उच्च पानी की मात्रा वाले फल और सब्जियाँ बच्चों को हाइड्रेट रखने के लिए बहुत बढ़िया हैं। अतिरिक्त बढ़ावा के लिए इन्हें उनके भोजन या नाश्ते में शामिल करें।

3. सूप और शोरबा को मुख्य आहार बनाएँ सूप और शोरबा सर्दियों के पसंदीदा हैं और बच्चों को हाइड्रेट करने का एक शानदार तरीका है। घर पर बनी सब्जी या चिकन सूप का चुनाव करें ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वे पौष्टिक और हाइड्रेटिंग दोनों हों। 4. पानी पीने का शेड्यूल तय करें बच्चों को नियमित अंतराल पर पानी पीने के लिए प्रोत्साहित करें, भले ही उन्हें प्यास न लगे। उनके लिए प्रक्रिया को दिलचस्प बनाने के लिए रंगीन पानी की बोतलों या मजेदार टाइमर का इस्तेमाल करें।

# मणिपुर में माफी कोरा दिखावा न होकर सार्थक बदलाव करें



ललित गर्ग

मणिपुर में जातीय संघर्ष, व्यापक हिंसा एवं अराजक माहौल के लिए पूर्वोत्तर राज्य के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने बीते साल के आखिरी दिन शांति की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए ह्यमाफीह्ल मांगी है, इस माफी को लेकर राजनीति के गलियारों में व्यापक चर्चा है। क्योंकि इस हिंसा में मई 2023 से 250 से अधिक लोगों की जान चली गई और हजारों लोग बेघर हो गए है। लम्बे समय से यह प्रांत अस्थिरता, असंतोष एवं अशांति की आग में जल रहा है। एन बीरेन सिंह ने माफी मांगते हुए हिंसा के इस लंबे कालखण्ड एवं सिलसिले को दुर्भाग्यपूर्ण बताया और सभी समुदायों से अपील की कि पिछली गलतियों को भुलाकर वे शांति और सौहार्द कायम करें। हालांकि मुख्यमंत्री की इस अपील के अपने मतलब निकाले जा रहे है। कुछ लोगों का कहना है कि यह माफी बहुत पहले मांगी जानी चाहिए थी। कुछ का यह मानना है कि माफी ऐसे समय आई है जब मुख्यमंत्री चौतरफा दबाव में है। विरोधी तो बहुत पहले से उनका इस्तीफा मांग रहे हैं, पिछले कुछ समय से खुद उनके विधायकों और सहयोगियों ने इस माफी को उनकी मजबूरी का परिणाम बताया है। निश्चित ही बीरेन सिंह के लिये माफी मांगना काफी नहीं है, अगर वह मानते हैं कि स्थिति को संभालने में नाकाम रहे तो उन्हें अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए था या केन्द्र को राष्ट्रपति शासन लगाना चाहिए था। अफसोसनाक यह है कि इस मसले पर अक्सर विवाद उभरते रहे और राजनीतिक शख्सियतों के बीच आरोप-प्रत्यारोप अक्सर बेलगाम बोल में तब्दील ही होते रहे, कोई ठोस समाधान सामने नहीं आया, जो गैरजिम्मेदाराना राजनीति को दशार्ता है।

मणिपुर में 3 मई 2023 से ही बहुसंख्यक मैतेई और कुकी के बीच आरक्षण और आर्थिक लाभ को लेकर जो हिंसा शुरू हुई वह अभी थमने का नाम नहीं ले रही। कभी अपनी सांस्कृतिक सद्भावना के लिए जाना जाने वाला राज्य अब गहराते विभाजन एवं जातीय संघर्ष का सामना कर रहा है और लोग लगातार भय में जी रहे हैं। तनाव कम होने का कोई संकेत नहीं दिख रहा। शांति एवं सद्भावना की तलाश अभी भी जारी है। मणिपुर में जब चंद दरिंदें दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर उनके साथ बर्बरतापूर्ण हरकत करते नजर आए तो पूरा प्रांत आक्रोश में आ गया। जनमानस की प्रतिक्रिया लोकतांत्रिक व्यवस्था में बहुत महत्व रखती है। न तो राज्य सरकार ने और न ही केन्द्र सरकार ने हिंसा को रोकने के लिए कोई ठोस उपाय किए और न ही शांति स्थापित करने के कोई प्रयास किए गए। मुख्यमंत्री एन. बीरेन सरकार डेढ़ साल से ज्यादा समय से खेमों में बंटती राजनीतिक उलझन में फंसी रही। सभी दल, नेता एवं सरकार नामुमकिन निशानों की ओर कौमों को दौड़ती रही। यह कौमों के साथ नाइंसाफी होने के साथ अमानवीयता की चरम पराकाष्ठा थी। क्योंकि ऐसी दौड़ जहां पहुंचाती है, वहां कामयाबी की मंजिल नहीं, बल्कि मायूसी का गहरा गड्ढा होता है।

मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह स्वीकारोक्ति कि ह्यह्यमैं राज्य में जो कुछ हुआ उसके लिए खेद व्यक्त करना चाहता हूं। कई लोगों ने अपनों को खो दिया और कई लोगों को अपना घर छोड़ना पड़ा। मैं खेद व्यक्त करता हूं और माफी मांगता हूं। लेकिन पिछले तीन-चार महीनों में अपेक्षाकृत शांति देखने के बाद, मुझे उम्मीद है कि आने वाले साल में स्थिति सामान्य हो जाएगी। प्रश्न है कि मुख्यमंत्री 18 माह के खून-खराबे के बाद अब क्यों माफी मांग रहे हैं? वे क्या संदेश देना चाहते हैं? अगर वह स्थिति को संभालने में नाकाम रहे थे तो उन्हें बहुत पहले इस्तीफा दे देना चाहिए था। ताकि स्थितियों लगातार इतनी विकराल नहीं होती, इतनी अधिक जनहानि नहीं होती। देश के नेताओं को गाल बजाने की बजाय आम आदमी को परेशान करने वाली सामाजिक असुरक्षा, जातीय संघर्ष तथा हिंसा जैसे मुद्दों से निबटने के लिये दूरगामी नीतियों के क्रियान्वयन के प्रयास करने चाहिए। यूं तो मणिपुर हिंसा में इतने मासूमों की मौत के बाद मुख्यमंत्री के माफी मांगने का कोई औचित्य नजर नहीं आ रहा। इसीलिये विपक्ष दल एवं कांग्रेस उन पर और केन्द्र सरकार पर हमलावर है। 19 महीनों में एन.बीरेन असंवेदनशील बने रहे और वर्ष के अंत में उन्होंने माफी मांगकर किस संवेदनशीलता का परिचय दिया है? अब सवाल यह है कि त्रासदी का अंत कैसे हो? कैसे शांति स्थापित हो? जरूरत है मनुष्य को बांटे नहीं, सत्य को ढंके नहीं। बड़ा सवाल यह है कि राज्य द्वारा माफी मांगना केवल दिखावा है और राजनीतिक अपयश निवारण और क्षतिपूर्ति की आवश्यकता मात्र है या किसी सार्थक बदलाव की बुनियाद।



हालांकि इस तरह की राजनीतिक माफी अक्सर संदेहास्पद ही होती है क्योंकि माफी में इससे कहीं अधिक की क्षमता होती है। सार्वजनिक रूप से माफी मांगने वाले नेताओं की संख्या में वृद्धि विशेष रूप से उल्लेखनीय एवं चिन्तनीय रही है। माफी मांगना एक ऐसी युक्ति है जिसका इस्तेमाल नेता अब अक्सर अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिये करते हैं, ताकि वे कम से कम लागत पर अपनी गलतियों को पीछे छोड़ सकें या उनसे पीछा छूडा सके। लेकिन बीरेन सिंह की माफी की अच्छी बात यह है कि तमाम दबावों के बाद ही सही, राजनीति और समाज के हर प्रमुख हिस्से ने उनकी माफी को सकारात्मक कदम माना है।

ऐसे में जरूरी हो जाता है कि इस माफी की पहल को विश्वसनीय बनाया जाये एवं ऐसे उपयोगी एवं जरूरी कदम उठाए जाये ताकि मणिपुर राज्य में मैतेई समुदाय और पहाड़ी क्षेत्रों में कुकी जनजातीय समुदायों के बीच चला आ रहा टकराव विराम पा जाये। जरूरी है कि केंद्र और राज्य की सरकार मुख्यमंत्री की इस पहल से उपजे सद्भाव को स्थायित्व देने की कोशिशें अविलंब शुरू कर दें।

2023 के मुकाबले 2024 की दूसरी छमाही में मणिपुर के हालात बेहतर रहे, संघर्ष की स्थितियां कम देखने को मिली। लेकिन पूर्व की हिंसक घटनाओं और मृतकों की संख्या को उससे बनने वाले माहौल से अलग करके नहीं देखा जा सकता। तनाव, संघर्ष और अविश्वास के जिस माहौल से मणिपुर गुजर रहा है, उसकी सचाई इसी हफ्ते कांगपोकपी जिले में कथित कम्युनिटी बंकरों को सुरक्षा बलों द्वारा नष्ट किए जाने पर हुए संघर्ष में 40 लोगों के जख्मी होने और कुकी नैशनल फ्रंट के कथित हमलों के खिलाफ चुराचांदपुर जिले में बंद का आह्वान किए जाने से स्पष्ट है। अभी भी असामान्य हालातों के बीच सवाल है कि मुख्यमंत्री की इस माफी का राज्य के अलग-अलग समुदायों के लोगों पर कैसा और कितना असर पड़ेगा? सवाल महत्वपूर्ण इसलिए भी हो जाता है क्योंकि यह आरोप संघर्ष शुरू होने के बाद से ही लगता रहा है कि मुख्यमंत्री और राज्य प्रशासन की भूमिका निरपेक्ष नहीं है। आरोप पूरी तरह गलत हो तो भी इससे इतना तो स्पष्ट है कि प्रदेश के लोगों का एक खेमा उन्हें अविश्वास भरी नजरों से देखता है। इतने गंभीर और मानवता के अस्तित्व को ही नकारने से जुड़े मसले पर भी समाज के लोगों में जो बंटवारे की प्रवृत्ति राजनीतिक कारणों से दिख रही है वो किसी भी नजरिए से देश की एकता और अखण्डता के लिये फायदेमंद नहीं है।

## शनिवार का राशिफल

मेष: रात्रि की ठण्ड से परेशानी सम्भव है, वैवाहिक संबंधों में नीरसता ना आने दे, जमीन या फ्लेट ले रहे है तो उसमें दोष ना हो ध्यान रखें। भाग्य प्रतिशत-49

वृषभ: किसी से प्रभावित होकर अपनी मयार्दा ना तोड़े, कम्प्यूटर, ट्रेडिंग, स्त्री प्रधान व्यवसाय से लाभ होगा, घमंड से बचें। भाग्य प्रतिशत-52

मिथुन: गर्भवती स्त्री को खून की कमी पीठ में समस्या या हार्मोन असंतुलन सम्भव है, चेकअप जरूर कराते रहे, बैंक या अकाउंट सम्बन्धी क्षेत्र में जॉब मिल सकती है। भाग्य प्रतिशत-50

कर्क: स्टेंडर्ड सुधरेगा, नए काम में खुद को साबित करना होगा, दूसरों की चालाकी को भी समझने का प्रयास करे। भाग्य प्रतिशत-65

सिंह: अच्छी जीवन शैली जीने को मिलेगी, संतान किसी कमी के साथ पैदा हो सकती है, विवाद हो तो तुरन्त ही सुलझा ले अन्यथा पुलिस तक पहुंच सकता है। भाग्य प्रतिशत-56

कन्या: कम्युनिकेशन से लाभ होगा, निर्णय लेते समय विचार करे, दोनों ही चीजों में लाभ दिखेगा, घर का व्यक्ति सरकारी कार्य में व्यस्त रह सकता है। भाग्य प्रतिशत-70

तुला: यात्रा करेंगे, भाई बहनो के साथ कुछ खरीदारी होगी, कंजूसी ना बरतें, पढ़ाई में फोकस करेंगे कभी नकारात्मक होने लगेंगे। भाग्य प्रतिशत-51


वृश्चिक: लोगों से संपर्क बढ़ेगा, सरकारी कार्य का पैसा लिया है तो काम अटक सकता है लोग ना होने का कारण पूछेंगे,ठण्ड से बचें। भाग्य प्रतिशत-57

धनु: मन पवित्र रहेगा, आध्यात्मिक सफर पर जा सकते है, प्रॉपर्टी में निवेश से पहले विचार करें, अध्यापन कार्य उन्नती देगा। भाग्य प्रतिशत-68

मकर: धीमी गति से जो पैसा आ रहा था अब ज्यादा अच्छा मिल सकेगा, खर्चा करने से पहले निवेश ही कर दे तो बेहतर होगा, घर के बुजुर्ग का ध्यान रखें। भाग्य प्रतिशत-64

कुंभ: धन की कमी दूर होगी, कोई इच्छा पूरी कर पाएंगे, खरीदारी भी कर सकते है, प्रॉपर्टी लेने की अधूरी योजना पर फिर कार्य करेंगे। भाग्य प्रतिशत-77

मीन: सरकारी कार्य किसी अधिकारी की मदद से हो जाएगा, धर्म कर्म का लाभ मिलेगा, बीमा क्षेत्र वालो को भी लाभ होगा। भाग्य प्रतिशत-62



अशनिका शर्मा ज्योतिष।

हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423

# निर्माणाधीन निर्माण कार्यों का नगर आयुक्त ने किया निरीक्षण, मानक गुणवत्ता और समय सीमा में सभी निर्माण कार्यों को पूरा करने के के निर्देश

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**अलीगढ।** शुक्रवार को नगर आयुक्त विनोद कुमार ने नगर निगम निर्माण विभाग द्वारा शहर में कराये जा रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। नगर आयुक्त ने एबीसी सेंटर और निमार्णाधीन कल्याण मंडप का बारीकी से निरीक्षण किया। नगर आयुक्त ने दोनों निर्माण स्थलों पर निर्माण सामग्री मानक गुणवत्ता को बेहद गंभीरता से लेने के निर्देश मुख्य अभियंता सुरेश चंद को दिए।नगर आयुक्त ने सर्व प्रथम निमार्णाधीन ए0बी0सी0 सेन्टर का निरीक्षण किया गया। बिल्डिंग के प्लास्ट का नमूना जांच हेतु भेजने के निर्देश दिए गये। जंगलों पर खिडकी न लगाने पर नाराजगी व्यक्त की गयी। निर्माण कार्य का थर्ड पार्टी एंस्पेक्शन कराने के निर्देश दिए तथा कार्य समय से पूरा न होने पर नाराजगी व्यक्त की गयी तथा कार्यों को गुणवत्तापूर्वक कराने के निर्देश दिए गये। नगर आयुक्त ने निर्माणाधीन कल्याण मण्डप का निरीक्षण किया गया निर्देश दिए गये कि निर्माण कार्य डी0पी0आर0 के अनुसार गुणवत्तापूर्वक कराने के लिए कहा गया। कालम की शटरिंग मानक से ज्यादा होने पर निर्देश दिए कि मानकों का अनुपालन किया जाये।

# सावित्रीबाई फुले के योगदान पर व्याख्यान आयोजित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मेरठ (जावेद अब्बासी)।** स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के लिबरल आर्ट्स और ह्यूमैनिटीज विभाग में "सावित्रीबाई फुले आधुनिक भारत की सामाजिक सुधारक" विषय पर एक प्रेरणादायक व्याख्यान आयोजित किया गया। इस व्याख्यान में सावित्रीबाई फुले के योगदान को व्यापक रूप से समझाया गया, जिन्होंने शिक्षा, महिला सशक्तिकरण और सामाजिक सुधार के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए।इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. मनोज कुमार त्रिपाठी, विभागाध्यक्ष और एसोसिएट प्रोफेसर, ने सावित्रीबाई फुले के जीवन और उनके कार्यों पर गहन चर्चा की। सावित्रीबाई फुले का नाम न केवल शिक्षा के क्षेत्र में, बल्कि समाज सुधार और महिलाओं के अधिकारों की लड़ाई में भी स्वर्ण अक्षरों में लिखा गया है।उन्होंने बताया कि सावित्रीबाई और ज्योतिराव ने 1848 में पुणे में भारत का पहला बालिका विद्यालय स्थापित किया। यह कदम उस समय के सामाजिक और धार्मिक रूढ़ियों के खिलाफ एक क्रांति थी। सावित्रीबाई ने इस विद्यालय में पढ़ाने का कार्य खुद किया और भारत की पहली महिला शिक्षिका बनीं। उन्होंने यह दिखा दिया कि शिक्षा केवल पढ़ाई का माध्यम नहीं, बल्कि समाज में बदलाव लाने का सबसे बड़ा हथियार है।सावित्रीबाई ने समाज के वंचित वर्गों और दलितों के लिए भी शिक्षा का द्वार खोला। उन्होंने जातिवाद, सती प्रथा, बाल विवाह, और विधवाओं के शोषण जैसी बुराइयों का डटकर विरोध किया। उन्होंने महिलाओं को शिक्षा देकर उन्हें आत्मनिर्भर और जागरूक बनाने की दिशा में काम किया।सावित्रीबाई केवल शिक्षा तक सीमित नहीं रहीं। उन्होंने विधवाओं के पुनर्विवाह का समर्थन किया।डॉ. दुर्वेश ने भी अपने विचार रखे। उन्होंने सावित्रीबाई फुले के सामाजिक सुधारों को वर्तमान परिप्रेक्ष्य में रखते हुए उनके योगदान को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने बताया कि सावित्रीबाई फुले ने महिला शिक्षा के माध्यम से समाज में क्रांति की शुरूआत की और यह कार्य किसी चमत्कार से कम नहीं था।डॉ. दिनेश कुमार ने कहा कि सावित्रीबाई फुले के योगदान को नारी सशक्तिकरण और शिक्षा के क्षेत्र में एक मील का पत्थर बताया। डॉ. दिनेश ने कहा कि सावित्रीबाई का साहस और दूरदर्शिता हमारे समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उनके विचार आज भी शिक्षा और सामाजिक सुधार के लिए मार्गदर्शक हैं।इस व्याख्यान का समन्वयन डॉ.अमृता चौधरी, सहायक प्रोफेसर ने किया।कार्यक्रम में विभाग की फैकल्टी सदस्य डॉ. नियति गर्ग और डॉ. लवली भी उपस्थित रहीं ।छात्रों में अतुल कौशिक, मंजीत गोस्वामी, पुनीत गोस्वामी, अलिश, ध्रुव, अनुष्का जावला, ऐलिस, एहसास राघव, और अनिकेत कुमार सिंह उपस्थित रहे। सभी ने व्याख्यान को बड़े ध्यान से सुना और सावित्रीबाई फुले के कार्यों से प्रेरणा ली।



# पर्व एवं परीक्षाओं के दृष्टिगत 17 मार्च तक महानगर में धारा 163-भारतीय नागरिक सुरक्षा लागू

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़ ।** अपर जिला मजिस्ट्रेट नगर अमित कुमार भट्ट ने अवगत कराया है कि महानगर में 06 जनवरी को गुरू गोविन्द सिंह जयंती, 14 जनवरी को हजरत अली का जन्मदिवस, 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस, 26 फरवरी को महाशिवरात्रि, 13 से 15 मार्च तक होली का त्योहार एवं विभिन्न मा0 आयोग द्वारा समय-समय पर आयोजित विभिन्न परीक्षाओं के दृष्टिगत व अन्य संवेदनशील कारणों से आपातिक स्थिति है। स्थानीय अभिसूचना एवं अन्य माध्यमों से यह ज्ञात हुआ है कि इस अवसर पर कतिपय असामाजिक तत्व जिले की शान्ति-व्यवस्था भंग करने की कुचेष्ठा कर सकते हैं, जिससे महानगर की शान्ति एवं कानून-व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की सम्भावना से इन्कार नहीं किया जा सकता है। ऐसी परिस्थिति में महानगर में शान्ति-व्यवस्था, कानून-व्यवस्था एवं साम्प्रदायिक सौहार्द बनाये रखने के लिये 17 मार्च 2025 तक धारा-163(4) भारतीय नागरिक सुरक्षा तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई है।उन्होंने निर्देशित किया है कि भारतीय नागरिक सुरक्षा लागू होने की अवधि में बैंकट हाल, मैरिज होम मालिक पार्टी, शादी के दौरान लाइसेंसी शस्त्रों का उपयोग नहीं करने देंगे और यदि उनकी बात नहीं मानी जाती है तो 112 नम्बर डायल कर पुलिस को सूचित करेंगे। कोई भी व्यक्ति किसी प्रकार की अफवाह नहीं फैलाएगा व झूठी खबरों को प्रकाशित नहीं करेगा व न करायेगा और ना ही इसके प्रसारण में सहायक होगा, जिससे आम जनता, विभिन्न वर्गों, सम्प्रदायों के मध्य घृणा व द्वेष की भावना उत्पन्न हो अथवा शांति-व्यवस्था भंग होने की सम्भावना हो। कोई भी व्यक्ति ऐसी तस्वीर, कार्टून, हैण्डबिल, दीवार लेख, बैनर, पोस्टर आदि नहीं लिखेगा और प्रकाशित नहीं करेगा और न करायेगा, जिससे शान्ति-व्यवस्था भंग होने की सम्भावना हो। कोई व्यक्ति या व्यक्तियों का समूह सार्वजनिक स्थलों, धार्मिक स्थलों यथा मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा, चर्च से ऐसी कोई बात का प्रसारण या चर्चा नहीं करेगा जिससे समाज में भय, आतंक, सामुदायिक वैमनस्यता एवं अव्यवस्था उत्पन्न हो।

# नगर पंचायत ने बांटे कर्मचारियों को बांटे गर्म कपड़े, वर्दी पाकर खिले सफाई कर्मचारियों के चेहरें

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**सरूरपुर (जावेद अब्बासी)।** नगर पंचायत हर्रा कार्यालय में सफाई कर्मचारियों को वर्दी वितरण करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस दौरान अध्यक्ष कुंवर मौहम्मद व अधिशासी अधिकारी नीति गुप्ता ने गर्म वर्दी का वितरण किया। कड़ाके की ठंड में गर्म वर्दी मिलने पर कर्मचारियों के चेहरे खिल उठे।स्वच्छ भारत मिशन में स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 अंतर्गत निकाय में सफाई कार्य में लगे सफाई मित्रों, सफाई नायकों, ड्राइवरों, शीतकालीन अलाव में लगे कर्मचारीगणों को प्रकाश व्यवस्था में लगे कार्मिकों को, कचरा प्रबंधन केंद्र (एम आर एफ) में लगे कार्मिकों को, कान्हा गौशाला के कार्मिकों को हैंडपंप, लीकेज मरम्मत के कार्मिकों को 75 शीतकालीन ट्रैकशूट, रेडियम जैकेट/वर्दी, मास्क, ग्लब्स, जूते वितरित किया। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष कुंवर मौहम्मद ने कहा कि अब सर्दियों में सफाई कर्मचारियों को काम करने में कोई दिक्कत नही होगी।अधिशासी अधिकारी नीति गुप्ता बताया कि सफाई कर्मियों को जो यूनिफार्म दी जा रही है, उसे पहनकर ही वह लोग नगर की सफाई करें। उन्होंने कहा कि सभी इनको पहनकर सफाई करेंगे तो उन्हें गंदगी से उड़ने वाले कीटाणुओं से निजात मिलेगी। यूनिफार्म पहनकर नगर की सफाई करेंगे तो उनके कपड़े भी गंदे नहीं होंगे। कार्यक्रम में लिपिक गंगाराम,प्रदीप कुमार,अरशद, नदीम, फजलु, सभासद रिहान, सभासद नबी शेर,सभासद सुल्तान, सभासद जावेद, प्रदीप कुमार,अरशद, नदीम,फजलु सहित तमाम वार्ड के सभासद सहित नगर पंचायत कर्मचारी मौजूद रहे।




# अकादमिक परिषद की बैठक में शैक्षणिक विकास पर हुई चर्चा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मंगलायतन विश्वविद्यालय में हुई अकादमिक परिषद की बैठक**

**अलीगढ़।** म विवि में अकादमिक परिषद की बैठक आयोजित की गई। जिसमें शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में पदाधिकारियों व वरिष्ठ प्राध्यापकों ने शैक्षणिक गतिविधियों को सुचारू रूप से चलाने के लिए अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए। बैठक के प्रारंभ में कुलसचिव ब्रिगेडियर समरवीर सिंह ने सदस्यों का परिचय कराया और अकादमिक परिषद के सदस्यों का अभिनंदन करते हुए बैठक की कार्यवाही प्रारंभ की।बैठक की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. पीके दशोरा ने नववर्ष की शुभकामनाएं दी। उन्होंने नवीनतम पाठ्यक्रम को अद्यतन करने, अनुसंधान गतिविधियों को बढ़ावा देने और विद्यार्थियों के लिए और बेहतर संसाधन उपलब्ध कराने पर बल दिया। बैठक में एएमयू के प्रो. अब्दुल्लाह बुखारी, दिनकर कुमार सिंह, वित्त सलाहकार अतुल गुप्ता ने शैक्षणिक व विद्यार्थियों के हित में महत्वपूर्ण सुझाव दिए। डीन एकेडमिक प्रो. राजीव शर्मा ने पूर्व में हुई बैठक की रुपरेखा प्रस्तुत की। वहीं उन्होंने भविष्य की योजनाओं के लिए विभिन्न विषयों से जुड़े एजेंडा को विस्तार से प्रस्तुत किया। परीक्षा नियंत्रक प्रो. दिनेश शर्मा ने शैक्षणिक विकास पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय को शिक्षा के क्षेत्र में एक उत्कृष्ट केंद्र बनाना हमारा लक्ष्य है। बैठक में भारतीय ज्ञान प्रणाली पर आधारित दो नए पाठ्यक्रमों को शामिल करने, प्रवेश और छात्रवृत्ति नीति के साथ अन्य प्रस्तावों पर चर्चा हुई। साथ ही वर्ष 2023-24 में डिप्लोमा, यूजी, पीजी कार्यक्रमों में पात्र उम्मीदवारों को डिग्री, डिप्लोमा और पदक प्रदान करने पर विचार किया गया। इस अवसर पर प्रो. रविकांत, प्रो. अब्दुल वदुद सिद्दीकी, प्रो. आरके शर्मा, प्रो. अनुराग शाक्य, प्रो. जहीरुद्दीन, प्रो. अशोक पुरोहित, प्रो. प्रमोद कुमार, प्रो. सौरभ कुमार, प्रो. मनोज कुमार, प्रो. किशनपाल सिंह, प्रो. अंकुर अग्रवाल, प्रो. मनीषा शर्मा, प्रो. वाईपी सिंह, डा. राजेश उपाध्याय, डा. संतोष गौतम, डा. पूनम रानी, डा. स्वाति अग्रवाल, डा. दीपशिखा सक्सेना, उमेश शर्मा, मोहन माहेश्वरी आदि उपस्थित रहे।



# प्रो.सरताज तबस्सुम एएमयू पूर्व छात्रों की मामलों की समिति के नए अध्यक्ष नियुक्त

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**अलीगढ़ ।** अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के रसायन विज्ञान विभाग के प्रोफेसर सरताज तबस्सुम को तत्काल प्रभाव से दो साल या अगले आदेश तक पूर्व छात्रों की मामलों की समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।प्रो. तबस्सुम लगभग 35 वर्षों से रसायन विज्ञान में अध्यापन और शोध में लगे हुए हैं और इस अवधि के दौरान उनके उच्च प्रभाव कारक वाले प्रतिष्ठित सहकर्मी-समीक्षित पत्रिकाओं में 181 शोधपत्र प्रकाशित हो चुके हैं। उनके नाम 4840 उद्धरण हैं और उनका एच-इंडेक्स 38 है।भारत में एक और अमेरिका में 2 सहित तीन पेटेंट उन्हें शक्तिशाली मेटालो-ड्रग एंटीकैंसर उम्मीदवारों पर दिए गए हैं।उनके रुचि के शोध क्षेत्रों में औषधीय अकार्बनिक रसायन विज्ञान और ह्यकैंसर कीमोथेरेपी के लिए अनुरूपित मेटालो-ड्रग संस्थाओं का डिजाइन और संश्लेषणह्न शामिल हैं।उन्होंने टीडब्लूएएस (इटली), सीएसआईआर, डीबीटी, भारत सरकार द्वारा दी गई परियोजनाओं सहित कई शोध परियोजनाओं को सफलतापूर्वक पूरा किया है।उन्हें 2005 में डीबीटी, भारत सरकार द्वारा ह्यओवरसीज एसोसिएटशिप अवार्डह्न और 2022 में इंडियन काउंसिल ऑफ केमिस्ट्स (आईसीसी) द्वारा ह्यप्रो. डब्ल्यू. यू. मलिक मेमोरियल अवार्डह्न से सम्मानित किया गया है।उन्होंने कैमरिनो विश्वविद्यालय, इटली, यूएसएम मलेशिया और यूएसटीसी, हेफेई, चीन के साथ कई समझौता ज्ञापनों और संयुक्त अनुसंधान सहयोगों पर हस्ताक्षर किए हैं और 2019 में ओहियो स्टेट यूनिवर्सिटी, यूएसए के साथ लीडरशिप एकेडमिशियन प्रोग्राम (लीएपी) पूरा किया है।वे वर्तमान में विज्ञान संकाय के डीन के रूप में भी कार्यरत हैं।

# तिब्बिया कालिज में लिंग भेदभाव पर व्याख्यान आयोजित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** अमुवि की भेदभाव विरोधी अधिकारी और इलाज बित-तदबीर विभाग की




अध्यक्ष प्रोफेसर आसिया सुल्ताना ने यूनानी चिकित्सा संकाय में लिंग भेदभाव पर व्याख्यान दिया, जिसमें नव प्रवेशित विद्यार्थियों को किसी भी आधार पर भेदभाव से संबंधित मुद्दों के बारे में जागरूक किया गया।प्रो सुल्ताना ने विश्वविद्यालय में लिंग संबंधी माहौल पर विस्तार से बताया और इस बात पर जोर दिया कि विश्वविद्यालय में समावेशिता की मजबूत परंपरा है और किसी भी स्तर पर लिंग या किसी भी अन्य प्रकार के भेदभाव के प्रति शून्य-सहिष्णुता की नीति का सख्ती से पालन किया जाता है।उन्होंने विश्वविद्यालय में किसी भी तरह के भेदभाव को हतोत्साहित करने के तरीके सुझाए और इस बात पर जोर दिया कि छात्र लैंगिक समानता के संदेश के मशालवाहक हैं। उन्होंने छात्रों से सद्भावना के साथ रहने और समान अधिकारों और समान अवसरों के संदेश को आम जनता के बीच फैलाने में मदद करने के लिए आगे आने का आग्रह किया।डॉ. सबा जैदी ने धन्यवाद ज्ञापित किया और प्रोफेसर आसिया सुल्ताना को सराहना के प्रतीक के रूप में एक प्रमाण पत्र प्रदान किया।

# सरूरपुर पुलिस ने चोरी के सामान के साथ शातिर चोर गिरफ्तार कर भेजा जेल

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**




**सरूरपुर।** थाना पुलिस ने शुक्रवार को चेकिंग के दौरान जसड़ गांव वाले रास्ते से मुखबिर की सूचना पर एक युवक को चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार किया है।इसके पास से एक अवैध तमंचा व कारतूस, एक माइक्रोटेक कंपनी का इनवर्टर,2 बैटरी, बरामद किया।आरोपी ने पूछताछ में नाम हामिद पुत्र शब्बीर निवासी कस्बा हर्रा बताया है। थानाध्यक्ष अजय शुक्ला ने बताया कि गुरुवार को देर रात पुलिस टीम गश्त कर रही थी। इसी दौरान जसड़ गांव में जाने वाले रास्ते पर पियाऊ के पास एक व्यक्ति बोरे में कुछ सामान लेकर आते दिखाई दिया। पुलिस ने रोका तो भागने लगा। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर युवक को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान इनके पास से उक्त सामान बरामद हुआ।आरोपी युवक के खिलाफ सरूरपुर में कई चोरी के मामले दर्ज हैं। कुछ दिन पहले युवक ने कस्बा हर्रा में चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। गिरफ्तार करने वाली टीम में थाना प्रभारी अजय शुक्ला, शैलेंद्र सिंह, उप निरीक्षक सुभाष सिंह, हेड कांस्टेबल कृष्ण कुमार, कांस्टेबल अरुण कुमार शामिल रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### आप नेता ने बांटे गरीबों को कंबल

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता व वरिष्ठ नेता मोहम्मद अशफाक की ओर से बढ़ती हुई ठंड को देखते हुए कंबल वितरण किए गए। अपने आवास पर उन्होंने कंबल वितरण किया। दर्जनों की तादात में पहुंचे लोगों के चेहरे पर कंबल पाने के बाद मुस्कुराहट देखी गई। उत्तर भारत सहित पहाड़ी क्षेत्रों में कड़ाके की ठंड को देखते हुए आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता मोहम्मद अशफाक की ओर से गरीब लोगों लोगों को कंबल वितरण किए गए। लोगों ने मोहम्मद अशफाक का धन्यवाद किया। आम आदमी पार्टी नेता मोहम्मद अशफाक ने कहा कि वह लोगों से अपील करते हैं कि बढ़ रही ठंड में गरीबों का भी ध्यान रखें। जिस तरह से दिल्ली सरकार में आम आदमी का ध्यान रखने वाली सरकार लगातार विकास का कार्य कर रही है वह चाहते हैं कि उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में भी इसी तरह विकास किया जाए।

### माता सावित्री बाई फुले को जन्मदिन पर श्रद्धासुमन अर्पित कर किया नमन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़ ।** महान समाज सुधारिका माता सावित्री बाई फुले जी के जन्मदिन के अवसर पर आज उन्हें काफी श्रद्धा एवं सम्मान के साथ याद किया गया । इस अवसर पर हरियाणा प्रदेश के पूर्व प्रभारी विवेक बंसल ने उन्हें अपने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा है कि माता सावित्री बाई फुले जी महिलाओं को शिक्षा के प्रति जागृत करने वाली प्रथम महिला थीं उन्होंने अपने परिवार के विरोध को दरकिनार करते हुए खुद अपने आप को शिक्षित किया उसके बाद उन्होंने समाज में महिलाओं को शिक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए अपना अभियान शुरू किया उनके इस अभियान के दौरान उन्हें अनेकों बार अपमानित होना पड़ा लेकिन उन्होंने अपने कदम वापस नहीं खींचे आज महिलाओं की शिक्षा के क्षेत्र में काफी बड़ी भागीदारी है जिसका श्रेय मुख्य रूप से माता सवित्रीबाई फुले को जाता है इसके साथ साथ उन्होंने समाज में व्याप्त कुरितियों को समाप्त करने के लिए भी काफी संघर्ष किया था जिसके लिए उन्हें सदैव सम्मानपूर्वक याद किया जाएगा ।

### जन्मशताब्दी वर्ष के रूप में मनाया जाएगा नीरज जी का जन्मदिवस

**अलीगढ़।** पदम विभूषित कवि गोपाल दास नीरज के जन्म दिन को जन्म शताब्दी वर्ष के रूप में मनाया जाएगा। धर्म समाज सोसाइटी के सचिव राजीव अग्रवाल अनु और नीरज जी के सुपुत्र एवं गोपाल दास नीरज ट्रस्ट के अध्यक्ष मिलन प्रभात गुंजन ने कहा कि हिंदुस्तान ही नहीं पूरी दुनिया में हिंदी साहित्य के लोकप्रिय महाकवि जिन्हें गीतों का ऋषि कहा जाता है और भारत सरकार द्वारा पद्मश्री व पद्म भूषण की उपाधि से सम्मानित किया गया।इतना ही नहीं डॉ. गोपाल दास नीरज का धर्म समाज महाविद्यालय से प्रारंभ का रिश्ता रहा है।

## सूदखोरों का मकड़जाल

## शहर से गांव तक फैला सूदखोरों का मकड़जाल

# सरधना में सूदखोरों के चंगुल में फंसती जा रही है आम जनता

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**सरधना (जावेद अब्बासी )।** जरूरत पर इंसान सारी हदें भूल जाता है और ऐसे कार्य कर बैठता है जिसमें उसके भविष्य का विनाश होना तय है।

**10 से 20 प्रतिशत सैकड़ा तक लेते हैं ब्याज, मकान-दुकान रखकर धोखे से करा लेते हैं अपने नाम**

बैंकों की सख्त शर्तें और उन्हें पूरा करने के बाद भी कमीशनखोरी से त्रस्त होकर लोग मजबूरी में सूद पर पैसा ले लेते हैं। जो ब्याज दर ब्याज चुकाने के बाद भी देनदारी से मुक्ति नहीं पाते। कुछ लोग तो किसी तरह सूदखोरों के चंगुल से निकल जाते हैं लेकिन बहुतों के घर व खेत भी बिक जाते हैं । परिवार सड़क पर आ जाता है । दाने - दाने को मोहताज हो जाते हैं । बच्चों की पढ़ाई छूट जाती है ,लड़के की शादी टूट जाती है । आलम यह है कि सब कुछ गंवाने के बावजूद सूदखोरों से लिया गया मूलधन आज तक नहीं अदा हो सका।कस्बे में भी इस समय सूदखोरों का अवैध धंधा जोर शोर से चल रहा है। कस्बे में सूदखोरों के चंगुल में आम जनता फंसती जा रही है।जरूरत के हिसाब से पैसे लेने का खामियाजा लोगों को अपनी जमीन बेचने या सूदखोर के नाम करने पर ही पीछा छूटता है।कस्बे में भी कई ऐसे




लोग हैं जो पैसे सूद पर देते हैं जबकि उनके पास न तो कोई लाइसेंस है और न ही जीएसटी और अन्य संबंधित कोई भी कागज नहीं है लेकिन उन्होंने सरधना कब के साथ साथ आस पास देहात क्षेत्र के लोगों को भी पैसे देकर उनका घर बार सब बर्बाद कर दिया है। कस्बे में इस समय सूदखोरों का आतंक बहुत बढ़ चुका है जिस कारण वह इस अवैध कारोबार को करके फर्श से अर्श पर पहुंच गए हैं। इस समय उनके और परिजनों के नाम पर मकान, दुकान और कृषि भूमि काफी संख्या में दर्ज है। सूत्रों की मानें तो इन सूदखोरों के घर में हर समय काफी संख्या में मोबाइल फोन, बाइक, मकान या दुकान के कागज आदि हर समय गिरवी रखे हुए रहते हैं जो पूरी तरह से अवैध हैं। इस समय कस्बे के युवा सूदखोरों के चंगुल में अधिक फंसते जा रहे है वह अपनी बाईक या मोबाइल इनके पास रखकर जाते हैं और फिर सूदखोरों द्वारा ज्यादा पैसा हो जाने पर यह युवा ही चोरी और लूटपाट करने जैसे कार्य में शामिल हो जाते हैं। सूत्रों के अनुसार कुछ परिवार क्षेत्र में ऐसे भी हैं जो लोक लाज के कारण किसी से कह नहीं पाते और चुपचाप इनका शिकार हो जाते हैं और अपनी बेशकीमती प्रोपर्टी को इनके नाम करा देते हैं। वहीं कुछ लोग आत्महत्या करने तक को मजबूर हो जाते हैं। अब सवाल ये है कि इन सूदखोरों के खिलाफ शासन प्रशासन कोई कार्यवाही करेगा या यूं ही इनका आतंक भोली भाली जनता को बर्बाद करता रहेगा।

# जिला बार एसोसिएशन चुनाव के परिणाम जारी, पवन गुप्ता अध्यक्ष

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**बदायूं।** जिला बार एसोसिएशन चुनाव के रुके हुए प्रत्याशियों का परिणाम जारी किया गया। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद नवनिर्वाचित पदाधिकारी का जोरदार स्वागत किया गया। वोटों की गिनती होने पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर जयपाल सिंह को 332 वोट, अनिल कुमार जौहरी को 330, हरिओम मिश्रा को 196 वोट मिले। लिहाजा जयपाल सिंह ने दो वोटों जीत दर्ज की।

कोषाध्यप पद पर विशन कुमार मौर्य ने जीत हासिल की उन्हें 419 वोट मिले उन्होंने अमित वर्मा को 14 वोटों से हराया, 45 वोट नोटा में भी डाले गए। वहीं संयुक्त सचिव पुस्तकालय पर विश्वनाथ मौर्य ने 523 मत प्राप्त करके संजय कुमार को हराया। संजय कुमार को 310 मत प्राप्त हुए, 22 वोट नोटा में भी गए वरिष्ठ कार्यकारणी सात प्रत्याशियों ने पर्चा दाखिल किया था। जिसमे भुवनेश कुमार सिंह, दिनेश चंद्र, मनोज कुमार, रामवीर सिंह, रतन कुमार और शशि भूषण कुलश्रेष्ठ चुने गए। एक प्रत्याशी विनोद कुमार जौहरी बाहर हो गए।कनिष्ठ कार्यकारणी में 10 लोगों ने नामांकन दाखिल किया था जिसमे अनुज प्रताप शाक्य, देवेंद्र, देवेश कुमार वर्मा, कृष्ण कुमार, मोहम्मद गासिम और पप्पू ने जीत दर्ज की वही सतीश कुमार, तेजेंद्र कुमार वार्ष्णेय और फरमान अली कम वोट मिलने के कारण बाहर हो गए। अवगत करा दे 24 दिसंबर को मतदान हुआ था जिसमें अध्यक्ष, सचिव सहित चार पदों की परिणाम उसी दिन जारी कर दिए गए थे जिसमें पवन गुप्त को अध्यक्ष चुना गया था। महासचिव पद पर अरविंद परमार चुने गया थे उनको 249 मत मिले थे जबकि दूसरे नंबर पर सुनील बंसल रहे उनको 233 मत मिले थे।

वही दो अन्य पद संयुक्त सचिव प्रशासन पर अमनेश कुमार गुर्जर ने 275 मत प्राप्त किए जबकि दूसरे नंबर पर अमित कुमार सोलंकी रहे उन्हें 172 मत मिले नोटा को भी 42 मत प्राप्त हुए। जबकि संयुक्त सचिव प्रकाशन पर ओम प्रकाश माथुर ने 588 मत प्राप्त किए जबकि उनके प्रतिद्वंदी प्रमोद कुमार को 209 मत मिले थे, नोटा को भी 47 मत मिले थे। जिला बार एसोसिएशन के चुनाव में 973 मत कुल थे जिसमें 874 मतों का प्रयोग किया गया था। सिर्फ कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर प्रदीप शर्मा निर्विरोध चुने गये।

# कार के शौकीनों के लिए खुशखबरी: ग्रेटर नोएडा के अलावा एनसीआर में इन दो स्थानों पर भी लगेगा ऑटो एक्सपो 2025

अब्दुल सलाम
बुलन्द संदेश ब्यूरो






**ग्रेटर नोएडा।** अगर आप भी गाड़ियों के शौकीन हो तो आपके लिए यह काम की खबर है। आपको जानकर खुशी होगी कि ग्रेटर नोएडा के अलावा एनसीआर में दो अन्य स्थानों पर भी ऑटो एक्सपो का आयोजन होने जा रहा है। आईए जानते हैं कि ग्रेटर नोएडा के अलावा एनसीआर के और कहां पर ऑटो एक्सपो 2025 का आयोजन होगा। ग्रेटर नोएडा में कब से ऑटो एक्सपो?

ग्रेटर नोएडा में स्थित एक्सपो मार्ट सेंटर में ऑटो एक्सपो 2025 का आयोजन होगा। यह कार्यक्रम ग्रेटर नोएडा में 19 जनवरी से 22 जनवरी 2025 तक होगा। यहां पर करीब 5 लाख से ज्यादा लोग आएंगे। यह कार्यक्रम इंटरनेशनल होता है। जिसमें सैकड़ों कंपनियां अपने वाहन पेश करेंगी।

**दिल्ली के इन 2 स्थानों पर लगेगा ऑटो एक्सपो**

ग्रेटर नोएडा के अलावा दिल्ली के भारत मंडपम और द्वारिका के यशोभूमि पर भी भारत मोबिलिटी 2025 (ऑटो एक्सपो 2025) का आयोजन होगा। भारत मंडपम में 17 जनवरी से 22 जनवरी तक ऑटो एक्सपो लगेगा। इसके अलावा द्वारिका के यशोभूमि पर 18 जनवरी से 21 जनवरी तक इस इंटरनेशनल कार्यक्रम का आयोजन होगा।

**मारुति, टाटा और महिंद्रा समेत कई दिग्गज कंपनियां होंगी शामिल**

मेनन ने जानकारी दी कि इस मोटर शो में भाग लेने वाली कंपनियों में मारुति सुजुकी, टाटा मोटर्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टोयोटा किर्लोस्कर, हुंडई मोटर इंडिया, किआ इंडिया, स्कोडा ऑटो फॉक्सवैगन इंडिया और एमजी मोटर शामिल हैं. इसके अलावा लक्जरी कार निमार्ता कंपनियां जैसे बीएमडब्ल्यू, मर्सिडीज, पॉर्शे इंडिया और बीवाईडी भी अपने नए उत्पादों का प्रदर्शन करेंगी।

**इलेक्ट्रिक वाहन कंपनियां भी बनेंगी आकर्षण का केंद्र**

इस बार टीवीएस मोटर, हीरो मोटोकॉर्प, बजाज ऑटो, होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (ऌटरक) और यामाहा इंडिया जैसे दोपहिया निमार्ता ब्रांड भी शो का हिस्सा होंगी।

कमर्शियल व्हीकल सेगमेंट में वोल्वो आयशर, अशोक लेलैंड, जेबीएम और कमिंस इंडिया अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे. इसके अलावा, इलेक्ट्रिक वाहन सेगमेंट में एथर एनर्जी, ओला इलेक्ट्रिक, विनफास्ट, टीआई क्लीन मोबिलिटी और ईकेए मोबिलिटी जैसी प्रमुख कंपनियां भी अपनी तकनीक और उत्पादों का प्रदर्शन करेंगी।

# फुटबॉल विद्या का किया आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**संभल/बहजोई (दिनेश सक्सेना)।** शुक्रवार 3जनबरी को बड़े मैदान पर युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल जनपद संभल के तत्वाधान में उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग (UPRSL) के अंतर्गत सब जूनियर जूनियर एवं सीनियर बालक एवं बालिका वर्ग में जनपद स्तरीय तीन दिवसीय प्रतियोगिता के दूसरे दिन वालीबाल एवं फुटबॉल विद्या का आयोजन कराया गया प्रतियोगिता का आरंभ उप क्रीड़ा अधिकारी जनपद संभल प्रमिला भारती द्वारा फीता काटकर किया।

प्रभारी जिला युवा कल्याण अधिकारी विनीत सिद्धू ने बताया कि फुटबॉल के सब जूनियर वर्ग में ब्लॉक बहजोई की टीम प्रथम स्थान पर एवं बनिया खेड़ा की टीम द्वितीय स्थान पर रही वहीं जूनियर वर्ग में ब्लॉक बहजोई की टीम प्रथम स्थान पर एवं ब्लाक पवंसा की टीम द्वितीय स्थान पर रही और सीनियर वर्ग में ब्लॉक बहजोई कि टीम प्रथम स्थान पर एवं गुन्नौर की टीम द्वितीय स्थान पर रही, वॉलीबॉल खेल में जूनियर वर्ग में राजपुरा प्रथम एवं बहजोई द्वितीय स्थान पर रही और सीनियर वर्ग में गुन्नौर प्रथम और बहजोई द्वितीय स्थान पर रही। कार्यक्रम के अंत में जिला ग्राम उद्योग अधिकारी श्री सत्यवीर सिंह चौहान द्वारा सभी विजेता खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र वितरण किया गया निर्णायकों की भूमिका में आज आशु शर्मा, अनिल कपूर, एकता भारती, तनिष्क सिंह, एकांश गुप्ता, गोविंद वशिष्ठ, सचिन शर्मा,ज्ञान सिंह, अजय गिल, अभिषेक दिक्षित रहे कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए स्टेनो सुनील कुमार, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी चित्रवीर सिंह, जगजीत सिंह, अनुज कुमार, संजू रानी, विभा आदि लोग मौजूद रहे।

# स्वच्छ भारत मिशन के तहत सफाई नायकों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए

बुलन्द संदेश ब्यूरो





**आंवला/बरेली ।** नगर पालिका आंवला में बरेली से आई टीम ने सफाई कर्मचारी व सफाई नायकों को स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत शहर को साफ सुथरा रखने व स्वच्छ बनाने के लिए 3 घंटे का कैंप लगाकर ट्रेनिंग दी । साथ में नगर पालिका परिषद आंवला के चेयरमैन सैयद अली ने सभी सफाई कर्मचारियों को सम्मानित किया गया, सम्मानित करने के लिए विशेष सर्टिफिकेट वितरण किए

# छात्राओं को दिया आत्मरक्षा प्रशिक्षण, विपरीत परिस्थितियों में करें विरोधी का सामना

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी (मयंक सक्सेना)।** शुक्रवार को नगर के संभाल गेट स्थित बीएमजी इंटर कॉलेज में जिलाधिकारी के दिशानिर्देशों के क्रम में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत आत्म सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिससे कि वह विपरीत परिस्थितियों में विरोधी का डटकर सामना कर सकें, जिला ताइक्वांडो सचिव सुरेश कुमार व महिला ताइक्वांडो खिलाड़ी काजल ने बेसिक किक, फ्रंट किक, हुक पंच की ट्रेनिंग दी, इस दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि छात्राएं काफी संख्या में उपस्थित हो रही हैं, जो बहुत ही उत्साहित हैं। छात्राओ को प्रशिक्षण के साथ-साथ सरकार और महिला कल्याण विभाग द्वारा महिलाओं और बालिकाओं के हितार्थ यथा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन, घरलू हिंसा, छात्रवृति आदि चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया गया। इस मौके पर कॉलेज का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।



# भारतीय मानव कल्याण समिति ने मनाई प्रथम शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की जयंती

बुलन्द संदेश ब्यूरो




**चंदौसी।** शुक्रवार को नगर के विनायक मार्ग स्थित कार्यालय पर भारतीय मानव कल्याण समिति ने देश की प्रथम शिक्षिका एवम समाजसेविका सावित्रीबाई फुले की जयंती धूमधाम से मनाई साथ ही कार्यक्रम में डॉ सफिया अंजुम,महिमा वार्ष्णेय, बबिता गुप्ता,दुर्गेश्वरी महिला शिक्षकों को शॉल एवम फूल माला पहना कर सम्मानित किया गया।समिति प्रबन्धक डॉ टीएस पाल ने कहा कि सावित्रीबाई एक कुशल लेखिका भी थीं और उन्होंने सामाजिक परिवर्तन की वकालत करने के लिए अपनी कलम का इस्तेमाल किया। उनके लेखन ने समाज के लिए एक चेतावनी का काम किया, जिससे उसे अपने पूर्वाग्रहों और भेदभावों का सामना करने का आग्रह किया गया। उन्होंने शक्तिशाली कविताएं और लेख लिखे,जो महिलाओं की दुर्दशा और उत्पीड़ित लोगों द्वारा झेले जाने वाले अन्याय को उजागर करते थे। इस दौरान मुख्य अतिथि डॉ सफिया अंजुम ने कहा कि वर्ष 1848 में सावित्रीबाई और उनके पति ज्योतिराव फुले ने पुणे में लड़कियों के लिए पहला स्कूल शुरू किया था। यह एक क्रांतिकारी कदम था, क्योंकि उस समय लड़कियों की शिक्षा को अक्सर नजरअंदाज किया जाता था। विशिष्ट अतिथि महिमा वार्ष्णेय ने कहा अनेक चुनौतियों के बावजूद, उनका समर्पण अटूट रहा। उनका दृढ़ विश्वास था कि शिक्षा सशक्तिकरण की कुंजी है और हर लड़की को सीखने का अवसर मिलना चाहिए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता बबिता गुप्ता ने तथा संचालन रंजना वार्ष्णेय ने किया।

इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित रहे। आकाश कुमार शर्मा,बीना वार्ष्णेय,डॉ राजकुमार गोयल,डॉ जयशंकर दुबे,एड हरीश कठेरिया,मुनीश वार्ष्णेय,सूर्यजीत सिंह,डॉ डीके अग्निहोत्री, विपिन बालाजी, संजय सैनी, सुशील भोलेनाथ, श्यामसुंदर दुबे,र ाजेश गुप्ता, ओमप्रकाश गुप्ता,रतन वार्ष्णेय, राधिका, दिविशा आदि ।

# बदायूं में सर्दी ने ढाया सितम, तीन दिन से धूप नहीं निकली, हाथ तापते दिखे लोग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बदायूं ।** सर्दी सितम ढा रही है। शुक्रवार को और भी ज्यादा गलन रही। सुबह कोहरा छाया रहा। 12 बजे कोहरा छंटने के बाद भी सूरज के दर्शन नहीं हुए। बादल छाए रहे। तापमान के लगातार गिरने से कई निजी स्कूलों ने बच्चों की छुट्टी कर दी है।




जिले में पिछले कई दिनों से कड़ाके की ठंड का दौर जारी है। शीतलहर से गलन बढ़ गई है। शुक्रवार को मौसम और भी ज्यादा बिगड़ गया। सुबह घना कोहरा छाया रहा। दिन के चढ़ते ही कोहरा दूर हो गया, लेकिन बादल छाए रहे। सर्दी के कारण कई निजी स्कूलों ने बच्चों की छुट्टी कर दी है। हालांकि बड़े बच्चों की छुट्टी अभी नहीं हुई है और वह जिला प्रशासन के आदेश का इंतजार कर रहे हैं। वहीं शहर में विभिन्न स्थानों पर नगर पालिका परिषद की ओर से अलाव लगाए गए हैं। तमाम लोगों को अलाव के सामने बैठा देखा गया। इनमें ज्यादातर लोग श्रमिक और राहगीर नजर आए। कड़ाके की सर्दी से बचने के लिए लोग हर संभव प्रयास कर रहे हैं। बड़ी संख्या में लोगों को कोयला और लकड़ी खरीदते देखा गया।

# ऑपरेशन कन्विक्शन"अभियान के क्रम में बुलन्दशहर पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी कर लूट के आरोपी को 07 वर्ष, 10 माह व 04 दिन का कारावास व 1,000 रुपये के अर्थदण्ड की सजा

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**बुलंदशहर।** अभियुक्त जितेन्द्र उर्फ जीतू पुत्र वीरपाल निवासी ग्राम पापडी थाना अहमदगढ जनपद बुलन्दशहर द्वारा वर्ष-2016 में लूट करने की दुस्साहसिक घटना कारित की गयी थी जिसके सम्बन्ध में थाना सलेमपुर पर मुअसंझ498/16 धारा 392,411 भादवि पंजीकृत किया गया तथा दिनांक 17.03.2017 को पुलिस द्वारा मा0 न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया गया। इस अभियोग को पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा चलाये जा रहे अभियान "ऑपरेशन कन्विक्शन"के अन्तर्गत चिन्हित करते हुए मॉनीटरिंग सैल बुलन्दशहर द्वारा मा0 न्यायालय में सशक्त, प्रभावी पैरवी कर अभियोजन की कार्यवाही सम्पन्न करायी गई जिसमें अभियुक्त के विरुद्ध 01 गवाह परिक्षित हुआ, जिसके परिणामस्वरुप न्यायाधीश अर्जुन डबास (मा0 न्यायालय एसीजे/एसडी-02 जनपद बुलन्दशहर) द्वारा दोष सिद्ध पाये जाने पर अभियुक्त जितेन्द्र उर्फ जीतू को 07 वर्ष, 10 माह व 04 दिन का कारावास व 1,000/-रुपये अर्थदण्ड की सजा से दण्डित किया गया। अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी करने वाले अभियोजक श्री मृत्युंजय सिंह का योगदान सराहनीय रहा है। प्रभावी पैरवी कर अभियुक्त को सजा दिलाना बुलन्दशहर पुलिस की बड़ी सफलता है।

# गुलफाम आत्मदाह मामले में कोतवाल राकेश सिंह को एसएसपी ने निलंबित किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बदायूं।** एसएसपी कार्यालय में गुलफाम के आत्महत्या के प्रयास के मामले में एसएसपी ने प्रथम द्दष्टया दोषी पाए जाने पर प्रभारी निरीक्षक कोतवाली राकेश कुमार को निलंबित कर दिया। वहीं गणना मोहर्रिर समेत चार अन्य को भी निलंबित किया गया है।मोहल्ला नई सराय के रहने वाले गुलफाम द्वारा आत्महत्या के मामले में एसएसपी ने जांच कराई। इसमें प्रथम द्दष्टया सदर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक राकेश सिंह की लापरवाही सामने आई।इसके बाद एसएसपी ने राकेश सिंह को निलंबित कर दिया। इसके अलावा पुलिस कार्यालय में ड्यूटी न लगाने पर गणना मोहर्रिर कमलेश कुमार को पद से हटाया गया है। इससे पहले बुधवार देर रात एसएसपी ने गणना मुंशी सोनू कुमार, दक्ष चौधरी और अर्जुन सिंह को भी निलंबित कर दिया था। बता दें कि गुलफाम ने कोतवाली पुलिस से ई-रिक्शा छीने जाने की शिकायत की थी, लेकिन कोतवाल सबको गुमराह करते रहे। गुलफाम द्वारा पत्नी एवं ससुराल वालों पर थाना कोतवाली, थाना सिविल लाइन व थाना मुजरिया में पांच अभियोग पंजीकृत कराए गए थे। इनमें चार अभियोगों में आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किए गए। पत्नी सनोवर व ससुराल वालों द्वारा गुलफाम अहमद के विरुद्ध थाना मुजरिया व थाना कोतवाली पर मुकदमा दर्ज कराया गया है।

**बाइक चोरी** | पीड़ित ने घटनाक्रम का वीडियो किया वायरल

# घर के बाहर खड़ी युवक की बाइक चोरी, घटना कैमरे में कैद

बुलन्द संदेश ब्यूरो






**गजरौला (बच्चन सिंह)।** थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले में घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी हो गई, यह घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, पीड़ित बाइक स्वामी ने इस घटनाक्रम का वीडियो भी वायरल किया है। दरअसल आपको बता दें कि थाना क्षेत्र के मोहल्ला लक्ष्मी नगर में कृष भटनागर पुत्र राजीव भटनागर का परिवार रहता है। कृष भटनागर ने अपनी बाइक घर के बाहर खड़ी कर रखी थी। गुरुवार दोपहर 12:30 पर अज्ञात चोर आया और बाइक को चोरी कर कर ले गया, यह घटनाक्रम पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया, जिसके बाद पीड़ित बाइक स्वामी ने इसकी सूचना डायल 112 पुलिस को दी सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

इसी स्थान के पास से अब से दो दिन पहले बिजली विभाग के लाइनमैन की बाइक भी हुई थी चोरी, गजरौला बिजली घर में लाइनमैन के पद पर तैनात किरण पाल लक्ष्मी नगर में स्थित मस्जिद वाली गली में बिजली ठीक करने के लिए अब से दो दिन पहले गया हुआ था। इस दौरान वह मोहल्ले के ही रहने वाले एक व्यक्ति की छत पर जाकर बिजली सही कर रहा था। बिजली सही करने के बाद में वापस आया तो उसकी बाइक वहां से चोरी हो गई थी। काफी तलाश किया कुछ पता नहीं चल सका था। पीड़ित ने इस संबंध में थाने में तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की थी।

गजरौला थाने के क्राइम इंस्पेक्टर जितेंद्र बालियान ने बताया है की बाइक चोरी की घटना का मामला संज्ञान में आया है। जांच पड़ताल कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सावित्रीबाई फुले की जयंती धूमधाम से मनाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** शुक्रवार को नगर के कैथल गेट को सिद्धार्थ बौद्ध विहार, कैथल गेट, चंदौसी में शिक्षा की जननी/ज्ञान ज्योति सावित्रीबाई फुले की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई । वक्ताओं ने उनके संघर्ष और सामाजिक परिवर्तन के लिए महिलाओं की शिक्षा पर महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला।

3 जनवरी 1831 को खंडोसी नेवसे के घर जन्मी सावित्रीबाई फुले का विवाह अल्प आयु में 1840 में ज्योति बा फुले के साथ हुआ। सावित्रीबाई फुले ने अपने पति के साथ मिलकर महिलाओं की शिक्षा हेतु 1848 में धर्मगुरुओं के भारी विरोध के बाबजूद पहला महिला विधालय खोला और 18 सितंबर 1851 को रास्ता पैंठ ,पूना में दूसरा एवं 15 मार्च 1852 को बताल पैंठ में तीसरे विधालय को खोलकर क्रांति पैदा कर दी। सावित्रीबाई फुले को पहली मुख्य अध्यापिका कहा जाता है।

इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थिति रही। लाल, प्रेमपाल सिंह,नौरंगी लाल, शिशुपाल सुगंध,अमन प्रकाश, गीता, बबली, अंगूरी देवी, विमला देवी,



पुष्पा बौद्ध, संगीता यादव, प्रवीन कुमार बंटी, रामरुप बौद्ध, हेमराज बौद्ध, ज्ञानेंद्र यादव, अरविंद अंबेडकर, शिवचरण श्यामकली, प्रज्ञा,दानवती,मीनू जाटव, विमला, अनीता, धनवंतरी देवी, सुषमा आदि ने भाग लिया।

# इंस्पेक्टर के पद से सेवानिवृत्त होने के बाद पैतृक गांव पहुंचने पर किया गया जोरदार स्वागत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** अहमदगढ़ थाना क्षेत्र के गांव बाद निवासी रमेश चंद्र मीणा पुत्र बाल किशोर मीणा राजस्थान के गंगानगर में बीएसएफ में इंस्पेक्टर के पद पर तैनात थे। इंस्पेक्टर के पद से सेवानिवृत्त होने के बाद शुक्रवार शाम करीब 4 बजे अपने पैतृक गांव बाद पहुंचे। वहां स्वजनों व ग्रामीणों ने डीजे के साथ उन्हें फूल माला पहनाकर उनका जोरदार स्वागत किया। उसके बाद सेवानिवृत्त रमेशचंद्र मीणा ने सभी को धन्यवाद दिया। और गांव में रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर ग्राम प्रधान रामकुमार मीणा, राजकुमार मीणा, रामवीर सिंह मीणा, नागेन्द्र कुमार मीणा आदि लोग मौजूद रहे।



# नाटक बाप रे बाप ने दर्शकों को गुदगुदाते हुए दिया बुजुर्गों के सम्मान का संदेश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली और थिएटर एंड फिल्म वेलफेयर एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में प्रांजल आर्ट्स एंड डेवलपमेंट सोसाइटी की ओर से तीन दिवसीय प्रथम रंगकर्म महोत्सव का आयोजन 2 से 3 जनवरी तक गोमती नगर स्थित उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी के वाल्मीकि रंगशाला में किया जा रहा है। संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश के विशेष सहयोग से आयोजित इस महोत्सव की दूसरी संध्या 2 जनवरी को नव अंशिका फाउण्डेशन की ओर से पद्मश्री के.पी. सक्सेना रचित मशहूर हास्य नाटक बाप रे बाप का मंचन नीशू त्यागी के कुशल निर्देशन में मुख्य अतिथि हरिदास अंकुरानंद जी महाराज(कथा वाचक) श्री धाम अयोध्या और विशिष्ट अतिथि अब्दुल वहीद महामंत्री उ०प्र० जिला मान्यता पत्रकार एसोसियेशन ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

नाटक ने यह प्रभावी संदेश दिया कि बुजुर्ग अभिभावकों को समुचित महत्व दिया जाना चाहिए नहीं तो स्थितियां इतनी विपरीत हो जाएंगी कि लोग आप पर हंसते हुए कहेंगे बाप रे बाप।

कथानक के अनुसार नायक विकास के पिता बाबू बद्रीनाथ अपने घर से कहीं चले जाते हैं। ऐसे में परिजन मजबूरी में नकली पिताजी का बंदोबस्त करते हैं। इस जुगत में एक समय में कई पिताजी उपस्थित होकर परिस्थितियों को सुलझाने के बजाए हास्यजन्य बना देते हैं। अंत में वास्तविक पिताजी घर लौटकर बताते हैं कि वह तो बहू मीनू को सूचित करके गये थे। मीनू अपने भुड़क्कलपन की आदत पर शर्मिन्दा होती है और नाटक का सुखांत हो जाता है। इसमें मंच पर विकास भटनागर का शशांक पाण्डेय, मीनू का अर्पिता, नूरबख्श का ऋषभ पाण्डेय, लिली का अनामिका सिंह चौहान, रेडियो एनाउंसर का विवेक रंजन सिंह, धोबी का अभय सिंह रावत, दूधवाला का अभिषेक शर्मा, पंडित जी का डॉ. साधना वाजपेयी, फजल इलाही का किरदार कुलदीप श्रीवास्तव, गूंगे पिता एक का बबलू, नकली पिता दो का शिवम् शुक्ल, जासूस रिपोर्टर का रुचि रावत और असली पिता का रोहित श्रीवास्तव ने अभिनय कर प्रशंसा हासिल की। दूसरी ओर प्रस्तुति का आकर्षण बढ़ाते हुए मंच सज्जा का दायित्व डॉ. साधना और मोनिका ने बखूबी संभाला। मंच सामग्री व्यवस्था में अभय, अभिषेक, कुलदीप की केन्द्रीय भूमिका रही। मुख सज्जा का कार्य अर्पिता और अनामिका ने जबकि वेशभूषा का रुचि मोनिका ने सम्पादित किया। प्रस्तुति व्यवस्था का भार ऋषभ पाण्डेय और मंच निर्माण का शिवम्, बबलू, रोहित ने संभाला। मंच नियंत्रण का कार्य अनामिका सिंह चौहान ने किया जबकि प्रकाश परिकल्पना तमाल बोस की नाट्यानुरूप रही। इसके आयोजक दबीर सिद्दीकी और संयोजक आकर्ष शर्मा थे। इस क्रम में श्री नाट्य फाउण्डेशन की ओर से जे.पी. सिंह जयवर्धन के लिखे नाटक ह्लदरोगा जी चोरी हो गईह्व का मंचन निशा बेगम के निर्देशन में शाम 6:30 बजे वाल्मीकि रंगशाला में किया जाएगा।



# नेपालियों के फर्जी एनओसी बनाने वाला एजेंट दिनेश शर्मा चढ़ा पुलिस के हत्थे

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नई दिल्ली (ऐजाज अली)।** राजधानी दिल्ली में फर्जी दस्तावेज बनाने का गिरोह सक्रिय है। कहीं पर फर्जी पुलिस आईडी कार्ड बनते हैं तो कहीं पर फर्जी पासपोर्ट का धंधा तो कहीं पर फर्जी एनओसी बनाने का अवैध धंधा जिसका पदार्फाश दिल्ली पुलिस ने किया है नेपाली नागरिकों के लिए फर्जी एनओसी बनाने वाले एजेंट को दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी ने 90 हजार रुपये में चार यात्रियों के लिए रूस जाने के लिए जरूरी फर्जी एनओसी का इंतजाम किया था। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। वहीं पुलिस की पूछताछ में आरोपी बड़े खुलासे भी कर सकता है। नेपाली नागरिकों की विदेश यात्रा के लिए नेपाली दूतावास द्वारा जारी फर्जी एनओसी बनाने वाले एजेंट को पुलिस ने पकड़ा है। आरोपी ने करीब 90 हजार में चार यात्रियों के रूस जाने के लिए जरूरी फर्जी एनओसी का इंतजाम किया था। पुलिस के अनुसार, धोखेबाज एजेंट दिनेश शर्मा (44 वर्ष) पुत्र लोकनाथ शर्मा निवासी आर-20 ए, ओल्ड महारानी एन्क्लेव एक्सटेंशन, उत्तम नगर, दिल्ली को दिल्ली में उसके एक ठिकाने से पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपी दिनेश शर्मा ने अपना अपराध कबूल कर लिया है। आरोपी ने खुलासा किया कि वह पिछले कुछ सालों से टिकटिंग एजेंट के रूप में काम कर रहा था, लेकिन उसे अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त पैसा नहीं मिल रहा था। अपने काम के दौरान वह एजेंट रोहित चौधरी के संपर्क में आया, जो लोगों को विदेश भेजने और वहां नौकरी के अवसर प्रदान करने के बहाने ठगता था। इसके बाद उसने कमीशन के आधार पर एजेंट रोहित चौधरी के साथ काम करना शुरू कर दिया। उसने यह भी खुलासा किया कि सभी चार यात्रियों ने एजेंट रोहित से संपर्क किया था और सौदे के अनुसार, उसने उन्हें रूस भेजने का वादा किया और उनकी यात्रा की व्यवस्था करने के लिए उनमें से प्रत्येक से 9 लाख रुपये (नेपाली मुद्रा) लिए। वहीं, अन्य एजेंटों की संलिप्तता का पता लगाने, आरोपी व्यक्ति के बैंक खातों की जांच करने और एजेंट रोहित चौधरी को पकड़ने और अन्य समान शिकायतों/मामलों में उसकी संभावित संलिप्तता का पता लगाने के लिए मामले की जांच जारी है।

**नेपाली नागरिकों के लिए फर्जी एनओसी बनाने वाले एजेंट को दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी ने 90 हजार रुपये में चार यात्रियों के लिए रूस जाने के लिए जरूरी फर्जी एनओसी का इंतजाम किया था। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है**

# थाना छतारी क्षेत्र में वाहनो की हैड लाइट, बैक लाइट व फोग लाइट को चैक किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलन्दशहर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार के आदेशानुसार घने कोहरे के कारण हो रही सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु थाना प्रभारी छतारी द्वारा मय पुलिस टीम के थाना छतारी क्षेत्र में वाहनो की हैड लाइट, बैक लाइट व फोग लाइट को चैक किया गया । वाहन चालको को फोग लाइट सही रखने हेतु निद्रेशित किया गया तथा ट्रक, ट्रैक्टर-ट्रॉली आदि वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाये गये ।





# कानपुर के होटल में मिली नए साल की पार्टी मनाने निकले युवक की नंगी लाश, जांच शुरू

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कानपुर (सुनील बाजपेई)।** यहां जिले में युवाओं की हत्या की हुई लाशों का मिलन लगातार जारी है ,जिसके क्रम में दोस्तों के साथ नए साल की पार्टी मनाने निकले एक युवक की भी नंगी लाश यहां के एक होटल में मिलने के बाद हड़कंप मच गया। पुलिस उसकी लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर घटना की छानबीन कर रही है। अवगत कर आदमी की कानपुर में इसके पहले भी हत्या की हुई अज्ञात लाशों के मिलने की घटनाएं हो चुकी हैं।

फिलहाल नजीबाबाद थाना क्षेत्र की इस घटना में परिवार के लोगों ने दोस्तों पर ही हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की और साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस के अनुसार जांच के बाद मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना के बारे में प्राप्त विवरण के मुताबिक चमनगंज के भन्नानापुरवा में रहने वाले दिव्यांग अवधेश गुप्ता का एकलौता बेटा गौरव (22) स्वरूप नगर स्थित एक कैफे में काम करता था।

मौके पर पहुंची पुलिसको परिजनों ने बताया कि गौरव दोस्तों के साथ गुमटी स्थित एवीएस ग्रांड होटल में पार्टी मनाने गया था। यहां उन लोगों ने दो कैमरे भी बुक कर आए थे।

पुलिस द्वारा मामले की अब तक की की गई छानबीन के मुताबिक देर रात शराब पीने के बाद सभी दोस्त गौरव को होटल में छोड़कर चले गए थे। कुछ देर बाद उसका एक दोस्त मोबाइल का चार्जर लेने वापस होटल के कमरे में पहुंचा तो देखा गौरव बाथरूम में अर्धनग्न हालत में पड़ा है।

पुलिस ने बताया कि इसके बाद दोस्त उसे कार्डियोलाजी ले गए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस पर उसके दोस्त अस्पताल के डाक्टर से विवाद करने लगे। अस्पताल प्रबंधक की शिकायत पर पहुंचे स्वरूप नगर इंस्पेक्टर सूर्यबली पांडेय भी पहुंचे और घटना की जानकारी नजीराबाद इंस्पेक्टर अमान सिंह को दी। वहीं मौके पर पहुंचे युवक के परिजन ने उसके दोस्तों पर हत्या का आरोप लगाकर हंगामा भी किया। जिन्हें पुलिस ने समझा बूझकर बड़ी मुश्किल से शांत कराया। पुलिस ने बताया कि घटना की छानबीन की जा रही है।

**दोस्तों के साथ नए साल की पार्टी मनाने निकला था चमनगंज क्षेत्र का गौरव**

# राष्ट्रीय प्राणी उद्यान में एक के बाद एक वन्यजीवों की मौत, प्रशासन को नहीं कोई सुध

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नई दिल्ली (अनिता)।** राजधानी दिल्ली के चिड़ियाघर में वन्यजीव की मृत्यु का मामला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। दिल्ली के राष्ट्रीय प्राणी उद्यान में एक के बाद एक वन्यजीवों की मौत हो रही है। हाल ही में एक नर गैंडा और एक मादा भालू की मौत हो गई। सूत्रों के अनुसार दोनों वन्यजीवों को रात भर ठंड में बाहर रखा गया था जिससे उनकी हालत बिगड़ गई। चिड़ियाघर प्रशासन पर लापरवाही के आरोप लग रहे हैं। राष्ट्रीय प्राणी उद्यान (चिड़ियाघर) में एक के बाद एक वन्यजीवों की मौत होती जा रही है। बृहस्पतिवार को यहां एक नर गैंडा और मादा भालू की मौत हो गई। जानवरों की इस तरह से लगातार हो रही मौत अधिकारियों की बढ़ती लापरवाही का संकेत है। चिड़ियाघर में नर गैंडा धर्मेंद्र को इसी वर्ष सितंबर माह में गुवाहाटी से लाया गया था। चार वर्षीय ये नर गैंडा पशु विनिमय कार्यक्रम के तहत लाया गया था। सूत्रों के मुताबिक, दोनों वन्य जीवों को रात भर ठंड में बाहर रखा था। जिससे उनकी स्थिति गंभीर हो गई और बुधवार देर रात गैंडे और बृहस्पतिवार सुबह 11 बजे के आसपास भालू की तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। चिड़ियाघर प्रशासन दोनों को सही समय पर उपचार भी नहीं दे सका।चिड़ियाघर से जुड़े सूत्रों ने बताया कि हाल ही में चिड़ियाघर प्रशासन ने पूर्व में कार्य कर रहे 49 ठेका कर्मियों को निकाल दिया। ये कर्मचारी चिड़ियाघर में वन्यजीवों की देखभाल का कार्य करते थे।

इन कर्मियों की जगह नए ठेका कर्मियों को भर्ती कर लिया गया। सूत्रों के मुताबिक, नए कर्मियों को वन्यजीवों की देखभाल को लेकर किसी तरह का अनुभव नहीं है। ऐसे में वो वन्यजीवों के प्रति लापरवाही बरत रहे हैं और अधिकारियों के स्तर पर भी इसकी निगरानी नहीं की जा रही है। सूत्रों के मुताबिक यहां पर गलन भरी सर्दी में जानवरों को ठंड से बचाने के लिए कोई भी उपाय नहीं अपनाए जा रहे हैं। न सही से हीटर की सुविधा है और न ही वन्यजीवों को उचित मात्रा में खाना मिल रहा है।

चिड़ियाघर के निदेशक डा. संजीत कुमार से जानवरों की इस तरह से हो रही मौतों के पीछे की वजह पूछी गई तो उन्होंने कहा कि जांच की जा रही है। वर्ल्ड एसोसिएशन आफ जू एंड एक्वेरियम (वाजा) ने अक्टूबर माह में शंकर हाथी के रखरखाव में लापरवाही के चलते दिल्ली चिड़ियाघर की सदस्यता को छह माह के लिए निलंबित कर दिया गया था। इसके बाद मंत्री से लेकर कई आला अधिकारियों ने आकर शंकर हाथी की सुध ली और चिड़ियाघर में अन्य जानवरों के रखरखाव का भी जायजा लिया गया था। लेकिन ये खानापूर्ति बस कुछ ही दिन की थी। उसके बाद एक-एक कर के यहां वन्यजीवों की मौतें होती जा रही हैं लेकिन अभी तक किसी पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। हाल ही में यहां सफेद बाघिन के नौ माह के शावक की मौत हो गई है। उसके कुछ दिन पहले दो भालूओं की मौत हो गई थी। उसके पहले मोरनी, ईमू, मादा भेड़ियों, चिंकारा हिरणों की मौत हुई थी।

**सूत्रों के मुताबिक यहां पर गलन भरी सर्दी में जानवरों को ठंड से बचाने के लिए कोई भी उपाय नहीं अपनाए जा रहे हैं। न सही से हीटर की सुविधा है और न ही वन्यजीवों को उचित मात्रा में खाना मिल रहा है**

# लिव-इन बारे में हाई कोर्ट का सराहनीय फैसला: सुरेश गोयल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हरियाणा/हिसार (राजेश सलूजा) ।** लिव -इन के बारे में पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय का दिया गया निर्णय बहुत ही स्वागत योग्य व सराहनीय है, जिसमें अपने महत्वपूर्ण फैसले में लिव-इन रिलेशन शिप में रह रहे जोड़ो को सरंक्षण देने से इंकार कर दिया है। यह बात आज भाजपा के सुरेश गोयल धूप वाला ने प्रेस को जारी अपने एक व्यक्तव्य में कही।उन्होंने कहा कि भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों की यह बहुत बड़ी जीत है।हाई कोर्ट ने स्पष्ट कर दिया है कि वे शादी -शुदा जोड़े जो पहले से ही विवाहित है ,औ? उनके बच्चे भी है लिव-इन रिलेशन शिप में रहने से भारतीय समाज के नैतिक मूल्यों पर गहरा असर पड़ेगा।

भारत में एक विवाह पद्दति है और कानूनी रूप से भी दो विवाह गैर कानूनी है, इस तरह लिव-इन रिलेशन शिप पूरी तरह अवैध है।

सुरेश गोयल ने कहा कि भारत वर्ष में विवाह संस्कार की जड़ें बहुत गहरी है।सात जन्मों का जुड़ाव माना गया है। भारतीय शास्त्रों में तो तलाक व डिवोर्स जैसे शब्दों का भी कहीं उल्लेख नही है।पश्चिम संस्कृति को आधुनिक सभ्यता मान कर हम अपने जीवन मूल्यों को नष्ट नही कर सकते। यही माननीय उच्च न्यायालय ने अपने फैसले में किया है।भारतीय समाज सामाजिक नियमों व मयार्दाओं में जकड़ा समाज है इसकी सबसे बड़ी विशेषता भी यही है। वास्तव में सामाजिक व सांकृतिक मूल्यों को सरंक्षित रखना हम सब की जिम्मेवारी है। धूप वाला ने कहा कि व्यक्तिगत स्वतंत्रता की बात करना पश्चमी संस्कृति का हिस्सा हैं । पश्चमी देशों में भी तो कानून कायदे तो होंगे ?सभी बेलगाम हो जाए ऐसा तो वहां भी नही होगा।जहां भी भारतीय शब्द आयेगा इस लिव इन रिलेशन व्यवस्था को अमर्यादित व अनैतिक ही कहा जायेगा। आए दिन परिवार टूट रहें है। पति- पत्नी के बीच विवाद हो रहें हैं । आत्महत्या की घटनाएं आम बात हो गई है । अनेको कारणों में से लिव- इन रिलेशनशिप भी अवश्य ही एक कारण है। उन्होंने कहा कि ऐसे सम्बन्धो में अक्सर एक दूसरे के प्रति समर्पण भाव व स्नेह नही केवल साथ रहने का एक एग्रीमेंट होता है। परिवार व खून के रिश्तों में भी अलगाव की ही भावना नजर आती है। सभी को माननीय न्यायालय के निर्णय का सम्मान करना चाहिए।समाज सेवी संस्थाओं को भी पहल करके जीवन में होने वाले नाकारत्मक बिंदुओं पर चर्चा करनी चाहिए व लोगो को जागरूक करना चाहिए।



# नकदी के साथ 17 साल की लड़की घर से हुई फरार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** सलेमपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की 17 साल की लड़की अपने घर से 15,000 हजार रुपए की नगदी लेकर किसी व्यक्ति के साथ फरार हो गई। 31 दिसंबर को परिजन किसी कार्य से जंगल में गए हुए थे।

कार्य पूरा होने के बाद घर आकर देखा तो अलमारी में रखे 15,000 रुपए तथा 17 वर्षीय लड़की घर पर नहीं मिली। थाना प्रभारी अतुल कुमार चौहान ने बताया कि भाई की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज करते हुए तलाश की जा रही है।

# मांगों को लेकर किसान यूनियन ने सौंपा ज्ञापन

बुलन्द सांदेश ब्यूरो

**पहासू।** भारतीय किसान यूनियन(भानु) के लोग शुक्रवार को पहासू ब्लाक में एकत्रित हुए तथा किसानों की समस्याओं को लेकर नारेबाजी की। किसानों ने अपनी समस्याओं को लेकर ब्लाक परिसर में धरना दिया। धरनास्थल पर पहुंचे बीडीओ नरेंद्र शर्मा तथा नगर पंचायत की ईओ नीतू सिंह ने उनकी समस्याओं की जानकारी लेकर शीघ्र निराकरण करने का आश्वासन दिया। बीडीओ पहासू को दिए ज्ञापन में बीकेयू के लोगों ने आवारा गोवंशियों की समस्या तथा बैंकों में व्याप्त भृष्टाचार के चलते बकाएदारों को परेशान करने के साथ किसान सम्मान निधी मिलने में हो रही परेशानियों से निजात दिलाने की मांग की है किसानों का आरोप है कि यूरिया लेते समय अनावश्यक समान लेने की अनिवार्यता के चलते उनका शोषण हो रहा है। इस मौके पर सुरेश चोधरी,पुष्पेंद्र शर्मा, वीरपाल सिंह, गीता भारद्वाज, जगनेश चोधरी,प्रवीन दुबे आदि मौजूद रहे।



**बैठक** आगामी 18 जनवरी 2025 से निकाली जाने वाली किसान मजदूर सम्मान एवं न्याय यात्रा से सम्बन्धित तैयारी बैठक संपन्न हुई

# अखिल भारतीय किसान कांग्रेस 18 जनवरी से प्रदेश में निकालेगी किसान-मजदूर सम्मान एवं न्याय यात्रा: अजय राय

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ (लेखराम मौर्य)।** आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय की अध्यक्षता में आगामी 18 जनवरी 2025 से निकाली जाने वाली किसान मजदूर सम्मान एवं न्याय यात्रा से सम्बन्धित तैयारी बैठक संपन्न हुई।

बैठक में अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, प्रभारी संगठन अखिलेश शुक्ला, प्रदेश कांग्रेस के निवर्तमान उपाध्यक्ष विश्वविजय सिंह, पूर्व राज्यमंत्री ओमवीर तोमर, किसान कांग्रेस मध्यजोन के अध्यक्ष जगदीश सिंह, बुंदेलखंड जोन के अध्यक्ष शिव नारायण सिंह परिहार मुख्य रूप से मौजूद रहे। बैठक का संचालन किसान कांग्रेस के नेशनल कोऑर्डिनेटर प्रबल प्रताप शाही ने किया। किसान मजदूर सम्मान एवं न्याय यात्रा को उत्तर प्रदेश में सुनियोजित एवं अनुशासित ढंग से संपन्न करने के हेतु अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटरों को मण्डल स्तर पर समन्वयक, राष्ट्रीय पदाधिकारियों सहित देश के अन्य प्रांतों से किसान कांग्रेस के पदाधिकारियों को जिले स्तर पर समन्वयक बनाया गया है। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश से किसान कांग्रेस के पदाधिकारियों को जनपद स्तर पर संयोजक बनाकर यात्रा के सफल संचालन का उत्तरदायित्व सौंपा गया है।

बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि आज वर्तमान की केन्द्र सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार दोगुनी गति से किसानों, मजदूरों, मेहनतकशों, महिला किसान-मजदूर एवं कारीगरों का दमन शासन व प्रशासन के रूप में भिन्न-भिन्न तरीकों से कर रहा है। किसान आंदोलन के समय केन्द्र सरकार ने देश के सभी किसानों को एम.एस.पी की कानूनी गारंटी का वादा किया था आज उस पर सरकार मौन है। आखिर किसानों के साथ यह खुली ठगी क्यों की? उसी किसान आंदोलन में शहीद हुए किसानों के परिवारों को आज तक मुआवजा नहीं मिला बल्कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने सार्वजनिक रूप से ह्यह्यखालिस्तानीह्लह्ल एवं ह्लह्लआंदोलनजीवीह्लह्ल कहकर उनकी शहादत का अपमान किया। किसान कांग्रेस इस ह्यह्यकिसान मजदूर सम्मान एवं न्याय यात्राह्लह्ल के जरिए प्रमुख रूप से - एम.एस.पी की कानूनी गारंटी, लागत बोर्ड का गठन, किसानों की कर्ज माफी, सीलिंग से बची भूमि का न्याय पूर्ण वितरण, खाद-बीज एवं उर्वरकों की सब्सिडी, सिंचाई हेतु बिजली की आपूर्ति, आवारा पशुओं से फसल को बचाने के लिए सरकारी इंतजाम एवं किसानी से जुड़े क्षेत्रीय मुद्दों को उठाते हुए जनता को जागरूक करने एवं एकजुट करके किसान एवं मजदूरों के हक दिलाने के लिए उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में अलग-अलग तिथियों में निकाली जाएगी।





बैठक को सम्बोधित करते हुए अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अखिलेश शुक्ला ने कहा कि यह यात्रा प्रदेश में आगामी 18 जनवरी 2025 को गाजियाबाद के लोनी बॉर्डर से शुरू होगी। उसके बाद निर्धारित तिथियों में ह्यह्ययात्राह्लह्ल के लिए नियुक्त संयोजकों के नेतृत्व में एवं राष्ट्रीय व प्रदेश नेतृत्व के मार्गदर्शन में प्रदेश के प्रत्येक जनपद में यात्रा निकाली जायेगी। यात्रा के दौरान प्रत्येक जनपद से 300 किसान न्याय योद्धा बनाये जायेंगे। यात्रा के समापन के बाद प्रदेश के सभी 75 जिलों के 22500 किसान योद्धाओं का सम्मेलन किया जायेगा।

श्री शुक्ल ने कहा कि अगले 1 वर्ष में हम हर विधानसभा में 300 किसान न्याय योद्धा बनायेंगे एवं 2027 विधानसभा चुनाव के पूर्व 120900 (एक लाख बीस हजार नौ सौ) किसान योद्धाओं का किसान महासम्मेलन करेंगे।

बैठक को किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव विजय पाण्डेय (उ0प्र0), नीलम रमेश (आंध्र प्रदेश), दीपक शर्मा (हिमाचल), कृष्ण चैतन्य (केरल), जीवन दत्ता (महाराष्ट्र), आर0 सी0 पाण्डेय (उ0प्र0), छत्तीसगढ़, झारखंड एवं हिमाचल प्रदेश किसान कांग्रेस के कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा, सुभाष ठाकुर एवं रवि शर्मा ने भी सम्बोधित किया।

## प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षा अधिकारियों को नव वर्ष की दी बधाई एवं शिक्षकों की समस्याओं से कराया अवगत

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रतिनिधि मंडल ने शुक्रवार को जिलाध्यक्ष सर्वेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक बेसिक बुद्ध प्रिय सिंह , जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री विमलेश कुमार जी व वित्त एवं लेखाधिकारी सुश्री रूबी सिंह से मिलकर नव वर्ष की बधाई दी व शिक्षक समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की अधिकारियों ने विभिन्न समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया ।प्रतिनिधि मंडल में डॉ नीरज शर्मा, धर्मेंद्र प्रताप सिंह, डॉ कपिल सिरोही, प्रदीप कुमार शर्मा, सुरजीत यादव, वीर सिंह, अरुण कुमार,त्रिवेंद्र कुमार, सुख स्वरूप गुप्ता, नरेंद्र सिंह, अवधेश कुमार आदि उपस्थित रहें।




# बीएमजी इंटर कॉलेज में हुई,प्रबन्ध समिति की बैठक

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चंदौसी।** शुक्रवार को नगर के संभल गेट स्थित बीएमजी इंटर कॉलेज मेंदोपहर लगभग 12 बजे करीब प्रबन्ध समिति की एक साधारण बैठक नामित सदस्य पंकज शर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न की गई। बैठक में छात्राओं एवं विद्यालय के हितो पर चर्चा की गई। जिसमें निम्नांकित पदाधिकारी एवं सदस्य गण उपस्थित रहें। लता वार्ष्णेय अवैतनिक मंत्री, पंकज शर्मा नामित सदस्य,संगीता भार्गव नामित सदस्या,संचिन्द्र, सदस्य,अमन पदेन सदस्य, जाकिर सलमानी, सुलेखा,सीमा सागर कार्यवाहक प्रधानाचार्या, बीना देवी शिक्षिका प्रतिनिधि,स्नेहलता भारद्वाज आदि।



## घर पर सोलर प्लांट लगवाने पर मिलेगी छूट

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का लाभ लेकर घर की छत पर सोलर प्लांट लगवा सकते हैं। योजना में लाभार्थियों को छूट मिलेगी। वरिष्ठ परियोजना अधिकारी ने बताया कि यूपीनेडा की ओर से उपभोक्ताओं के घर की छत पर ऑनग्रिड सोलर प्लांट की स्थापना की जा रही है। इसके लिए www. pmsuryaghar. org.in पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। इसके बाद यूपीनेडा अधिकृत वेंडर की मदद से सोलर रूफटॉप संयंत्र की स्थापना कराएगा। एक किलोवाट के कनेक्शन पर 45 हजार की सब्सिडी सरकार से मिलेगी। इससे अधिक वाट का कनेक्शन लेने पर सब्सिडी भी बढ़ जाएगी। लाभार्थियों को सब्सिडी संयंत्र की स्थापना के एक माह के भीतर बैंक खाते में दी जाएगी।




## महावीर के खिलाफ महिला से छेड़खानी का मुकदमा दर्ज

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई ) ।** थाना छेत्र के गांव निवासी महिला का कहना है कि 1जनबरी को रात के समय करीब 9:30 बजे वह घर पर अकेली थी पति काम से बाहर गये थे तभी गाँव का महावीर पुत्र कर्म सिंह कमरे मे घुसा गया और पीछे से कोली भरकर छेडखानी व अश्लील हरकते करने लगा। चिल्लाने व शोर मचाने पर सास व देवरानी आ गई और पति भी पहुंच गए। सभी ने मिलकर आरोपी को पकड़ लिया और पुलिस को सौंप दिया पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की है।

## पिकअप की टक्कर से अयान की मौत: पिकअप चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई) ।** युसुफ पुत्र हफीज अहमद निवासी दाढी महमूदपुर के भाई का लडका अयान पुत्र फारुख व कबीर पुत्र कय्यूम निवासी ग्रांम दबका थाना अमरोहा देहात उमरी चौराहे से वाइक पर अपने घर जा रहे थे अचानक उसी तरफ से आ रही एक पिकअप गाडी सं0 वढ21ऊळ4976 ने स्कूल के सामने टक्कर मार दी जिसमें अयान पुत्र फारुख की मौके पर मृत्यु हो गई। तथा कबीर पुत्र कय्यूम को काफी चोट आई जिसको इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया पिकअप का ड्राइवर मौके से भाग गया पुलिस ने यूसुफ की तहरीर पर पिकअप चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

## स्पोर्ट्स हॉस्टल बनकर तैयार, प्रतिभा निखार सकेंगे खिलाड़ी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्पोर्ट्स स्टेडियम सोनकपुर में 60 बेड का स्पोर्ट्स हॉस्टल बनकर तैयार हो गया है। हॉस्टल खेल विभाग को हस्तांतरित कर दिया जाएगा। दूरदराज से आने वाले खिलाड़ी अब हॉस्टल में रुक कर अपनी प्रतिभा निखार सकेंगे।शासन ने सोनकपुर स्टेडियम में स्पोर्ट्स हॉस्टल बनाने के लिए 5.12 करोड़ की धनराशि जारी की थी।

दो मंजिला हॉस्टल के निर्माण की जिम्मेदारी उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ को दी गई थी। कार्यदायी संस्था ने 12 अगस्त 2023 को निर्माण कार्य शुरू किया था। 11 अप्रैल 2025 तक हॉस्टल निर्माण का समय था लेकिन संस्था ने समय से पहले ही निर्माण कार्य पूरा कर लिया।60 बेड के हॉस्टल में 24 महिला और 36 पुरुष खिलाड़ी रुक सकेंगे। हॉस्टल में सभी सुविधाओं के इंतजाम पूरे कर लिए गए हैं। पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता ने निर्माण में लगे सामान की जांच की थी। इसके बाद डीएम के निर्देश पर डीडीओ गोविंद बल्लभ पाठक ने दिसंबर में स्पोर्ट्स हॉस्टल की जांच की।

डीडीओ ने दोनों यूनिट के निर्माण कार्यों को संतोषजनक पाया और अधूरे कार्यों को करने के निर्देश दिए। इस मामले में डीडीओ ने अपनी रिपोर्ट डीएम को सौंप दी है। ांच के बाद निर्माण में लगे ठेकेदार ने कार्य तेज कर दिया। हॉस्टल में वायरिंग और पुट्टी का काम भी अब पूरा हो गया है। सहकारी संघ के अवर अभियंता मुकेश सिंह राणा ने बताया कि निर्माण कार्य पूरा हो गया है।

तीन दिन बाद हॉस्टल खेल विभाग के सुपुर्द कर दिया जाएगा। यहां खिलाड़ियों के रहने के लिए दोनों यूनिट तैयार हो गई है।



## मिशन शक्ति अभियान: बालिकाओं को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं एवं हेल्प नंबर से कराया अवगत

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** मिशन शक्ति अभियान पेज 5 के अंतर्गत शुक्रवार को बालिकाओं को 90 दिवसीय चल रहे हैं अभियान गरुड़,ऑपरेशन शील्ड, ऑपरेशन टेस्ट,राय ऑपरेशन, शील्ड ऑपरेशन, बचपन ऑपरेशन, खोज ऑपरेशन, मजनू ऑपरेशन, नशा मुक्ति ऑपरेशन, रक्षा ऑपरेशन एवं ईगल के संबंध मे किसान कन्या इंटर कॉलेज भीकनपुर में बालिकाओं को शक्ति दीदी अभियान के अंतर्गत गुड टच बेड टच के बारे में जानकारी दी तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं जैसे विधवा पेंशन,वृद्धा पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना,कन्या सुमंगलम योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, आदि से अवगत कराते हुए महिलाओं को उनकी सुरक्षा एवं सम्मान के प्रति जागरुक करते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबर हो जैसे 1090 वूमेन पावर घरेलू हिंसा 181 आपातकालीन आपातकालीन सेवा 112 स्वास्थ्य सेवा 108 102 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076 चाइल्ड केयर 1098 साइबर क्राइम 1930 करोड़ों हेल्पलाइन 1075 आदि के बारे में जागरूक किया गया ' कार्यक्रम में थाना छजलैट उपनिरीक्षक रेखा श्रीवास्तव,उप निरिक्षक दीपिका सिंह व आरक्षी अमित कुमार आदि मौजूद थे ।



## पारिवारिक लाभ योजना: 912 लाभार्थियों के लिए मांगी धनराशि

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** पति के जान गंवाने के बाद महिलाएं पारिवारिक लाभ योजना की मदद को दर-दर भटक रहीं हैं। धनाभाव की वजह से विभाग परेशान है, जबकि सैकड़ों आवेदक शासन की ओर आस लगाए बैठे हैं । इस बात की चिंता सता रही है कि कहीं वित्तीय वर्ष गुजर न जाए। इस मद में सरकारी सहायता घटना वर्ष के भीतर ही संभव होती है। पारिवारिक लाभ योजना के तहत हुए आवेदनों को धनाभाव से गुजरना पड़ रहा है। इस योजना में 18 से 60 वर्ष की उम्र में महिला पति की मौत के बाद सरकारी सहायता मांग सकती है। समाज कल्याण विभाग राज्य और केंद्र सरकार के सहयोग से इस मद का भुगतान कराता है। पात्र को इस मद में 30,000 हजार रुपये की सहायता मिलती है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में यह योजना समान रूप से लागू है। सामान्य, अनुसूचित जाति-जन जाति, अन्य पिछड़ा, अल्पसंख्यक के लिए आवेदन पत्र स्वीकार होते हैं। ग्रामीण क्षेत्र की आवेदक की सालाना आय 46,080 और शहरी के लिए 56,460 रुपये तय है।जिले में अभी भी मात्र 2710 आवेदनों का ही निस्तारण हो पाया है। 3867 आवेदन की तुलना में 2710 को मदद मिल पाई है।




## स्कूली वाहनों में सीसीटीवी कैमरे ना लगने पर अब होगी कठोर कार्रवाई

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** प्रदेश सरकार ने स्कूली - छात्र छात्राओं की सुरक्षा को लेकर सराहनीय कदम उठाया है। योगी सरकार बच्चों को स्कूल - लाने ले जाने वाली स्कूल स्कूल वैन में CCTV - लगाना अनिवार्य करने जा रही है ।परिवहन प्रमुख सचिव द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है कि यह प्रावधान राजपत्र में अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख के तीन महीने बाद लागू होगा. राज्य सरकार द्वारा 29 दिसंबर को जारी एक पत्र के अनुसार, स्कूली बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अब राज्य के सभी स्कूल वैन में सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य हैं यह प्रावधान उत्तर प्रदेश मोटर वाहन नियमावली में पहले से मौजूद है और कुछ स्कूल वैन में सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं. अब नोटिफिकेशन में राज्य के सभी स्कूल वैन में सीसीटीवी कैमरे लगाने की समय सीमा तय कर दी गई है. इन्हें लगवाने के लिए वाहन मालिकों और स्कूल संचालकों को तीन महीने का समय दिया जाएगा. नियमों का उल्लघंन करने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी ।



## प्रदेश का पहला आधुनिक मेमोरियल वार: मेमोरियल में दिखेगी 1947 से अब तक के बलिदानी जवानों की शौर्य गाथा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** मुरादाबाद में दिल्ली की तर्ज पर बनने वाले अत्याधुनिक वार मेमोरियल का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। नगर निगम के अधिकारियों का दावा है कि मार्च तक वार मेमोरियल बनकर तैयार हो जाएगा। वार मेमोरियल का निर्माण कार्य गाजियाबाद की एक कंपनी कर रही है। बाउंड्री निर्माण का काम शुरू हो गया। नगर निगम का दावा है कि यह वार मेमोरियल बेहद आधुनिक होगा। वार मेमोरियल में 48 सीटें लगाई जाएंगी। जहां लोग बैठकर सिम्युलेटर की मदद से दृश्यों को न सिर्फ देख सकेंगे बल्कि उसे महसूस भी कर सकेंगे। इसमें दर्शकों को 1947 से लेकर अब तक के बलिदानी जवानों के शौर्य की गाथा दिखाई देगी। साथ ही मेमोरियल में लोग सेना के आधुनिक एवं प्राचीन हथियार, टैंक आदि भी देख सकेंगे।

वार मेमोरियल में लाइट एंड साउंड शो और अंडर गैलरी भी बनाई जाएगी। उसमें भारतीय सेना के शौर्य से जुड़ी यादों को दिखाया जाएगा। साथ ही हथियार और युद्ध ऑपरेशन के बारे में भी लोग जानकारी हासिल कर सकेंगे। वार मेमोरियल पर करीब 22 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

वार मेमोरियल देखने के लिए लगेगा टिकट: दर्शकों को वार मेमोरियल में घूमने के लिए टिकट लेना होगा, जिसका इस्तेमाल नगर निगम वार मेमोरियल के रख-रखाव पर करेगा। नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल के अनुसार वार मेमोरियल के निर्माण कार्य की रोजाना समीक्षा की जाएगी।30 मार्च तक निर्माण कार्य पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। उसके बाद मेमोरियल का भव्य समारोह में उद्घाटन कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह प्रदेश का पहला आधुनिक वार मेमोरियल होगा। यहां लोग डिजिटल माध्यम से सेना के शौर्य की जानकारी हासिल कर सकेंगे।



## आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में 16, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में 74, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 93 जांच की सुविधा अब मरीजों को निशुल्क प्राप्त होगी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** सरकार ने ग्रामीण भारत की सेहत सुधारने पर ध्यान केंद्रित करते हुए देशभर के स्वास्थ्य केंद्रों पर मौजूदा चिकित्सा जांच सुविधाओं में विस्तार की योजना बनाई है। इसके तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर लोगों को 74 तरह की जांच सुविधाएं मिल सकेंगी। इससे एक्सरे, ईसीजी से लेकर लिवर, किडनी, ब्लड प्रोफाइल के अलावा टीबी, सिकलसेल, स्क्रब टाइफस जैसे संक्रमण की जांच की सुविधा निशुल्क उपलब्ध होगी। अभी तक इनमें से कुछ ही सुविधाएं स्वास्थ्य केंद्रों पर मिलती हैं।

गांव और कस्बों तक सरकारी चिकित्सा सेवाओं के विस्तार के लिए सरकार ने राष्ट्रीय आवश्यक निदान सूची को संशोधित किया है। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने संशोधित सूची का मसौदा जारी करके इस पर सभी हितधारकों के सुझाव भी मांगे हैं। कुल 25 पेज की सूची में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जिला अस्पताल और आयुष्मान भारत आरोग्य मंदिर सभी केंद्रों पर मिलने वाली निशुल्क जांच सुविधाओं का विस्तार किया गया है। उदाहरण के तौर पर आयुष्मान भारत आरोग्य मंदिरों में 16, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में 74, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में 93 और जिला अस्पतालों में 171 तरह की जांच सुविधाएं पूरी तरह निशुल्क होंगी। इनमें वे सभी जांच शामिल हैं जो सामान्य तौर पर किसी रोग का पता लगाने के लिए बड़े या छोटे शहरों में की जाती हैं, लेकिन कम आबादी वाले या दुर्गम क्षेत्रों में उपलब्ध नहीं हैं। आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में अभी 12 तरह की स्वास्थ्य सुविधाएं मिलती हैं। मरीजों को ई-संजीवनी योजना के तहत डॉक्टर की सलाह वीडियो कॉल पर दिलाई जा रही है। नई सूची के तहत यहां हेपेटाइटिस संक्रमण के परीक्षण की सुविधा भी मिलेगी।नई सूची के तहत, देश के प्रत्येक गांव में नौ स्वास्थ्य जांच सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। ग्राम स्तर पर परीक्षणों की सूची में ब्लड ग्लूकोज, मलेरिया, परिधीय रक्त स्मीयर (फाइलेरियासिस के लिए गाढ़ा स्मीयर), एचआईवी और सिफलिस स्क्रीनिंग, टीबी के लिए बलगम जांच और रक्त के जरिये टीबी संक्रमण परीक्षण (टीएसटी/साइ-टीबी) जांच शामिल हैं। इनके अलावा, यूरिन एल्बुमिन और ग्लूकोज, यूरिन गर्भावस्था परीक्षण और परिधीय रक्त स्मीयर के लिए स्लाइड टेस्ट भी शामिल हैं।




## कांठ का न्यूनतम तापमान शिमला से भी कम रहा, बर्फीली हवा से गलन में बढ़ोतरी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** नए साल के तीसरे दिन यहां भीषण ठंड रही। मुरादाबाद का न्यूनतम तापमान हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला से भी कम रहा लोगों को शिमला से ज्यादा ठंड का अहसास हो गया।

### 6 एवं 7 जनवरी को बारिश की संभावना

मुरादाबाद में न्यूनतम तापमान 8.7 डिग्री व शिमला में 9.6 डिग्री दर्ज किया गया।

लोग दिनभर गलन के कारण परेशान रहे। ठंडी हवा ने दिन में भी मफलर, दस्ताने व सिर पर कैप पहनने को मजबूर किया। एक तरफ अस्पतालों में वायरल के मरीज बढ़ने लगे तो दूसरी ओर बसों में यात्री कम हो गए हैं। गलन और ठिठुरन की वजह से जीवन अस्त-व्यस्त हो गया। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 15.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 2.1 डिग्री सेल्सियस कम रहा। वहीं न्यूनतम तापमान 8.7 डिग्री सेल्सियस था, जो सामान्य से 0.2 डिग्री सेल्सियस कम रहा। धूप के लिए दिनभर लोग इंतजार करते रहे लेकिन 3:00 बजे के बाद सूर्य की कुछ किरणें देखने को मिली । मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार अभी राहत मिलने के आसार नहीं हैं। मौसम विभाग के विशेषज्ञों का कहना है कि पांच जनवरी तक ठिठुरन ऐसे ही रहेगी। छह जनवरी को हल्की बारिश के आसार हैं, जिससे ठंड बढ़ेगी। पिछले तीन दिन से चल रही सर्द पछुआ हवा ने ठिठुरन बढ़ा दी है। नए साल में शुरू हुआ यह सिलसिला जारी रहा। पूरे दिन बर्फीली हवा से गलन में बढ़ोतरी हुई और लोग परेशान नजर आए' ठंड के मौसम ने अपने तेवर तीखे कर लिए। आने वाले दिनों में बारिश होने की संभावना जाहिर की गई है जिससे ठंड और ज्यादा बढ़ने के आसार हैं।मौसम विभाग के अनुसार नया पश्चिमी विक्षोभ पांच जनवरी को मुरादाबाद और आसपास के क्षेत्रों में दस्तक दे सकता है, जिसके असर से छह जनवरी को आसमान पर मध्यम से घने बादल छा सकते हैं।

छह और सात जनवरी को हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना जाहिर की गई है। मौसम विभाग पूवार्नुमान के अनुसार शनिवार को मध्यान्ह के समय तक जमीन से आसमान तक कोहरे की चादर फैली रह सकती है जिसके चलते हल्की धूप दोपहर के समय ही निकल सकती है। आज दिन का अधिकतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच सकता है।



**खुलासा**

### हत्यारे ने कई बार प्रयास के बाद की थी अधिवक्ता की हत्या

# अधिवक्ता सतपाल सिंह राणा के हत्यारो का पुलिस अधीक्षक ने किया खुलासा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चंदौसी।** बहजोई ग्राम कनेटा के रहने वाले अधिवक्ता सतपाल सिंह राणा की 18 दिसंबर को दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी थी। जिसमें परिवार के लोगों ने हत्यारो के खिलाफ मुकदमा लिखवाया था। जिस पर हत्यारो की गिरफ्तारी में देरी होने को पर लगातार चंदौसी बहजोई के सभी अधिवक्ताओं द्वारा साथी अधिवक्ता सतपाल सिंह राणा के हत्यारो की जल्द गिरफ्तारी को लेकर घटना के दिन से ही लगातार विरोध प्रदर्शन किया जा रहा था साथ ही प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा हत्यारो की जल्द गिरफ्तारी का आश्वासन भी लगातार दिया जा रहा था जिसको लेकर अधिवक्ताओं में भारी रोष था। लेकिन शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल कृष्ण कुमार एवं अपर पुलिस अधीक्षक अनुकृति शर्मा के कुशल निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी दीपक कुमार के कुशल नेतृत्व में उक्त घटना के अनावरण हेतु लगभग 15 दिन कठिन परिश्रम कर वास्तविक अभियुक्तों का पता कर घटना का सफल अनावरण किया गया। पकड़े गए अभियुक्तो में से पूछताछ करने पर लाखन पुत्र राम सिंह ने बताया कि मैंने अपनी पुत्री तुलसी की शादी अधिवक्ता सतपाल सिंह राणा के साले गेंदनलाल के लड़के मोहित से 03 साल पहले की थी। शादी के कुछ दिन बाद ही मोहित व उसके परिवार वाले दहेज के लिये मेरी पुत्री को प्रताडित करने लगे, जिसके बाद मैं अपनी पुत्री को घर वापस ले आया। मेरे द्वारा मोहित व उसके परिवार के खिलाफ दहेज का मुकदमा लिखवाया था, जिसमें मोहित के परिवार वालो ने दबाब बनाकर फैसले के लिये कहा तो 02 वर्ष पहले बहजोई में एक स्थान पर दोनो पक्षो के बीच कुछ शर्तों पर फैसला हुआ कि जो शादी में दहेज दिया था वह दहेज वापस ले जायेगे तथा बुलेट मोटर साइकिल के बदले 2.5 लाख रुपए तय हुये इसके अलावा 17 लाख रुपये और जो शादी में खर्च हुये थे तय हुये 9 लाख रुपए मौके पर मोहित के पिता गेंदनलाल ने गिरराज प्रधान कनेटा के पास रखवा दिये थे कि हम मुकदमा वापस ले लेगे तो 9 लाख रुपए गिरराज हमें वापस दे देगा तथा 8 लाख रुपए बाद में देने की बात हुई थी जिसके बाद मैंने कई बार रुपए देने के लिये कहा लेकिन सत्यपाल ने कोई रूपया नहीं देने दिया गेंदनलाल का बहनोई सत्यपाल वकील ने ही मेरी पुत्री की शादी अपने साले के लड़के मोहित से करायी थी मुझे बाद में पता चला की मोहित शादी नहीं करना चाहता था, लेकिन सत्यपाल ने जबरन शादी करायी थी। सत्यपाल वकील ही सारे मुकदमें की पैरवी कर रहा था और पैसे भी नहीं देने दे रहा था। मैं सत्यपाल से बहुत परेशान हो गया था। उसी बीच मेरी मुलाकात एक शादी समारोह में शंकरदादापुत्र रामस्वरूप निवासी ग्राम दारापुर थाना हल्दुआगंज जनपद अलीगढ से हुई थी। मैंने अपनी सारी परेशानी शंकर दादा को बताई तो उन्होंने ने कहा की परेशान मत हो हम सत्यपाल वकील को रास्ते से हटा देगे, जिस पर मेरी शंकर दादा से सत्यपाल वकील की हत्या कराने के लिये 4 लाख रुपए तय हुये, जिसमें 1 लाख रुपए मैने पहले दे दिये और 3 लाख रुपए काम होने के बाद दिये जाने थे। शंकर दादा ने मेरी मुलाकात प्रकाश से करायी थी और बताया था कि यही काम करेगा। मैं घटना से पहले शंकर दादा, प्रकाश के साथ बहजोई आया था और प्रकाश, शंकर दादा को सत्यपाल वकील का घर व गांव का रास्ता दिखाया था। तथा सत्यपाल की पहचान कराकर वापस गया था घटना से पहले भी प्रकाश, शंकर दादा 05 बार बहजोई सत्यपाल को मारने आये थे, लेकिन मौका नही मिला था। जिस पर दिनांक 18 दिसंबर को प्रकाश, सुशील को साथ लेकर बहजोई आया। प्रकाश और सुशील के द्वारा सत्यपाल वकील को गोली मारकर हत्या की गयी थी।

जिस का शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक द्वारा हत्या का खुलासा किया गया जिसमें लाखन पुत्र राम सिंह निवासी कस्बा व थाना हरनागंज जिला अलीगढ़।सुशील पुत्र तालेवर सिंह ग्राम नंगला मोनी थाना लोधा जिला अलीगढ़। प्रकाश पुत्र राम बाबू निवासी पुलिस चौकी जलालपुर थाना रोरावर जनपद अलीगढ़।



# ऑफ शोल्डर ड्रेस में साउथ की हसीना मालविका मोहनन ने ढाया कहर, एक्ट्रेस की हॉटनेस देख दिल हार गए फैंस



साउथ एक्ट्रेस मालविका मोहनन आए दिन अपने ग्लैमरस और बोल्ड लुक्स से सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटौरती रहती हैं। उनका बोल्ड और कातिलाना अवतार इंटरनेट पर आते ही ट्रेंड करने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर की हैं, जिसमें उनका गॉर्जियस लुक देखकर फैंस एक बार फिर से उनकी तारीफों के पुल बांधते नहीं थक रहे हैं। तमिल सिनेमा की पॉपुलर एक्ट्रेस मालविका मोहनन अपने शानदार और ग्लैमरस लुक्स के लिए जानी जाती हैं। उनका हर एक अंदाज इंटरनेट पर आते ही ट्रेंड करने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन फोटोज में उनका कातिलाना अवतार देखकर फैंस एक बार फिर से बेकाबू हो गए हैं। एक्ट्रेस मालविका मोहनन ने लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान व्हाइट कलर का बॉडीकॉन आउटफिट पहना हुआ है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक किलर पोज दे रही हैं। खुले बाल, कानों में इयररिंग्स और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस मालविका मोहनन ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है।

बता दें कि एक्ट्रेस को फिल्म युध्रा में देखा गया था। इस फिल्म में एक्ट्रेस ने अहम किरदार निभाया था। दर्शकों ने इस मूवी में उनकी एक्टिंग को भी काफी पसंद किया था।

मालविका मोहनन सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी जबरदस्त है।

# बॉक्स ऑफिस पर वरुण धवन की बेबी जॉन की हालत खराब, अपने 160 करोड़ के बजट का 20 प्रतिशत वसूलने में कामयाब रही फिल्म



वरुण धवन की नई फिल्म एक्शन फिल्म बेबी जॉन दर्शकों का दिल जीतने में नाकाम साबित हो रही है. यह बॉक्स ऑफिस पर पुष्पा 2, मुफासा, मैक्स, मार्को, वनवास जैसी नई फिल्मों की रिलीज से टकरा रही है. तमाम कॉम्पिटिशन के बाद भी 160 करोड़ के बजट वाली इस फिल्म ने 20 प्रतिशत वसूल लिए है.

रिलीज के सातवें दिन, वरुण धवन -स्टारर ने अपने कलेक्शन में मामूली वृद्धि देखी. इंडस्ट्री ट्रैकर सैकनिल्क के अनुसार, फिल्म ने भारत में लगभग 2.15 करोड़ रुपये की कमाई की. फिल्म ने ओपनिंग डे पर 11.25 करोड़ रुपये कमाए, इसके बाद से फिल्म 5 करोड़ रुपये का भी आंकड़ा नहीं पार कर पाई है. दूसरे दिन फिल्म ने 4.75 करोड़, तीसरे दिन 3.65 करोड़, चौथे दिन 4.25 करोड़ रुपये कमाए।

पहले संडे को इसके कलेक्शन में मामूली बढ़ोतरी देखी गई. इसने 5वें दिन 4.75 करोड़ रुपये. छठे दिन बेबी जॉन की कमाई सबसे कम रही. इस दिन इसने मात्र 1.85 करोड़ रुपये ही कमाए. इसके साथ बेबी जॉन का कुल ग्रॉस कलेक्शन 32.65 करोड़ रुपये हो गया है. यह इस समय वरुण के करियर की सबसे कम कमाई करने वाली फिल्म है।


सैकनिल्क के मुताबिक, फिल्म ने दुनियाभर में 45.1 करोड़ रुपये कमाए हैं. बेबी जॉन 160 करोड़ रुपये के बजट में बनी है और ट्रेड प्रेडिक्शन के मुताबिक, इसका लाइफटाइम कलेक्शन 60 करोड़ रुपये रहने की संभावना है।

बेबी जॉन पर पुष्पा 2 और मुफासा का असर पड़ा है. कलीज की निर्देशित बेबी जॉन का बजट 160 करोड़ रुपये है और यह अपने पूरे बजट का केवल 20 प्रतिशत ही वसूल कर पाई है. ऐसा लगता है कि फिल्म के लिए अपना पूरा बजट वसूल कर पाना बहुत मुश्किल काम है।

# 2024 के बाद सीरत कपूर एक केंद्रित 2025 के लिए पूरी तरह तैयार हैं

जैसे ही नया साल शुरू हुआ, अभिनेत्री सीरत कपूर ने पिछले साल पर विचार करते हुए अपनी आगामी योजनाओं को साझा किया। अपनी प्रतिभा, दृढ़ता और गरिमा के लिए जानी जाने वाली सीरत ने 2024 में मिले अनुभवों और अवसरों के लिए गहरी कृतज्ञता व्यक्त की। हालांकि, वह अपनी उपलब्धियों पर रुकने वाली नहीं हैं।

बहुमुखी अभिनेत्री ने 2025 को और भी प्रभावशाली बनाने के लिए समग्र विकास–शारीरिक और मानसिक दोनों–पर ध्यान केंद्रित करने का निश्चय किया है। उन्होंने अपने प्रशंसकों को अपनी प्रेरणा और समर्थन का सबसे बड़ा स्त्रोत माना है। 2025 की अपनी दृष्टि पर बोलते हुए, सीरत कहती हैं, 2025



मेरे लिए और भी प्रेरणादायक और फलदायी होगा।

इस साल मेरा ध्यान स्पष्ट है–मैं और कड़ी मेहनत करना चाहती हूं, निरंतर विकास करना चाहती हूं और अपने मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना चाहती हूं। अपने पेशेवर लक्ष्यों और व्यक्तिगत कल्याण के बीच संतुलन बनाए रखना मेरे लिए महत्वपूर्ण है और मैं आने वाली चुनौतियों के लिए तैयार हूं।

सीरत कपूर 2025 में एक नई सोच और ट्रांसफॉर्मेटिव दृष्टिकोण के साथ कदम रख रही हैं। अभिनेत्री ने अपने करियर को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की योजना बनाई है। स्व-देखभाल उनके लिए अनिवार्य है। 2024 सीरत के लिए व्यस्त और चुनौतीपूर्ण वर्ष रहा, जिसमें उन्होंने ऐसे प्रोजेक्ट्स किए जो न केवल एक कलाकार के रूप में उनकी क्षमताओं को परखा, बल्कि उनके प्रशंसकों के साथ उनके जुड़ाव को और भी मजबूत किया।

जैसे ही वह आने वाले साल के लिए अपनी योजनाओं को आकार देती हैं, सीरत भविष्य के अफसरों के प्रति आशान्वित हैं। वह मेहनत करने, नए प्रतिमानों को तोड़ने और एक व्यक्ति और कलाकार के रूप में निरंतर विकसित होने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। अपने दिल से लिखे गए संदेश को समाप्त करते हुए, सीरत अपने प्रशंसकों और शुभचिंतकों के लिए शुभकामनाएं देते हैं। आप सभी को नए साल की हार्दिक शुभकामनाएं। भगवान आपको और आपके प्रियजनों को खुशियों और अच्छे स्वास्थ्य से आशीर्वाद दें। आइए, 2025 को एक यादगार वर्ष बनाएं! अपनी जमीन से जुड़ी सोच और अटूट प्रतिबद्धता के साथ, सीरत कपूर नए साल को जीतने और दूसरों को प्रेरित करने के लिए तैयार हैं। आइए, 2025 के लिए उनकी और हमारी सफलता का जश्न मनाएं!

# बॉक्स ऑफिस पर पुष्पा 2 का शानदार प्रदर्शन चौथे सप्ताह में भी जारी

अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना स्टारर फिल्म पुष्पा 2: द रूल को बॉक्स ऑफिस पर रिलीज हुए 27 दिन हो गए हैं. इन दिनों पुष्पा 2 ने रिकॉर्ड तोड़ कमाई की है और यह अभी भी सिनेमाघरों में धमाल मचा रही है. यह बॉक्स ऑफिस पर मुफासा, मैक्स, मार्को, वनवास और बेबी जॉन जैसी कई नई फिल्मों की रिलीज को टक्कर दे रही है. हालांकि पिछले दो दिनों से इसके कलेक्शन ग्राफ में गिरावट दर्ज की गई है. चौथे वीक में सुकुमार की निर्देशित फिल्म सिंगल डिजिट में कमाई कर रही है। सैकनिल्क के अनुसार, चौथे सप्ताह में पुष्पा 2 के कलेक्शन में थोड़ी गिरावट देखी गई है. चौथे रविवार के बाद फिल्म ने सोमवार को सिंगल डिजिट में कमाई की. इसने 26वें दिन 6.8 करोड़ रुपये का बिजनेस किया. यह फिल्म की अब तक की सबसे कम कमाई रही है. वहीं 27वें दिन अल्लू अर्जुन की फिल्म में 12.50 प्रतिशत का उछाल देखा गया, इसके बावजूद यह सिंगल डिजिट तक ही सीमित रहा. चौथे मंगलवार को पुष्पा 2 ने भारत में सभी भाषाओं में 7.65 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है. 27 दिनों के बाद फिल्म का कुल कलेक्शन 1171.45 करोड़



रुपये हो गए हैं। पुष्पा 2 हिंदी बेल्ट में अच्छी कमाई की है. फिल्म ने 775 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई कर लगी है. 27वें दिन पुष्पा 2 ने हिंदी बॉक्स ऑफिस पर 6.25 करोड़ रुपये कमाए. जबकि तेलुगू में इसने 1.17 करोड़ रुपये कमाए हैं. मेकर्स के अनुसार, 25वें दिन इसने0 770.25 करोड़ रुपये कमाए, जबकि 26वें दिन 5.5 करोड़ रुपये का बिजनेस किया. 27 दिनों में सुकुमार की फिल्म ने हिंदी बेल्ट में कुल 782 करोड़ रुपये कमा लिए हैं. यह धीरे-धीरे 800 करोड़ के क्लब की ओर बढ़ रही हैं।

पुष्पा 2 ने दुनियाभर में 25 दिनों में 1760 करोड़ रुपये कमाए है. यह साउथ रिबेल स्टार प्रभास की ब्लॉकबस्टर फिल्म बाहुबली 2 को पछाड़ने के लिए तैयार है. पुष्पा 2 में अल्लू अर्जुन, रश्मिका मंदाना, फहद फासिल, जगपति बाबू और राव रमेश महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं. सुकुमार की निर्देशित फिल्म 5 दिसंबर को तेलुगू, हिंदी, तमिल, कन्नड़, मलयालम समेत कई भाषाओं में रिलीज हुई।

# सर्दियों में कपड़े सुखाने में हो रही है परेशानी? इन 5 प्रभावी तरीकों को आजमाएं

सर्दियों में कपड़े सुखाना एक बड़ी चुनौती बन जाता है, खासकर जब धूप कम होती है। इस मौसम में नमी और ठंड के कारण कपड़े जल्दी नहीं सूखते हैं, जिससे बदबू और फंगस की समस्या हो सकती है। हालांकि, चिंता न करें क्योंकि कुछ आसान उपायों से आप बिना धूप के भी अपने कपड़ों को जल्दी और सही तरीके से सुखा सकते हैं। ये टिप्स हर किसी के लिए उपयोगी हैं, चाहे आप घर पर हों या बाहर।




**टॉवल रोलिंग तकनीक अपनाएं**

गीले कपड़ों को जल्दी सुखाने के लिए टॉवल रोलिंग तकनीक एक बहुत उपयोगी तरीका है। इसके लिए आपको एक बड़ा सूखा तौलिया लेना होगा और उसमें गीला कपड़ा अच्छी तरह से लपेटना होगा, फिर इसे कसकर रोल करें ताकि तौलिया अतिरिक्त पानी को सोख लें। इस प्रक्रिया से आपके कपड़ों की नमी काफी हद तक कम हो जाएगी, जिससे वे जल्दी सूख जाएंगे। यह तरीका खासतौर पर तब काम आता है जब धूप नहीं होती।

**ड्रायर रैक का इस्तेमाल करें**

ड्रायर रैक एक शानदार विकल्प है जब आपको बिना धूप के कपड़े सुखाने होते हैं। इसे घर के अंदर किसी हवादार जगह पर रखें, जहां हवा का प्रवाह अच्छा हो। ड्रायर रैक पर अलग-अलग स्तर होते हैं, जिन पर आप अपने सभी प्रकार के छोटे-बड़े कपड़े फैला सकते हैं। इससे कपड़े समान रूप से सूखते हैं और नमी जल्दी खत्म होती है। यह तरीका खासतौर पर तब उपयोगी होता है जब बाहर मौसम खराब हो और धूप न मिले।

**पंखे की मदद लें**

पंखे की मदद से आप अपने गीले कपड़ों को जल्दी सुखा सकते हैं। इसके लिए पंखे को तेज गति पर चलाएं और उसके सामने या नीचे अपने गीले कपड़े फैलाएं। इससे हवा सीधे कपड़ों पर लगेगी और वे जल्दी सूख जाएंगे। यह तरीका तब बहुत काम आता है जब आपके पास समय कम हो और धूप का इंतजार नहीं कर सकते। ध्यान रखें कि कपड़े फैलाते समय उन्हें अच्छी तरह से फैला लें।

**हीटर का इस्तेमाल करें**

हीटर का उपयोग करके आप अपने कमरे का तापमान बढ़ा सकते हैं, जिससे आपके गीले कपड़े जल्दी सूख जाएंगे। हीटर को सुरक्षित दूरी पर रखें ताकि कोई दुर्घटना न हो। इसके साथ ही कमरे की खिड़कियां थोड़ी खुली रखें ताकि हवा का प्रवाह बना रहे और नमी बाहर निकल सके। ध्यान दें कि हीटर का इस्तेमाल करते समय बिजली की खपत बढ़ सकती है इसलिए इसे जरूरत अनुसार ही चलाएं।

**डीह्यूमिडिफायर का प्रयोग करें**

डीह्यूमिडिफायर एक ऐसा उपकरण है, जो कमरे की नमी को कम करता है, जिससे आपके गीले कपड़े तेजी से सूख जाते हैं। इसे उस कमरे में लगाएं जहां आपने अपने कपड़े फैलाए हों ताकि वह वहां की अतिरिक्त नमी सोखे और वातावरण को शुष्क बनाए रखे। इन सरल उपायों को अपनाकर सर्दियों में भी आप आसानी से बिना धूप के अपने कपड़ों को सही तरीके से सुखा सकते हैं।

# शरीर को कई लाभ प्रदान कर सकती है जंपिंग प्लैंक एक्सरसाइज, जानें कैसे

जंपिंग प्लैंक एक्सरसाइज आपके कोर को मजबूत बनाने में मदद कर सकती है। यह न केवल पेट की मांसपेशियों को मजबूत करती है, बल्कि शरीर के संतुलन और स्थिरता में भी सुधार लाती है। इस एक्सरसाइज से हृदय गति बढ़ती है, जिससे कैलोरी बर्न होती है। यह सहनशक्ति बढ़ाने का भी एक अच्छा तरीका है क्योंकि इसमें पूरे शरीर का उपयोग होता है। इस लेख में हम जंपिंग प्लैंक के फायदे, सावधानियां और कुछ वैकल्पिक अभ्यासों पर चर्चा करेंगे।



**जंपिंग प्लैंक कैसे करें?**

सबसे पहले सामान्य प्लैंक पोजीशन में आएं, फिर अपने हाथों और पैरों को सीधा रखते हुए शरीर को एक सीधी रेखा में रखें। अब अपने पैरों को कंधे की चौड़ाई से थोड़ा बाहर की ओर कूदें और फिर वापस अंदर लाएं। यह प्रक्रिया लगातार करते रहें। इस दौरान ध्यान रखें कि आपकी पीठ सीधी रहे और पेट अंदर की ओर खिंचा हुआ हो। शुरूआत में इसे 30 सेकंड तक करें और धीरे-धीरे समय बढ़ाएं।

**जंपिंग प्लैंक के फायदे**

जंपिंग प्लैंक आपके शरीर के कई हिस्सों पर काम करता है, खासकर पेट, कंधे और पैर की मांसपेशियों पर। यह एक्सरसाइज हृदय गति को बढ़ाती है, जिससे कैलोरी बर्न होती है और वजन घटाने में मदद मिलती है। इसके अलावा यह आपकी सहनशक्ति बढ़ाने का भी एक अच्छा तरीका है क्योंकि इसमें पूरे शरीर का उपयोग होता है। नियमित रूप से करने पर यह आपकी मुद्रा सुधारने और रीढ़ की हड्डी को मजबूत बनाने में भी सहायक होती है।

**जंपिंग प्लैंक करते समय बरतें ये सावधानियां**


जंपिंग प्लैंक करते समय कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी होता है ताकि चोट लगने से बचा जा सके। सबसे पहले सही फॉर्म का पालन करें। एक्सरसाइज करते समय पीठ सीधी होनी चाहिए और गर्दन आरामदायक स्थिति में होनी चाहिए। अगर आपको किसी प्रकार की पीठ या घुटनों की समस्या हो तो इस एक्सरसाइज से बचें या किसी विशेषज्ञ से सलाह लें। हमेशा अच्छी क्वालिटी वाले मैट का उपयोग करें ताकि फिसलने का खतरा कम हो।

**जंपिंग प्लैंक के साथ अन्य विकल्प आजमाएं**

अगर आप जंपिंग प्लैंक के साथ कुछ विविधता चाहते हैं तो आप साइड टू साइड जंप्स या हाई नीज जैसे अन्य कार्डियो एक्सरसाइज जोड़ सकते हैं, जो समान रूप से प्रभावी होते हैं। इसके अलावा आप बर्पी या माउंटेन क्लाइंबर्स जैसे उच्च तीव्रता वाले एक्सरसाइज भी शामिल कर सकते हैं, जो आपके फिटनेस स्तर को चुनौती देंगे और अधिक कैलोरी बर्न करेंगे। इन सभी विकल्पों के साथ संयोजन करके आप अपनी दिनचर्या को रोचक बना सकते हैं।

# किरण अब्बावरम स्टारर दिलरुबा की टीजर रिलीज डेट से उठा पर्दा, निमार्ताओं नया पोस्टर जारी कर बताई तारीख

किरण अब्बावरम की आने वाली फिल्म दिलरुबा फरवरी 2025 में सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। विश्व करुण द्वारा निर्देशित इस रोमांटिक एक्शन एंटरटेनर में अब्बावरम के साथ रुखसार ढिल्लन भी हैं। शिवम सेल्युलॉइड्स और सारेगामा की ए उडली फिल्म द्वारा निर्मित, दिलरुबा में मनोरंजक कहानी का वादा किया गया है।



दिलरुबा का टीजर 3 जनवरी को रिलीज होने वाला है, जिससे लोगों में उत्सुकता बनी हुई है। किरण अब्बावरम की केए में सफलता के बाद, उम्मीदें बहुत ज्यादा हैं। फिल्म की तकनीकी टीम में एडिटर प्रवीण केएल, सिनेमेटोग्राफर डेनियल विस्वास, संगीतकार सैम सीएस और निमार्ता रवि, जोजो जोस, राकेश रेड्डी और सारेगामा शामिल हैं।

दिलरुबा की कहानी और विश्व करुण के निर्देशन का बेसब्री से इंतजार किया जा रहा है। क्या किरण अब्बावरम अपनी पिछली सफलता को दोहरा पाएंगे? यह फिल्म की फरवरी रिलीज से पता चलेगा।

# सती चरित्र,झड़-भरत चरित्र और ध्रुव चरित्र की कथा सुन भाव-विभोर हुए भक्त

बुलन्द संदेश ब्यूरो





**गुलावठी (बुलंदशहर)।** नगर में कथावाचक पंडित सौनेन्द्र कृष्ण शास्त्री(श्री धाम वृंदावन) वालों के द्वारा श्रीमद् भागवत कथा में तीसरे दिन सती चरित्र, जड़-भरत चरित्र और ध्रुव चरित्र की सुंदर कथाओं का वर्णन किया गया।
कथा में बताया गया कि भगवान शिव की अनुमति लिए बिना उमा अपने पिता दक्ष के यहां आयोजित यज्ञ में पहुंच गईं। यज्ञ में भगवान शिव को निमंत्रण नहीं दिए जाने से कुपित होकर सती ने यज्ञ कुंड में आहुति देकर शरीर त्याग दिया। इससे नाराज शिव के गणों ने राजा दक्ष का यज्ञ विध्वंस कर दिया। इसलिए जहां सम्मान न मिले वहां कदापि नही जाना चाहिए। कथावाचक पंडित सौनेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने बताया कि जब जीव भगवान की तरफ एक कदम बढ़ाता है तो भगवान भी अपने भक्त की ओर दस कदम बढ़ाते हैं और अगर हम लोग भी ध्रुव की तरह भक्ति करें तो हमें भी भगवान की प्राप्ति अवश्य होगी। उन्होंने और कहा कि भागवत कथा का श्रवण करने से कई पापों से मुक्ति मिल जाती है। वही कथा सुनने के लिए आसपास के भक्तगण मौजूद रहे।

# रेडीमेट शर्ट की फैक्ट्री के बाहर रखा जनरेटर का डायनुमा चोरी, दी तहरीर

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** गुरूवार की देर रात कोतवाली क्षेत्र के मो. गढ़ी में चोरों ने रेडीमेट शर्ट बनाने की फैक्ट्री के बाहर रखे जनरेटर के डायनुमा पर हाथ साफ कर दिया। शुक्रवार को फैक्ट्री पहुंचे मालिक को चोरी का पता चला। तो उसने 112 पुलिस को फोन कर सूचना दी। पुलिस ने घटना स्थल से कुछ साक्ष्य एकत्रित कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पीड़ित ने अज्ञात चोरों के खिलाफ कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।
जानकारी के अनुसार परतापुर रोड चुंगी निवासी तस्लीम ने बताया कि मोहल्ला गढ़ी में रेडिमेट शर्ट बनाने की फैक्ट्री है। गुरूवार की रात को करीब 11 बजे फैक्ट्री को बंद करके घर चला गया था। शुक्रवार की सुबह जब फैक्ट्री पहुंचा तो फैक्ट्री के बाहर रखे जनरेटर का डायनुमा गाख्ब मिला। आस पास में देखने पर कुछ पार्ट मौके पर ही पड़े मिले थे। पीड़ित ने बताया कि देर रात को चोरों ने आराम से जनरेटर का डायनुमा खोला और चोरी कर फरार हो गए। जिसके बाद पीड़ित ने 112 पुलिस को फोन कर चोरी की सूचना दी। मौके पर कस्बा चौकी के पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे और घटना स्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य एकत्रित किए है। वहीं पीड़ित ने अज्ञात चोरों के खिलाफ कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।
कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रघुराज सिंह ने बताया कि घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेजों को खंगाला जा रहा है। तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। जल्द ही चोरी की वारदात का पदार्फाश कर चोरों को गिरफ्तार किया जाएगा।


# जापानी प्रतिनिधिमंडल ने एएमयू का दौरा किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**अलीगढ़ ।** टोक्यो विश्वविद्यालय के प्रोफेसर टोमोको मोरीकावा के नेतृत्व में एक जापानी प्रतिनिधिमंडल ने जापान सोसाइटी फॉर प्रमोशन ऑफ साइंस के तत्वावधान में जापानी सरकार द्वारा वित्त पोषित एक संयुक्त कार्यक्रम की संभावनाओं का पता लगाने और चर्चा करने के लिए अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग के उन्नत अध्ययन केंद्र का दौरा किया।जापानी प्रतिनिधिमंडल के अन्य सदस्यों में टोक्यो विश्वविद्यालय के प्रोफेसर रयुतो शिमादा और टोक्यो के ओचनोमिजू विश्वविद्यालय के डॉ. नाओफुमी एबीई शामिल थे।प्रतिनिधिमंडल के साथ बातचीत में एएमयू की कुलपति प्रोफेसर नईमा खातून ने एएमयू और जापानी विश्वविद्यालयों के बीच संयुक्त शैक्षणिक आदान-प्रदान कार्यक्रमों में हर संभव मदद का आश्वासन दिया।प्रो मोरिकावा विद्वानों के जापानी पक्ष का नेतृत्व करेंगे।भारतीय विद्वानों का नेतृत्व करने वाले इतिहास विभाग के प्रोफेसर इशरत आलम ने बताया कि संयुक्त कार्यक्रम के तहत अगले तीन वर्षों में सेमिनार, सम्मेलन और पैनल चचाएं आयोजित की जाएंगी।उन्होंने कहा कि प्रतिनिधिमंडल ने सेंटर ऑफ एडवांस्ड स्टडी के पुस्तकालय और मौलाना आजाद पुस्तकालय में स्त्रोतों के प्रभावशाली संग्रह को देखा, जहां विश्वविद्यालय के पुस्तकालयाध्यक्ष प्रोफेसर निशात फातिमा ने उनका स्वागत किया और उन्हें दुर्लभ संग्रह अनुभाग का भ्रमण कराया।

# भारत के युवाओं का 'एकलव्य' जैसा अंगूठा काट रही भाजपा : राहुल गांधी



**नई दिल्ली ।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को भाजपा पर हमला बोला। उन्होंने भाजपा पर देश के युवाओं के भविष्य को मिटाने का आरोप लगाया है।
राहुल गांधी ने एक्स अकाउंट पर पोस्ट शेयर की। लिखा, भाजपा भारत के युवाओं का बिल्कुल एकलव्य जैसा अंगूठा काट रही है, उनका भविष्य मिटा रही है। सरकारी भर्ती में विफलता बड़ा अन्याय है। पहले तो भर्ती नहीं निकलती। भर्ती निकल जाए तो एग्जाम समय पर नहीं होते। एग्जाम हो तो पेपर लीक करवा दिए जाते हैं और जब युवा न्याय मांगते हैं, तब उनकी आवाज को बेरहमी से कुचला जाता है।
उन्होंने आगे कहा, हाल ही में यूपी और बिहार की घटनाओं के बाद अब मध्य प्रदेश में एमपीपीएससी में हुई गड़बड़ी का विरोध कर रहे दो छात्रों को जेल में डाल दिया गया है। वो भी तब जब मुख्यमंत्री ने खुद छात्रों से मुलाकात कर उनकी मांगों पर विचार करने का आश्वासन दिया था। बीजेपी की सरकार ने छात्रों के भरोसे को तोड़ा है और लोकतांत्रिक प्रणाली का गला घोंटा है। छात्रों के अधिकार की लड़ाई में हम उनके साथ हैं। भाजपा को देश के युवाओं के हक की आवाज किसी कीमत पर दबाने नहीं देंगे।
इससे पहले मध्य प्रदेश कांग्रेस ने एक्स अकाउंट से एक तस्वीर पोस्ट की, जिसमें कुछ शख्स जेल के बाहर खड़े दिखाई दे रहे हैं। एमपी कांग्रेस ने तस्वीर शेयर करते हुए लिखा, अराजकता और अन्याय मोहन सरकार की कार्यशैली के मुख्य अंग हैं। बाबा साहब के संविधान और लोकतंत्र से इन्हें सख्त नफरत है। एमपीपीएससी की अनियमितताओं और अपनी मांगों को लेकर लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन कर रहे छात्र राधे जाट और रजत को जेल भेजना मोहन सरकार के अन्याय की पराकाष्ठा है। मोहन सरकार इन पर लादे गए झूठे प्रकरण तुरंत वापस लें।

## डीएम ने स्वच्छता शुल्क के रूप में एकत्र धनराशि से अतिरिक्त कूड़ा संग्रहण वाहन क्रय करने के दिए निर्देश

# जिलाधिकारी ने छेरत सुड़ियाल में आरआरसी सेंटर का किया निरीक्षण

बुलन्द संदेश ब्यूरो




**अलीगढ़।** जिलाधिकारी विशाख जी द्वारा शुक्रवार को विकासखण्ड जवां की ग्राम पंचायत छेरत सुड़ियाल का स्थलीय भ्रमण कर आरआरसी सेंटर का निरीक्षण करने के साथ ही डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण कार्यों का जायजा लिया गया। इस दौरान उन्होंने सेंटर में कार्यरत सफाईकर्मियों से कूड़ा पृथ्थकरण एवं उसके बाजार में विक्रय संबंधी जानकारी की। उन्होंने पंचायत सेक्रेटरी एवं ग्राम प्रधान को आरआरसी सेंटर में दो अतिरिक्त सफाई कर्मियों की भी तैनाती करने के निर्देश दिए।निरीक्षण में पाया कि ग्राम में अब तक स्वच्छता शुल्क के रूप में लगभग 70 हजार रुपए की धनराशि एकत्र हुई है। एक कूड़ा संग्रहण वाहन के माध्यम से प्रतिदिन लगभग 205 घरों से कूड़ा संग्रहण का कार्य किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधान एवं पंचायत सेक्रेटरी को निर्देशित किया कि जमा धनराशि से एक और कूड़ा संग्रहण वाहन क्रय कर लिया जाए ताकि और अधिक परिवारों से कूड़ा संग्रहण किया जा सके। उन्होंने कहा के ग्राम पंचायत नगर निगम सीमा से सटी हुई है ऐसे में कचरे के निस्तारण के लिए नगर निगम से समन्वय स्थापित किया जाए। उन्होंने आरआरसी सेंटर को और अधिक प्रभावशाली बनाए जाने के निर्देश देते हुए कहा कि आरआरसी सेंटर को नियमित क्रियाशील रखा जाए ताकि ग्राम में दृश्यमान स्वच्छता स्थापित हो सके।निरीक्षण के दौरान सीडीओ प्रखर कुमार सिंह, एसडीएम कोल दिग्विजय सिंह, प्रभारी डीपीआरओ मोहम्मद राशिद उपस्थित रहे।

# कोर्ट स्टे के बाद भी रिटायर्ड अध्यापक की जमीन पर अवैध कब्जा कर रहे है दबंग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गांव ककराना का मामला , अध्यापक ने एसपी को शिकायती पत्र सौंप कोर्ट के आदेशों का अनुपालन कराने की मांग की**



**धौलाना (संजीव वशिष्ठ) ।** धौलाना के गांव ककराना में स्टे के बावजूद सेवानिवृत्त अध्यापक की जमीन पर गांव के ही दबंगों पर अवैध कब्जा करने के आरोप है । पीड़ित अध्यापक राजपाल राघव ने एसपी हापुड़ को सौंपे शिकायती पत्र बताया की उनका गांव के ही लोगों से जमीन को लेकर विवाद है । जिसका मामला ग्रामीण न्यायालय में विचाराधीन है । और माननीय न्यायालय ने अग्रिम आदेशों तक के लिए विवादित भूमि पर स्टे कर रखा है । बावजूद इसके ये दबंग लोग उनकी भूमि में गड्ढा खोद कर पानी की नाली बना रहे । अध्यापक के मुताबिक इन लोगों ने गड्ढा खोदा है वो सेवानिवृत्त अध्यापक के बने मकान के ठीक पीछे है । जिससे मकान के गिरने का भी खतरा बना हुआ है । और मकान गिरने की दहशत से अध्यापक का पूरा परिवार बुरी तरह भयभीत है । सेवानिवृत्त अध्यापक ने एसपी को सौंपे शिकायती पत्र में कोर्ट के आदेशों के अनुपालन कराए जाने की मांग की । वहीं धौलाना तहसीलदार प्रवेश कुमार ने बताया की मामले में जांच कराई जाएगी । कोर्ट के आदेश का अनुपालन निश्चित तौर पर कराया जाएगा । जांच के बाद ही स्थिति पता चलेगी।

# मुख्य विकास अधिकारी ने अधीनस्थ अधिकारियों के साथ मोदीनगर रोड स्थित बदनौली नाले का निरीक्षण किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**हापुड़।** जनपद के मुख्य विकास अधिकारी ने अधीनस्थ अधिकारियों के साथ मोदीनगर रोड स्थित बदनौली नाले का निरीक्षण कर, नाले की सफाई कराने के निर्देश दिये। आपको बता दें,कि मोदीनगर रोड़ स्थित बदनौली नाले की सफाई न होने के कारण फसल क्षतिग्रस्त होने के सम्बन्ध में 26 नवंबर को चौ0 पुष्पेन्द्र सिंह,ब्लॉक अध्यक्ष,भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) एवं अन्य ग्रामवासियों द्वारा अवगत कराया गया था, इस मामले में गत 30 दिसंबर को खण्ड विकास अधिकारी, अधिशासी अभियन्ता सिंचाई एवं अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद हापुड के साथ बैठक कर आवश्यक निर्देश दिये गये थे। शुक्रवार को पुनः ग्रामवासी प्रवीण व अन्य ग्रामवासियों द्वारा नाले की उक्त स्थिति के बारे में सीडीओ को अवगत कराया गया,जिसक संज्ञान में लेते हुए तत्काल सीडीओ हिमांशु गौतम ने हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण के प्रतिनिधि अवर अभियंता महेश उप्रेती व खण्ड विकास अधिकारी हापुड़ श्रुति के साथ मौके पर मुआयना किया गया तथा नाले की स्थिति को देखते हुए मौके पर ही प्रमोद कुमार अधिशासी अभियन्ता मध्य गंगनहर मेरठ खण्ड को शीघ्र विजिट कर विभागीय उच्चाधिकारियों के संज्ञान में लाते हुए नियमानुसार नाले की सफाई सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये गये।

# अब बाघ का पीछा करेंगी सुलोचना और डायना हथिनी, वन विभाग का नाटक खत्म, बाघ पकड़ने का असली अभियान शुरू

बुलन्द संदेश ब्यूरो







**लखनऊ (लेखराम मौर्य)।** बीते 1 महीने से अधिक समय से राजधानी के रहमान खेड़ा जंगल में अपना ठिकाना बना चुके बाघ को पकड़ने के लिए वन विभाग ने लखनऊ कानपुर शाहजहांपुर हरदोई सीतापुर लखीमपुर के डॉक्टर एवं एक्सपर्ट को बुलाकर बाघ को पकड़ने का जो प्रयास किया जा रहा था वह एक तरह से फिल्मी नाटक था क्योंकि बाघ दूसरी ओर जा रहा था और वन विभाग दूसरी ओर अपना खेल कर रहा था इसलिए कई बार बाघ न पिंजरे के पास आया और न ही मचान के पास आया। इस बीच बाग जंगल के अलावा आसपास के गांव में भी गया और कुछ गौवंशों का शिकार भी किया जिससे वन विभाग के अधिकारियों पर शासन का दबाव बढ़ने लगा और प्रमुख वन संरक्षक ने रहमान खेड़ा में बाघ पकड़ने के लिए लगी टीम के साथ मीटिंग की और जिम्मेदारों को कड़ी फटकार लगाई इसके बाद उनकी नींद टूटी और आज लखीमपुर खीरी के दुधवा टाइगर रिजर्व से दो हथिनी यहां लाई गई जिनके माध्यम से बाघ को पकड़ने का प्रयास शुरू किया गया है। हथिनी आने के बाद अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक लखनऊ मंडल रेणु सिंह ने रहमान खेड़ा फार्म का निरीक्षण किया और अतिशीघ्र बाघ को पकड़ने का निर्देश दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस सप्ताह बाघ कुछ नए गांवों तक पहुंचा जिसमें रामनगर, कुसमौरा, बहरू, के अलावा उल रापुर, हलुवापुर, मीठे नगर, हासिमपुर, मोहम्मद नगर रहमतनगर नईम बस्ती धनेवा, सहिलामऊ, बुधडिया, मंडौली, दुगौली, सहित कुछ अन्य गांव में दहशत का माहौल होने के कारण जगह-जगह गांव वालों को सजग रहने और जागरूक करने का प्रयास किया गया। डीएफओ शितांशु पांडे ने बताया कि बाघ को पकड़ने के लिए एनटीसीए की गाइडलाइन के हर संभव प्रयास किया जा रहा है उम्मीद है कि बाघ शीघ्र ही पकड़ लिया जाएगा।

## उद्घाटन | कार्यक्रम में 600 कलाकारों द्वारा विभिन्न विधाओं में किया जाएगा प्रतिभाग

# खेल मंत्री द्वारा तीन दिवसीय राज्य स्तरीय युवा उत्सव का उद्घाटन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ (लेखराम मौर्य) ।** युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल विभाग द्वारा तीन दिवसीय राज्य स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन 03 से 05 जनवरी, 2025 तक लखनऊ स्थित युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल मुख्यालय पर किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में प्रदेश के समस्त 18 मण्डलों के जनपदों से 600 विजयी कलाकारों द्वारा विभिन्न विधाओं यथा-लोकनृत्य, लोकगीत, साइंस मेला (सभी समूह/एकल), पोस्टर मेकिंग, कविता लेखन, फोटोग्राफी, सम्भाषण, कहानी लेखन एवं युवा कृति के अन्तर्गत हैण्डीक्राफ्ट, टेक्सटाईल एवं एग्रो प्रोडक्ट श्रेणी इत्यादि में प्रतिभाग किया जाएगा।
उत्सव का उद्घाटन आज खेल एवं युवा कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गिरीश चन्द्र यादव एवं प्रमुख सचिव, युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल, आलोक कुमार-2 द्वारा परिकल्प भवन, सिंचाई विभाग, तेलीबाग, लखनऊ में किया गया। इस दौरान सचिव/ महानिदेशक, युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल सुहास एल0वाई0 भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानन्द की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस दौरान जनपद उन्नाव के ध्रुपद गायक अक्षत शुक्ला द्वारा अपना गायन एवं प्रयागराज की टीम द्वारा धेड़िया नृत्य प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर खेल मंत्री द्वारा प्रदेश के कलाकारों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए मण्डल स्तरीय प्रतियोगिताओं के विजेता कलाकारों को बधाई एवं युवा कल्याण विभाग के प्रयास की सराहना की गई। सचिव एवं महानिदेशक, युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल, उत्तर प्रदेश सुहास एल0वाई0 द्वारा आए हुए कलाकारों को अपनी कला, अपनी प्रतिभा को अपने क्षेत्र के उच्चतम स्थान तक पहुंचाने हेतु संकल्पित करने का आह्वान किया गया। युवा महोत्सव 2025 के अन्तर्गत विकसित भारत चौलेंज के विभिन्न चरण-क्विज, निबन्ध लेखन, विजन पिच प्रेजेन्टेशन में लखनऊ विश्वविद्यालय के सहयोग से राज्य स्तर पर चयनित युवा विकसित भारत युवा नेता संवाद में नई दिल्ली में राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। राज्य स्तरीय युवा उत्सव के घटकों यथा-जीवन कौशल, सांस्कृतिक, थीमैटिक एवं युवाकृति के विजेता कलाकार स्वामी विवेकानन्द की जयन्ती दिनांक 12 जनवरी, 2025 को भारत मण्डपम, नई दिल्ली में आयोजित किए जा रहे 28वें राष्ट्रीय युवा उत्सव में प्रतिभाग करेंगे। इस दौरान ही उन्हें प्रधानमंत्री से संवाद करने का अवसर प्राप्त होगा।
इस अवसर पर प्रदेश के समस्त मंडलों के प्रतिभागियों के साथ-साथ युवा कल्याण विभाग के संयुक्त निदेशक अशोक कुमार कनौजिया, उप निदेशक अजात शत्रु शाही, मेघना सोनकर, संजय सिंह, अजय कुमार त्रिवेदी, विवेक चंद्र श्रीवास्तव, आदित्य कुमार, मनोज कुमार एवं प्रदेश के जनपदों के जिला युवा कल्याण अधिकारी एवं क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी मौजूद रहे।

# सेनानी परिवार के संरक्षक विकास शर्मा बने

**अलीगढ।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार वेलफेयर समिति के संरक्षक विकास शर्मा सन ऑफ स्वर्गीय सत्य प्रकाश शर्मा निवासी मानसिंह की सराय आगरा रोड अलीगढ़ बने इनके बनने से संगठन में वृद्धि होगी तथा सेनानी परिवार की मांगों को शासन एवं प्रशासन में अवगत कराया जाएगा इनके बनने पर हर्ष व्यक्त किया सत्यदेव शर्मा पवन सेठ रविंद्र कुमार शर्मा एडवोकेट सुभाष चंद्र वर्मा अजीत किशोर गुप्ता राजेश कुमार शर्मा मुख्तार सलीम मनोज बंसल एस के श्रीवास्तव कमलेंद्र बांसुरी रमेश चैहान मयंक सिंह दीपक पाठक एडवोकेट आदि थे।

# खड़े कंटेनर से भिड़ी पिकअप, दो की मौत

**अलीगढ़।** जिले में यमुना एक्सप्रेसवे के 44 किलोमीटर प्वाइंट पर खड़े कंटेनर में मैक्स पिकअप ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में मैक्स पिकअप चालक समेत दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलसि ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं मृतकों के परजिनों को जानकारी दी गई है। टप्पल में यमुनाएक्सप्रेसवे के 44 किलोमीटरप्वाइंट पर खड़े कंटेनर में मैक्स पिकअप ने टक्कर मार दी। हादसे में मैक्स पिकअप चालक समेत दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलसि ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी एंव एडिटर इन चीफ प्रदीप कुमार अग्रवाल , ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, 9810113170, 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267